CMYK

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 12 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 221 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




महाभारत सर्किट के विकास के लिए दो करोड़ का बजट स्वीकृत पेज 2




सम्राट राणा ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक खेल टाइम्स



बिहार में चुनाव और दिल्ली में विस्फोट सम्पादकीय



इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लास्ट में 12 की मौत, 36 लोग घायल पेज 12

# 16 एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए सरकार

पटना/नई दिल्ली, वार्ता

**बिहार चुनाव** के एग्जिट पोल में एनडीए की बड़ी बढ़त के संकेत मिले हैं। 16 एजेंसियों के पोल ऑफ पोल्स में एनडीए को 154 सीटें मिलने का अनुमान है। महागठबंधन 83 सीटों पर सिमटता दिख रहा है, जबकि अन्य के खाते में 5 सीटें जा सकती हैं। पहली बार चुनाव में उतरी प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बेअसर नजर आ रही है। उसे 3-5 सीटें मिलने का अनुमान है।

पिछले चुनाव में एनडीए को 125, महागठबंधन को 110 और अन्य को 8 सीटें मिली थीं। यानी इस बार एनडीए को करीब 29 सीटों का फायदा, जबकि महागठबंधन को 28 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। राज्य में 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हुआ। पहले फेज में 121 सीटों पर 65 फीसदी वोटिंग हुई है। वहीं दूसरी फेज में रिकॉर्ड 68.5 फीसदी मतदान हुआ है। रिजल्ट 14 नवम्बर को आएगा। पिछले 3 विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020) के एग्जिट -**शेष पृष्ठ दो पर**

- **154 सीटों के साथ एनडीए को बहुमत, महागठबंधन 83 सीटों पर सिमट रहा, पीके की जन सुराज बेअसर**
- **पिछले दो चुनावों में गलत साबित हुए थे एग्जिट पोल, बिहार में एग्जिट पोल पूरी तरह भरोसेमंद नहीं रहे**





### आजादी के बाद पहली बार 68.55% मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर बंपर वोटिंग हुई है। शाम पांच बजे तक ही मतदाताओं ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। मतदान खत्म होने के बाद 68.55 फीसदी वोटिंग हुई। आजादी के बाद पहली बार इतना मतदान हुआ है। गया के नक्सल प्रभावित इलाके में भी सफल मतदान संपन्न हुआ। एक समय यहां नक्सल दस्ते की सक्रियता इतनी थी कि वर्ष 2016 में डुमरी नाला ब्लास्ट में 10 कोबरा जवान शहीद हुए थे। लेकिन अब यह इलाका नक्सल मुक्त घोषित किया जा चुका है। इस क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर उल्लेखनीय मतदान हुआ।

### दिल्ली में ग्रैप-3 लागू, 5वीं तक के स्कूल होंगे ऑनलाइन/ऑफलाइन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ग्रैप- 3 लागू होने के बाद दिल्ली में पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों को ऑनलाइन/ऑफलाइन करने का निर्णय लिया है। सीएक्यूएम ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर ग्रैप- 3 लागू कर दिया है। सीएक्यूएम ने कहा कि राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकने के प्रयास में ग्रैप-3 के सभी उपायों को तुरंत लागू करने का फैसला किया है। दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने सीएक्यूएम के आदेश का हवाला देते हुए 5वीं कक्षा के स्कूलों को ऑनलाइन/ऑफलाइन रूप से संचालित करने का निर्णय लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आजम खां भड़काऊ भाषण केस में बरी नहीं मिल पाए साक्ष्य

**रामपुर।** सिविल लाइंस थाने में छह साल पहले सपा नेता आजम खां पर दर्ज भड़काऊ भाषण के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। मंगलवार को हुई सुनवाई में साक्ष्य के अभाव में आजम खां को बरी कर दिया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन एसडीएम सदर पीपी तिवारी की ओर से सपा नेता आजम खां के खिलाफ भड़काऊ भाषण का मामला दर्ज कराया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। इस मामले में अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से अंतिम बहस पूरी हो चुकी थी। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के लिए सपा नेता आजम खां दोपहर में कोर्ट पहुंचे, जहां पर मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट शोभित बंसल ने साक्ष्य के अभाव में सपा नेता को बरी कर दिया।

### बीजापुर में मुठभेड़ छह माओवादी ढेर हथियार बरामद

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुबह 10 बजे से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ हुई। जानकारी के अनुसार अब तक 6 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मौके से ऑटोमैटिक हथियार, इंसॉस राइफल, स्टेनगन, .303 राइफल, विस्फोटक सामग्री सहित भारी मात्रा में माओवादी सामग्री भी जब्त की गई है। माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार सुबह सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादियों से मुठभेड़ शुरू हुई, जो सुबह 10 बजे से रुक-रुक कर जारी है।

### दिल्ली कार धमाके के बाद पाकिस्तानी वायुसेना अलर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके के बाद पाकिस्तान ने घबराहट में राजस्थान से लगी सीमा पर वायु सेना की पेट्रोलिंग शुरू करा दी। उसकी तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक इमरजेंसी बैठक की। पीएम शहबाज शरीफ भी एनएसए और डीजी आईएसआई के साथ देर रात तक बैठकें करते रहे। इसी बीच जैसलमेर के बाड़मेर में सेना का युद्धाभ्यास ऑपरेशन त्रिशूल चल रहा है। इसमें पाकिस्तानी सीमा के पास हाईवे पर जगुआर फाइटर जेट उतारा गया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है।

### तमिलनाडु- बंगाल में SIR, सुप्रीम कोर्ट ने ईसी से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चुनाव आयोग (ईसी) से अलग-अलग जवाब मांगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईसी से दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। दोनों राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ डीएमके, सीपीआई (एम), पश्चिम बंगाल कांग्रेस इकाई और टीएमसी नेताओं ने याचिकाएं दाखिल की थीं। कोर्ट ने तमिलनाडु में एसआईआर का समर्थन करने वाली एआईएडीएमके पार्टी की याचिका को भी सुनवाई में शामिल करने की परमिशन दी।

# डा.उमर का दोस्त डा. सज्जाद गिरफ्तार

## करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंपी जांच, मृतक संख्या बढ़कर 12 हुई, दो महिलाएं भी शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम हुए कार ब्लास्ट की जांच करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंप दी गई। इस बीच ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 12 हो गई। इनमें 2 महिलाएं हैं। 20 घायलों का इलाज जारी है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम करीब 6.52 बजे हुए ब्लास्ट में जिस सफेद आई-20 कार का इस्तेमाल हुआ, उसका सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया। मेट्रो स्टेशन की पार्किंग से निकल रही कार में काला मास्क पहने एक शख्स बैठा दिखाई दिया।

पुलिस के मुताबिक कार में बैठे शख्स का नाम डा. मोहम्मद उमर नबी है। वह पुलवामा का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उसने विस्फोटकों से खुद को उड़ा लिया था। उसके डीएनए टेस्ट के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा में उसके माता-पिता और दो भाइयों को हिरासत में लिया है। पुलवामा से ही उमर के दोस्त डा. सज्जाद को भी हिरासत में लिया गया। उसकी एक दिन पहले ही शादी हुई है। इधर हरियाणा के फरीदाबाद से एक महिला डा. शाहीन शाहिद की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक शाहीन भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग जमात-उल-मोमीनात की हेड थी। पाकिस्तान में आतंकी अजहर मसूद की बहन सादिया इसकी चीफ है। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीमों ने ब्लास्ट वाली जगह से सबूत जुटाए हैं। यहां से कई सैंपल लिए गए हैं। ब्लास्ट के वाहनों के हिस्से कई मीटर दूर जाकर गिरे थे। ब्लास्ट की तीव्रता इतनी तेज थी कि धमाके वाली जगह से काफी दूर खड़ी एक कार के दोनों एयर बैग ऑटोमैटिक खुल गए थे। कार की विंडशील्ड भी क्षतिग्रस्त हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लालकिले के पास ब्लास्ट को अंजाम देने वाला डा. मोहम्मद उमर नबी 3 दिन से अंडरग्राउंड था। तब से उसे पता चला था कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में डा. मुजम्मिल को गिरफ्तार किया है। तब से ही वो गायब था। उसने अपना मोबाइल भी ऑफ कर लिया था। परिवार से भी उसका कोई संपर्क नहीं हुआ था। दिल्ली विस्फोट के बाद उत्तर प्रदेश के बहराइच में भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इंडो-नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। दिल्ली में बम ब्लास्ट के बाद राजस्थान में भारत- पाकिस्तान बॉर्डर से सटे सीमावर्ती जिलों में बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) ने चौकसी बढ़ा दी है।

### दिल्ली ब्लास्ट: डीएनए टेस्ट के लिए भाई व मां-बाप हिरासत में, फरीदाबाद से डा. शाहीन जैश महिला विंग की हेड गिरफ्तार



### सीसीटीवी में पुलवामा का डाक्टर कार चलाते दिखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सफेद रंग की जिस हुंडई आई-20 कार में धमाका हुआ, उसका एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में काले रंग का मास्क पहने एक शख्स पार्किंग एरिया से कार लेकर निकलता दिखाई दिया।

सूत्रों के अनुसार, कार में बैठे संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा पेशे से डा. मोहम्मद उमर नबी से मेल खाता है। डाक्टर उमर पुलवामा का रहने वाला है। उस पर जैश-ए-मोहम्मद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े होने का आरोप है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है वह फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था।

- **दावा: फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था, तीन डाक्टरों की गिरफ्तारी के बाद किया धमाका**

### दिल्ली धमाके में यूपी के पांच लोगों की मौत

**लखनऊ।** लालकिला मेट्रो स्टेशन के नजदीक कार में हुए धमाके में 12 लोगों की मौत हुई, जिसमें से पांच लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। इन पांच लोगों में दो अमरोहा जिले के अशोक, लोकेश, मेरठ के मोहसिन, श्रावस्ती के दिनेश और शामली के नोमान हैं। शामली के झिंझाना निवासी 22 वर्षीय नोमान अंसारी कस्बे में कास्मेटिक की दुकान करता था। सोमवार शाम वह अमन के साथ सामान खरीदने दिल्ली गया था। पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के बाद वहां से निकल रहे थे कि इस दौरान तेज धमाका हुआ, जिसमें नोमान की मौत हो गई, जबकि उसका भाई अमन गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर सीओ कैराना, झिंझाना पुलिस भी नोमान के घर पहुंची और मामले की जानकारी ली। वहीं, मेरठ के न्यू इस्लामनगर गली नंबर-28 निवासी मोहसिन पुत्र रफीक दो साल पहले पत्नी सुलताना दो बच्चों के साथ दिल्ली में जामा मस्जिद स्थित पत्ता मोहल्ले में किराये के मकान में रहता था। रोजाना की यह सोमवार को ई रिक्शा चलाने के लिए गया था। शाम को एक कार में धमका हुआ, जिसकी चपेट में मोहसिन भी आ गया था और उसकी मौत हो गई। मोहसिन के भाई का कहना है कि करीब तीन घंटे तक तलाश के बाद भाई का शव मिला। अमरोहा के हसनपुर निवासी खाद विक्रेता लोकेश अग्रवाल अपनी समधन शशि अग्रवाल का कुशलक्षेम जानने दिल्ली पहुंचे थे।

# दिल्ली धमाके के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी

**थिम्फू।** भूटान के दो दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया और साथ ही ये भी कहा कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विस्फोट की घटना को साजिश करार दिया।

उन्होंने ये भी कहा कि वे बीती रात जांच एजेंसियों के संपर्क में रहे और धमाके से जुड़ी जानकारी लेते रहे। सोमवार शाम दिल्ली में बम धमाका हुआ और पीएम मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह भूटान पहुंचे। यहीं उन्होंने दिल्ली विस्फोट की घटना पर बयान दिया। पीएम मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। सोमवार शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं सोमवार रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।



- **इसकी तह तक जाएंगे, भूटान में बोले प्रधानमंत्री**

### दिल्ली ब्लास्ट की जांच तीन एंगल पर कर रही पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धमाके से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आने के बाद पुलिस की जांच 3 एंगल (डा. उमर के मूवमेंट, फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल और विस्फोटक) पर फोकस हो गई है। दरअसल, ब्लास्ट में जिस सफेद आई-20 कार का इस्तेमाल हुआ था, उसके एक सीसीटीवी फुटेज में डा. मो. उमर नबी नजर आया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उमर ने आत्मघाती धमाका किया। विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया था। दिल्ली में धमाके से एक दिन पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में एक आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 3 तीन डाक्टरों सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 2,900ाह विस्फोटक बरामद हुआ था।

# निठारी कांड का दोषी सुरेंद्र कोली बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** निठारी हत्याकांड के दोषी ठहराए गए सुरेंद्र कोली को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को उच्चतम न्यायालय ने कोली की क्यूरेटिव याचिका स्वीकार कर ली, जिसके बाद अब वह जेल से बाहर आ सकेगा, क्योंकि बाकी सभी मामलों में वह पहले ही बरी हो चुका है।

यह आदेश मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने दिया, जिसने कोली की याचिका पर खुले कोर्ट में सुनवाई की थी। अदालत ने कोली की सजा को रद्द करते हुए कहा कि अगर वह किसी और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। यह फैसला उन परिवारों और कानूनी हलकों के लिए अहम है, जो पिछले 18 वर्षों से इस मामले पर नजर रखे हुए थे। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष सुरेंद्र कोली के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय सबूत पेश नहीं कर पाया। अदालत ने माना कि जांच के दौरान कई गंभीर प्रक्रियागत खामियां रहीं, जिसके चलते दोषसिद्धि बरकरार नहीं रखी जा सकती। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि किसी व्यक्ति को सिर्फ परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उम्रकैद या फांसी नहीं दी जा सकती, जब तक कि आरोप बिना किसी संदेह के साबित न हों। सुरेंद्र कोली 2006 के नोएडा निठारी कांड में मुख्य आरोपी था। उस वक्त निठारी गांव में बच्चों के गायब होने और फिर उनके शवों के मिलने से पूरे देश में सनसनी फैल गई थी।



- **सुप्रीम कोर्ट ने कोली की क्यूरेटिव याचिका स्वीकारी, 18 साल बाद रिहाई का रास्ता हुआ साफ**

# ट्रम्प भारत पर धीरे-धीरे टैरिफ घटाएंगे

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि भारत और अमेरिका एक नए व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत पर लगे टैरिफ को धीरे-धीरे कम करेगा।

यह बयान भारत में नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ओवल आफिस में दिया गया। ट्रम्प ने कहा कि वे मुझसे अभी प्यार नहीं करते, लेकिन वे मुझसे फिर प्यार करेंगे। हमें एक अच्छा सौदा मिल रहा है। भारत पर टैरिफ कम करने के सवाल पर ट्रम्प ने कहा कि भारत पर ऊंचे टैरिफ रूसी तेल खरीदने की वजह से लगाए गए थे, लेकिन अब भारत ने रूसी तेल की खरीद बहुत कम कर दी है। उन्होंने कहा कि हां, हम टैरिफ कम करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है, दुनिया का सबसे बड़ा देश है और इसकी आबादी 1.5 अरब से ज्यादा है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारे शानदार संबंध हैं और सर्जियो ने इसे और बढ़ाया है। ट्रम्प ने आगे कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला वर्ग भी है, और यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक सुरक्षा साझेदार है। राजदूत के रूप में सर्जियो हमारे देश के बंधन को मजबूत करने, प्रमुख अमेरिकी उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देने, अमेरिकी ऊर्जा निर्यात को बढ़ाने और हमारे सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने के लिए काम करेंगे। भारत के कामर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 5 नवम्बर को कहा था कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। हालांकि उन्होंने कहा था कि कुछ संवेदनशील मुद्दे अभी बाकी हैं, इसलिए समय लग रहा है। फरवरी 2025 में शुरू हुए इस समझौते का लक्ष्य है कि 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 191 अरब डॉलर से बढ़कर 500 अरब डॉलर हो जाए।

- **कहा: नई ट्रेड डील जल्द, भारतीयों को मुझसे अभी प्यार नहीं, लेकिन फिर से करने लगेंगे, मोदी के साथ मेरे शानदार संबंध**



## संक्षिप्त समाचार

### महाभारत सर्किट के विकास को दो करोड़ का बजट स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महाभारत सर्किट के अंतर्गत मेरठ जिला स्थित परीक्षितगढ़ के श्रृंगी ऋषि आश्रम के समेकित पर्यटन विकास की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस परियोजना के लिए दो करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। श्रृंगी ऋषि आश्रम के संबंध में यह मान्यता है कि यहीं से कलियुग की शुरुआत हुई थी। महाभारत काल की कई प्रमुख घटनाएं इसी क्षेत्र से जुड़ी मानी जाती हैं। यह स्थल ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेरठ के इस प्राचीन स्थल पर ऋषि श्रृंगी और ऋषि शमीक की प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो पर्यटकों में विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।

### चीनी उत्पादन में दर्ज हो सकती है दो प्रतिशत की बढ़ोतरी

**लखनऊ।** गन्ने के रकबे में मामूली गिरावट के बावजूद उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है। भारतीय चीनी मिल संघ के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 2025-26 में राज्य में चीनी उत्पादन में करीब दो प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक हालांकि यह वृद्धि यूपी को देश का शीर्ष उत्पादक राज्य बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं होगी, क्योंकि महाराष्ट्र में उत्पादन में भारी उछाल का अनुमान लगाया गया है। आईएसएमए ने देशभर में चीनी उत्पादन में 18-5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 39 प्रतिशत तक बढ़ सकता है, जो पिछले साल की तुलना में जयादा है।

# लेसा में 5600 पद खत्म योगी से हस्तक्षेप की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ की बिजली व्यवस्था को बचाने के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, यूपी के केंद्रीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।

समिति ने आरोप लगाया है कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर लेसा (लखनऊ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन) में 5606 पद समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे सभी वर्गों के बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि प्रबंधन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, लेसा में कुल 5606 पद खत्म किए गए हैं, जिनमें 3305 संविदा कर्मियों

**■ रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर समाप्त कर दिए पद**

और 2301 नियमित कर्मचारियों के पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर यह कदम निजीकरण की तैयारी जैसा है, जो राजधानी की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतार देगा। उन्होंने कहा कि इस आदेश का सबसे बड़ा असर संविदा कर्मियों पर पड़ा है। 15 मई 2017 के शासनादेश के अनुसार शहरी क्षेत्र के प्रत्येक विद्युत उपकेंद्र पर 36 कर्मचारी होने चाहिए, जबकि लखनऊ में 154 उपकेंद्र हैं। इस आधार पर 5544 संविदा कर्मियों की आवश्यकता है, लेकिन नई व्यवस्था में यह संख्या घटाकर केवल 2239 कर दी गई है।

### शाह इस्तीफा देकर घर चले जाएं: राय

**लखनऊ।** दिल्ली के लाल किले के सामने हुए धमाके के बाद यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि वो तो कहते हैं कि कोई घुसपैठिया नहीं घुस रहा, तो ये घटनाएं कैसे हो रही हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में हमारे बच्चों की हत्या कर दी गई। वो देख रहे हैं कि क्या हो रहा है, फिर भी कहते रहते हैं कि वो सब ठीक कर देंगे। इससे पहले 2019 के चुनावों से ठीक पहले पुलवामा में घटना हुई थी, इस हमले की भी कोई जांच नहीं हुई। पूरा देश तनाव में है, कई निर्दोष लोग मारे गए हैं। अब इस घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा? इसके लिए सीधे तौर पर अमित शाह जिम्मेदार हैं, उन्हें तुरंत इस्तीफा देकर घर जाना चाहिए। ये सीधे तौर पर सरकार की विफलता है।

# दिल्ली धमाकाः सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न

## लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की घटना अति-दुखद : मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट की घटना को अत्यंत दुखद और निंदनीय बताया है।

उन्होंने कहा कि यह घटना देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। मायावती ने इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से घायलों के समुचित इलाज और पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद की मांग की है। मंगलवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मायावती ने पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा राज्यों में पार्टी संगठन की समीक्षा बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर पार्टी के जनाधार के विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मायावती ने कहा कि इन राज्यों में गरीब, किसान और आम जनता की स्थिति चिंताजनक है। भाजपा शासित प्रदेशों में लोगों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जिससे साबित होता है कि सरकारें बदलने से भी जनता की स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बीएसपी अपने सिद्धांतों और डा. भीमराव अंबेडकर के मिशन पर अडिग है और समाज के कमजोर वर्गों, गरीबों और किसानों की आवाज उठाती रहेगी। मायावती ने बताया कि आगामी छह दिसम्बर को पार्टी डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। जो देशभर में समान रूप से मनाया जाएगा, ताकि समाज में समानता और बंधुत्व के मूल्यों को सशक्त किया जा सके। मायावती ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दें और संविधान की भावना के अनुरूप देश सेवा में समर्पित रहें।

### बम धमाके की घटना दुखदः फारूक

**श्रीनगर।** मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार शाम दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार बम विस्फोट पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मीरवाइज ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में हुए कार बम विस्फोट से दुखी हूं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए।' शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। ईश्वर इस त्रासदी के सभी पीड़ितों को धैर्य प्रदान करें।

## बाराबंकी में परियोजनाओं के शिलान्यास पर बोले योगी

# वंदे मातरम के विरोधियों को पहचानें

बाराबंकी, वार्ता

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाराबंकी के फतेहपुर तहसील क्षेत्र के झांसापुरवा गांव पहुंचे। यहां सीएम योगी ने 1734 करोड़ रुपये की 254 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जिले को बड़ी सौगात दी।

सीएम ने कहा कि आज भी कुछ लोग हैं, जो रहेंगे हिंदुस्तान में, खाएंगे हिंदुस्तान में, लेकिन वंदे मातरमनहीं गाएंगे, हम उनकी मंशा को समझें। जो लोग वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से



पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, फिर जनसभा स्थल पर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार काशी विश्वनाथ की तर्ज पर महादेवा कॉरिडोर बनाने का कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि जो लोग वंदे मातरम का विरोध करते हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए इस देश में कोई स्थान नहीं होना चाहिए. जो योजनाओं के लाभ लेने के लिए पहली लाइन में खड़े होते हैं, वही वंदे मातरम गाने से इन्कार करते हैं। हमें ऐसे चेहरों को पहचानने की जरूरत है। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सभी धर्मस्थलों के विकास के लिए कार्य कर रही है।

### पटेल ने रियासतों को एकसूत्र में बांधा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ओर भारत की अखंडता के शिल्पकार सरदार पटेल की जयंती के 150 वर्ष पूरे हुए हैं, वहीं वंदे मातरम गीत की रचना के भी 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की एकता को अंग्रेजों ने तोड़ने की साजिश रची थी, लेकिन सरदार पटेल की सूझबूझ से देश की रियासतें एक धागे में बंध सकीं।

### राष्ट्रीय एकता के लिए एकजुट हों

सीएम ने कहा कि बाराबंकी के प्रगतिशील किसान इतिहास रच रहे हैं, औद्योगिक विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने केडी सिंह बाबू की हवेली को म्यूजियम के रूप में विकसित करने की जानकारी दी। सीएम योगी ने आगे कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए सबको अपने मनमुटाव छोड़कर एकजुट होना होगा, जब देश एक होगा, तभी विकास की गति और तीव्र होगी।

### जल पुरस्कार घोषित, राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय में राष्ट्रीय जल पुरस्कार तथा जल संचयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए 2024 के पुरस्कारों की घोषणा की है। जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील ने इन पुरस्कारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवम्बर को राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में विजेताओं को एक समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि इस वर्ष, राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के साथ-साथ, जल संचय जन भागीदारी के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान करेंगी। जल संचय के क्षेत्र में पुरस्कारों का पहला संस्करण है। मंत्रालय का मानना है कि पुरस्कार विजेताओं के प्रयास नागरिकों को जल संरक्षण और प्रबंधन में योगदान देने के लिए और प्रोत्साहित करेंगे।

# बिहार चुनाव में भाजपा हार की ओर : अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले चरण के मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा बिहार में चुनाव हार रही है।

मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में लगभग आधा मतदान हुआ था, जिसमें जनता ने अपना रुख साफ कर दिया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन बहुमत से आगे निकल जाएगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी विभाजन की राजनीति के खिलाफ है और वह एकजुटता, विकास और समावेशी सोच की

**■ दिल्ली धमाके की जांच सामने आनी चाहिए**

राजनीति करती है। उन्होंने बताया कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जुड़वाने और संगठन को मजबूत करने का काम करें। दिल्ली विस्फोट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जांच का भरोसा दिया है, अब पूरे देश को इंतजार है कि सच्चाई सामने आए।



सेंसेक्स 83535.35
निफ्टी 25574.35



सोना रु. 122494
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 150660
प्रति किलो



# ट्रम्प के बयान से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत के साथ व्यापार समझौता जल्द होने के बयान से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

शुरुआती कारोबार में गिरावट में रहने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 335.97 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत उछलकर 25,694.95 अंक पर पहुंच गया। आईटी और ऑटो सेक्टरों में सबसे अधिक लिवाली देखी गई। धातु, एफएमसीजी और निजी बैंकों के समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। वित्तीय सेवाओं, सार्वजनिक बैंकों और रियलिटी सेक्टरों के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत और



अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। हालांकि छोटी कंपनियों में निवेशक बिकवाल रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.58 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.21 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में जिन 3,203 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही उनमें 1,562 में गिरावट और 1,561 में तेजी रही। वहीं, 80 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयरों में तेजी और शेष छह में गिरावट रही। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 2.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.40 फीसदी, अडानी पोर्ट्स का 2.11 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.89 प्रतिशत चढ़ा।

इटरनल का शेयर 1.44 फीसदी, इंफोसिस का 1.06, भारती एयरटेल का 1.06 और सनफार्मा का 1.01 प्रतिशत मजबूत हुआ। एलएंडटी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, अल्ट्राटेक सीमेंट ट्रेंट, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.39 प्रतिशत टूट गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.18 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.11 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.83 प्रतिशत की बढ़त में था।

### सोना 1.24 लाख प्रति 10 ग्राम , चांदी भी महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को बढ़त देखी गई । इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,688 रुपए बढ़कर 1,24,129 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी 3,117 रुपए बढ़कर 1,54,760 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई है।

इस साल अब तक सोने की कीमत 47,967 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,129 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 68,743 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,54,760 रुपए प्रति किलो हो गई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में सोने के दामों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। हालांकि शादियों का सीजन चालू हो चुका है इससे सोने को सपोर्ट मिलेगा। इससे आने वाले दिनों में इसकी कीमत फिर एक बार 1.25 लाख रुपए तक जा सकती है। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# अमेरिका में 15 प्रतिशत घटी भारतीय कपड़ों की मांग

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर अगस्त में दो बार में उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के कारण जुलाई-सितम्बर की तिमाही में कपड़ों के निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि पिछली तिमाही जुलाई-सितम्बर में अमेरिका को किया जाने वाला कपड़ा निर्यात 15 प्रतिशत घटा है। अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में इसमें और गिरावट की आशंका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनवरी तक अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता हो जाएगा और भारत की बाजार हिस्सेदारी पहले की तरह कायम रहेगी। यूरोपीय बाजार के बारे में श्री डोढ़िया ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता द्धएफटीएऋ पर बात चल रही है। यह समझौता होने के बाद भारतीय उत्पाद बांग्लादेश के उत्पादों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। इसके साथ ही बांग्लादेश में जारी राजनीतिक अशांति का लाभ भी भारत को मिलेगा और कुल मिलाकर 20 से 25 प्रतिशत मांग बांग्लादेश से भारत की तरफ स्थानांतरित होने की उम्मीद है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कपड़ों पर करों में कमी के बारे में उन्होंने कहा कि

**■ भारत टेक्स ट्रेड के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने दी जानकारी**

कपड़ा उद्योग के लिए जीएसटी के दो पहलू हैं - एक है कपास और दूसरा मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ)।

### भारत मंडपम में होगा भारत टेक्स 2026 का आयोजन

**नई दिल्ली।** वैश्विक टेक्सटाइल प्रदर्शनी 'भारत टेक्स 2026' का आयोजन अगले साल जुलाई में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा। प्रदर्शनी के आयोजक भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि 'भारत टेक्स 2026 का आयोजन 14 से 17 जुलाई तक होगा। यह इसका तीसरा संस्करण होगा। उन्होने बताया कि इस आयोजन का सबसे बड़ा कार्यक्रम वैश्विक टेक्सटाइल परिचर्चा 2026 जिसमें अन्य लोगों के साथ उद्योग के शीर्ष अधिकारी, नीति निर्माता और सतत विकास के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**16 एग्जिट...**

पोल्स के रुझान बताते हैं कि सर्वे एजेंसियां वोटर्स का मूड ठीक से पकड़ नहीं पाईं। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने एनडीए यानी भाजपा+ को बढ़त दी थी, जबकि नतीजों में महागठबंधन (राजद-जेडीयू-कांग्रेस) ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं, 2020 में तस्वीर उलटी रही। इस बार कई एजेंसियों ने महागठबंधन की जीत का अनुमान लगाया, लेकिन परिणामों में एनडीए ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई। यानी ज्यादातर पोल्स फिर गलत साबित हुए। सर्वे में एनडीए को 145-160 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, महागठबंधन को 73-91 और अन्य को 5-10 सीटें मिलने का अनुमान है। इस पोल के मुताबिक, बीजेपी को 72-82 सीटें, जेडीयू को 59-68 सीटें, एलजेपी को 4-5 सीटें और हम 5-5 सीटें मिल सकती हैं। महागठबंधन में आरजेडी को 51-63, कांग्रेस को 12-15, सीपीआईएमएल को 6-9, वीआईपी को 0, सीपीआई को 2, सीपीएम को 1, आईआईपी को 0-1 सीटें मिलने का अनुमान है। चाणक्य के एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए को 130-138 सीटें दी गई हैं। महागठबंधन को 100 से 108 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। अन्य को 3 से 5 सीटें मिल सकती हैं। पीपुल पल्स के एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए की सरकार बनती नजर आ रही है। यहां इसे 133 से 159 सीटें मिलती दिख रही हैं। महागठबंधन 75-101 सीटों पर सिमटता नजर आ रहा है। अन्य को 2 से 13 सीटें मिल सकती हैं। बिहार में एग्जिट-पोल्स पूरी तरह भरोसेमंद कभी नहीं रहे। सीटों को लेकर हर बार इनका गणित बिगड़ा है। हालांकि कुछ एग्जिट पोल में वोट प्रतिशत अनुमान करीब रहा है, लेकिन कितनी सीटें किस गठबंधन को मिलेंगी, ये बताने में नाकाम रहे। बिहार से बाहर काम करने वाले लाखों प्रवासी वोट देने के बाद लौटने की जल्दबाजी में होते हैं। ऐसे में उन्हें एग्जिट पोल सैंपल में शामिल करना मुश्किल होता है। बिहार में जातीय समीकरण जटिल है और एग्जिट पोलर्स अक्सर छोटे सैंपल साइज के कारण निचली जातियों के शिफ्ट को मिस कर देते हैं।

### पंडित नेहरू ने दोस्ती मजबूत करने को जानवरों से भूटान की यात्रा की थी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भूटान दौरे से प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 1958 की वह ऐतिहासिक यात्रा फिर केन्द्र बिन्दु में आ गई है जब पंडित नेहरू ने दोस्ती मजबूत करने के लिए जानवरों से भूटान की यात्रा की थी ।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 67 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूटान यात्रा की याद दिलाते हुए कहा कि उनकी पांच दिन तक चली 50 किलोमीटर की भूटान यात्रा अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी। यही यात्रा भारत और भूटान के बीच विशेष राजनयिक संबंधों की आधारशिला बनी।

# यूपी एससीआर में बनेगा नैमिष धाम विशेष कॉरिडोर

**लखनऊ।** यूपी की राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) परियोजना के तहत एक बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। अब नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक एक विशेष कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह कॉरिडोर दोनों प्रमुख तीर्थ स्थलों को सड़क और जलमार्ग से जोड़ेगा।

इससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में आसानी होगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से दी गई है। गौरतलब है कि नैमिष धाम सीतापुर जिले में स्थित है। यह हिंदू धर्म में बहुत पवित्र स्थान माना जाता है। यहां भगवान विष्णु का प्राचीन मंदिर है और वेदों की रचना यहीं हुई थी। हर साल

**■ सड़क व जलमार्ग से जुड़ेगा चंद्रिका देवी मंदिर**

लाखों यात्री यहां आते हैं। दूसरी ओर चंद्रिका देवी मंदिर लखनऊ शहर में है। यह मां दुर्गा का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। दोनों जगहों की दूरी करीब 100 किलोमीटर है। अभी तक नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक सड़क से जाना पड़ता है। ट्रैफिक और खराब रास्ते की वजह से मुश्किल होता है। इस कॉरिडोर की योजना बनाने के लिए सरकार ने एक कंसल्टेंट नियुक्त किया था। कंसल्टेंट ने विस्तृत प्लान तैयार किया, जिसमें सड़क और जलमार्ग दोनों को शामिल किया गया। सड़क मार्ग को चौड़ा और मजबूत बनाया जाएगा, हाईवे की तरह सुविधाएं होंगी, जैसे टोल फ्री रोड, सर्विस सेंटर और सुरक्षा व्यवस्था। जलमार्ग के लिए गोमती नदी का उपयोग होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि राज्य राजधानी क्षेत्र को लेकर अलग-अलग प्रस्ताव कंसलटेंट दे रहे हैं, जिसमें यह भी एक बड़ा प्रस्ताव है। अब जल्द ही नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक एक कॉरिडोर बनाने का काम शुरू हो जाएगा। यह कॉरिडोर लखनऊ को आसपास के जिलों से जोड़ेगा। इससे न सिर्फ धार्मिक महत्व बढ़ेगा, बल्कि आर्थिक विकास भी होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। पर्यटक ज्यादा आएंगे, तो व्यापार बढ़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार धार्मिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP हाशमी दवाखाना 9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल 08899787114 09808917010

Cipzer HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अज्ञात पदार्थ सुंघा कर की रॉबरी, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के मॉडल टाउन थाने के स्टाफ ने रॉबरी का मामला सुलझा कर तीन रॉबर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से दो सोने की चूड़ियाँ और एक सोने की अंगूठी बरामद की है।सभी आरोपी नौसिखिए अपराधी हैं और नशीले पदार्थों का सेवन करने के आदी हैं।

दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 6 नवबर को मॉडल टाउन-3, में रॉबरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी।

पुलिस मौके पर पहुँची जहाँ कॉलर और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद मिले। पूछताछ करने पर पता चला कि मुकेश उर्फ घ्घ्गोलू (28) नाम का एक लड़का पहले पीड़िता के घर पर काम करता था। आज शाम लगभग 4:10 बजे, आरोपी मुकेश उर्फ गोलू दो अन्य व्यक्तियों के साथ पीड़िता के घर काम करने आया। पीड़िता ने गेट खोला और वे अंदर काम करने लगे। अचानक उनमें से एक ने उसे कोई अज्ञात पदार्थ सुंघा दिया और वह बेहोश हो गई।

जब वह उठी, तो उसने पाया कि उसके सोने के कंगन और अंगूठी गायब थे और हाथ उसकी चुन्नी से बंधे थे। वह नीचे अपने भतीजे के पास आई और उसे घटना के बारे में बताया। इस संबंध में मॉडल टाउन थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी मॉडल टाउन सुरेश चंद्र की देखरेख में एसएचओ मॉडल टाउन अशोक गिरी के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने तकनीकी निगरानी और मैन्युअल जानकारी के आधार पर आदर्श नगर के डंप किए गए फ्लैट से मुकेश उर्फ विशाल उर्फ गोलू ,अमर उर्फ नेपाली (24) और गोविंद (24) को पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी मुकेश उर्फ विशाल उर्फ गोलू ने बताया कि वह बढ़ई का काम करता है और पहले पीड़िता के घर पर काम कर चुका है।

वहाँ काम करते समय, उसने देखा कि पीड़िता दिन के समय अकेली रहती थी जब उसके परिवार के सदस्य काम पर जाते थे। इस जानकारी का फायदा उठाकर उसने अपने साथियों अमर उर्फ नेपाली और गोविंद के साथ मिलकर रॉबरी की साजिश रच कर वारदात को अंजाम दे दिया।

## संदिग्ध की पहली तस्वीर आई सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास हुए धमाके को लेकर एक संदिग्ध की फोटो सामने आई है। प्राथमिक जांच से पुलिस इस नतीजे पर पहुंची है कि आई-20 कार (HR26CE7674) में केवल उमर ही था, जिसने सुसाइड बम बनकर ब्लास्ट किया। वह जम्मू-कश्मीर का रहने वाला है।पुलिस की जांच के अनुसार, यह कार दो बार बेची गई। अंतिम बार फरीदाबाद के रहने वाले किसी व्यक्ति से 10 दिन पहले उमर ने खरीदी थी। इस ब्लास्ट में फरीदाबाद और पुलवामा कनेक्शन की पुष्टि हो रही है।सूत्रों के अनुसार, कार चालक की पहचान डॉ. उमर उ नबी पुत्र नबी भट के रूप में हुई है। उसका जन्म 24 फरवरी 1989 को हुआ था और वह अल-फलाह मेडिकल कॉलेज, फरीदाबाद में कार्यरत था। वह मूल रूप से कोइल, पुलवामा (जम्मू-कश्मीर) का रहने वाला था। वह कथित तौर पर डॉ. आदिल का करीबी सहयोगी था, और दोनों कथित तौर पर एन्क्रिप्टेड टेलीग्राम चैनलों पर सक्रिय एक कट्टरपंथी डॉक्टरों के समूह का हिस्सा थे।

उमर ने श्रीनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज से एमडी मेडिसिन की पढ़ाई की। जीएमसी अनंतनाग में सीनियर रेजिडेंट के रूप में काम किया, फिर दिल्ली चला गया। आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के बीच सोमवार शाम राष्ट्रीय राजधानी में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी आइ-20 कार में विस्फोट हो गया। इसकी चपेट में आने से आसपास से गुजरने वाली छह गाड़ियों के परखचे उड़ गए और 20 से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

# हॉस्पिटल में अपनों को ढूढ़ती रहीं निगाहें, नहीं थे मदद के लिए इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाल किले के पास बम हादसे में अपनों को ढूढ़ते हुए लोग लो. कनायक अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में चीख-पुकार मची थी। कोई रोता हुआ अपने बेटे को खोज रहा था, तो कोई अपने भाई की तलाश में था। बम हादसे में घायल में किसी के सिर पर चोट तो किसी को क्षत-विक्षत हालत में उपचार के लिए लाया जा रहा था। कुछ लोग घटनास्थल से खुद ई रिक्शा पर सवार होकर उपचार के लिए पहुंचे।

वहीं अस्पताल में सुरक्षाकर्मी अपनों को खोजने के लिए आने वाले लोगों को इधर से उधर भटकाते हुए दिखे। आरोप है कि सुरक्षकर्मियों ने बदतमीजी भी की, जिसके बाद लोगों में नाराजगी दिखी।

मोहम्मद गुफरान अपने परिवार के साथ चेन्नै से अपने रिश्तेदार के यहां सीताराम बाजार इलाके में आए थे। उनका 27 वर्षीय बेटा सफान हादसे का शिकार हुआ है। वह कश्मीरी गेट ऑटो मोबाइल मार्केट में खरीदारी के लिए गए थे। वहां से वापस लौटने के दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। घायल होने की खुद दी सूचना : एक अन्य घायल पीड़ित दाऊद के बहनोई जीशान अंसारी ने बताया कि घटना के बाद उसने खुद मुझे फोन किया था। हम तुरंत यहां पहुंचे, लेकिन उसे भर्ती किया गया है। विस्फोट में घायल ऑटो-रिक्शा चालक समीर खान के चचेरे भाई मोहम्मद दानिश ने कहा कि उन्हें एक अजनबी के फोन से यह खबर मिली। दानिश ने कहा समीर के करीबी ने फोन करने में मदद की। शाहदरा के रोहतास नगर निवासी सुधीर शर्मा ने बताया कि उनका बेटा अंकुश शर्मा विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गया है और आईसीयू में है। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा अपने दोस्त राहुल कौशिक के साथ गौरी शंकर मंदिर दर्शन करने आया था। राहुल के सिर में चोटें आईं। अस्पताल में अपनों को खोजने वालों को ढूढ़ने वालों के साथ अस्पताल के कर्मी बदतमीजी करते दिखे। उन्हें एक गेट से दूसरे गेट पर भटकाया जा रहा था। साथ ही दिल्ली पुलिस मीडियाकर्मियों को अस्पताल से भगाती दिखी।

अवधेश मंडल सुश्रुत ट्रामा सेंटर में उपचार के लिए खुद ऑटो चलाकर पहुंचे। वह बिहार के रहने वाले हैं। दिल्ली में नेहरू नगर में रहते हैं। पेट में मेंटल जैसा कुछ घुस गया था। ओटी में गंभीर हालत में उपचार के लिए ले जाया गया। दिल्ली कार धमाके में आठ की मौत और 24 अन्य के घायल होने के चंद घंटों बाद पीड़ित परिवारों का लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के बाहर करुण क्रंदन लोगों के दिलों को छलनी कर रहा था।

# ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित



मुझे पहली बार अपने कैंसर के बारे में पता चला, तो ऐसा लगा जैसे मेरी पूरी दुनिया रुक गई हो. डर, अनिश्चितता और अनगिनत सवालों ने मुझे घेर लिया था, लेकिन कहते हैं न कि जिंदगी जब सबसे कठिन मोड़ पर होती है तब हमे सबसे अच्छे इंसानो से मिलवाती है स यह शब्द दिल्ली स्टेट केंसर इंस्टिट्यूट में ब्रेस्ट केंसर का इलाज करा रहीं इशरत जहां के है। उन्होंने डॉक्टर्स को धन्यवाद देते हुए कहा, जिन्होंने मुझे सिर्फ इलाज नहीं, आत्मविश्वास दिया। उन नर्सों को, जिन्होंने मेरी रातों को सुकून और दिनों को मुस्कान दी। उनके शब्दों को सुनकर आह्लादित हुए पैलेटिव केयर के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर विक्रम प्रताप सिंह ने कहा कैंसर के मरीजों को उपचार से ज्यादा अस्पताल से उचित व्यवहार, प्यार की दरकार होती है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिलाओं के स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूसीएमएस) के सामुदायिक चिकित्सा और प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च (आईसीएमआर-एनआईसीपीआर) के बीच एक सहयोगी परियोजना का शुभारंभ दिलशाद गार्डन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर में कैंसर स्क्रीनिंग कैंप के साथ किया गया। इस कैंप में 30-65 आयु वर्ग की 70 महिलाओं की सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर की जांच की गई, जिनमें ताहिरपुर, कलंदर कॉलोनी, नंद नगरी और दिलशाद गार्डन की महिलाएं शामिल थीं। सर्वाइकल कैंसर की जांच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित उच्च-प्रदर्शन एचपीवी परीक्षण का उपयोग करके की गई थी

इस कार्यक्रम में सामुदायिक चिकित्सा विभाग यूसीएमएस और जीटीबी अस्पताल से प्रोफेसर एस के भसीन, प्रोफेसर प्रगति छाबड़ा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अपर्णा कपूर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, यूसीएमएस और जीटीबी अस्पताल से, प्रोफेसर रचना अग्रवाल , प्रोफेसर बिंदिया गुप्ता, और डॉ. एकता गुप्ता और डॉ. शौकत हुसैन के नेतृत्व में आईसीएमआर-एनआईसीपीआर की टीम ने भाग लिया। इस सहयोगी परियोजना का उद्देश्य समुदाय की महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर के लिए जांच करना और आवश्यक अनुवर्ती देखभाल प्रदान करना है। कैंप में ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी, जिससे प्रतिभागियों के लिए व्यापक स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जा सके।

कैंप की सफलता महिला स्वास्थ्य और कैंसर रोकथाम के प्रति सहयोगी विभागों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह परियोजना समुदाय में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके और कैंसर जांच और रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाकर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की उम्मीद है। इस तरह की पहल से, समुदाय में महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान दिया जा रहा है। यूसीएमएस औरआईसीएम आर-एनआईसीपीआर की टीम परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने और अधिक महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए अथक प्रयास कर रही है।

## चोरी के आरोप में सीसीएल को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस के किशनगढ़ थाने के स्टाफ में चोरी के आरोप में सीसीएल को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से चोरी हुए 300, 630 अमेरिकी डॉलर, 2,140 रूपये नकद और चोरी की नकदी से खरीदी गई वस्तुएँ बरामद की है। दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 2 नवंबर को एक व्यक्ति की शिकायत पर किशनगढ़ थाने के तहत एक ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज की गई थी जिसमें उसने 40,000/ रुपए नकद, 600 यूरो करेंसी, 2000 डॉलर करेंसी और 5 ग्राम सोने के सिक्के की चोरी की सूचना दी थी।इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी सफदरजंग एन्क्लेव की देखरेख में एसएचओ किशनगढ़ के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल परवीन, मुकेश, ऋषि राज और कांस्टेबल मोहन की क्रैक टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने आस-पास के इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जाँच की गई और स्थानीय बीट स्टाफ और गुप्त मुखबिरों की मदद से आरोपी व्यक्ति का पता लगाने के प्रयास किया।

## पांचवीं कक्षा तक के स्कूल हाइब्रिड मोड में होंगे संचालित: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए दिल्ली के सभी स्कूलों की पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई अस्थायी रूप से हाइब्रिड मोड में संचालित की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार पांचवी कक्षा तक के छात्रों की कक्षाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से चलेगी ताकि वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बच्चों को बचाया जा सके। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य की की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# घायलों से की एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चाँदनी चौक क्षेत्र में कल हुए विस्फोट की घटना पर गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त करते हुए भाजपा सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल ने इसे अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य बताया।

उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएँ दिल्ली की शांति, सौहार्द्र और सुरक्षा को भंग करने का प्रयास हैं, जिन्हें किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा की गृहमंत्री श्री अमित शाह जी स्वयं इस घटना पर पूरी नजर रखे हुएँ हैं और दोषियों को सख्त सजा मिलेगी।

खंडेलवाल ने आज एलएनजेपी अस्पताल का दौरा कर घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उन्हें सरकार के पूरे सहयोग एवं देखभाल का आश्वासन दिया। घायल लोगों ने बताया कि



अस्पताल के डॉक्टर उनकी पूरी देखभाल कर रहे हैं वहीं अस्पताल ने न केवल घायलों बल्कि उनके परिवारजनों के लिए भी समुचित व्यवस्था की है। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय देश की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली पुलिस और जाँच एजेंसियां इस घटना की त्वरित और गहन जांच कर रही हैं जिससे दोषियों को जल्द से जल्द बेनकाब कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मौलाना आजाद जयंती को शिक्षा दिवस घोषित करना भारत सरकार का सराहनीय कदम : यासीन मोमिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हकीम अजमल खान फोरम फॉर पीस एंड कम्युनल हार्मनी द्वारा प्रख्यात राष्ट्रीय नेता और भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद की जयंती पर नई दिल्ली के दरियागंज स्थित ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के कार्यालय में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवंडी शहर के जाने-माने राष्ट्रीय नेता एडवोकेट यासीन मोमिन ने की।उन्होंने कहा है कि भारत में हर साल 11 नवंबर को शिक्षा दिवस के रूप में मनाना खुशी की बात है।मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को शिक्षा दिवस के रूप में मनाना उनके प्रति सर्वोत्तम श्रद्धांजलि है और यह प्रसन्नता की बात है कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने 2008 से मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को शिक्षा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है।यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है।

उन्होंने आगे कहा कि मौलाना ने जीवन भर भारत के विभाजन का कड़ा विरोध किया।मौलाना एक महान विचारक और ज्ञान व बुद्धिमता के प्रकाशपुंज थे। नई पीढ़ी को मौलाना के व्यक्तित्व और राष्ट्रीय सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जानी चाहिए क्योंकि नई पीढ़ी हीन भावना की ओर बढ़ रही है, इसलिए उनके लिए स्वतंत्रता संग्राम में हमारे महापुरुषों के बलिदान को जानना जरूरी है।भोपाल शहर के जाने-माने नेता खालिद खान ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है।मौलाना ने नई पीढ़ी को यह सकारात्मक संदेश दिया था, जिसे अपनाना जरूरी है।मौलाना अलीमुद्दीन असादी ने कहा कि मौलाना आजाद के शैक्षिक विचारों को आगे बढ़ाना समय की माँग है।उन्होंने यह भी कहा कि मौलाना के सम्मान में स्थापित संस्थाएँ प्रगति कर रही हैं। विशेष रूप से, मौलाना अब्दुल हमीद रहमानी का मिशन मौलाना अबुल कलाम आजाद अवेकनिंग सैंटर प्रमुखता से सेवा कर रहा है।डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि मौलाना आजाद की शिक्षा नीति देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र के अनुरूप थी। मौलाना आजाद देश में राष्ट्रीय एकता के अग्रदूत थे। आज के समय में उनके विचारों को लोकप्रिय बनाना बहुत जरूरी है।

## नगर पालिका की टीम ने जीता मैच

**नजीबाबाद।** क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला पोस्ट ऑफिस व नगर पालिका की टीम के बीच खेला गया। जिसमें ऑफिस कप्तान अवधेश त्यागी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पोस्ट ऑफिस की टीम ने अपने सभी विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवर में 115 रन बनाए। पोस्ट ऑफिस की ओर से 57 रन शुभम ने जोड़े, जवाब में नगर पालिका की टीम 11 ओवर में अपना लक्ष्य पूरा करते हुए तीन विकेट खोकर फाइनल मुकाबला जीत गई। सात विकेट से नगर पालिका की टीम ने मैच जीत लिया। मैच अंपायर ऋषभ त्यागी व मौहम्मद फरहान खान रहे व मैन ऑफ द मैच नगर पालिका की टीम के मौहम्मद रियासत को दिया गया।

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर मौलाना आजाद मेमोरियल लेक्चर आयोजित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक डीम्ड यूनिवर्सिटी, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटैट सेंटर में सोहलवें मौलाना आजाद मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया। प्रोफेसर कुमार सुरेश ने प्रारंभिक संबोधन दिया।

एनआईईपीए द्वारा स्थापित आजाद लेक्चर श्रृंखला का उद्देश्य शिक्षा, राष्ट्रनिर्माण और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में मौलाना आजाद के स्थायी योगदानों पर चिंतन करना है। वर्ष 2025 में इस लेक्चर सीरीज का संबोधन अरविंद आश्रम के ट्रस्टी प्रोफेसर डॉ. रमेश बिजलानी द्वारा किया गया। डॉक्टर



बिजलानी एक प्रतिष्ठित चिकित्सक, शिक्षाविद, लेखक, प्रेरक वक्ता और वैज्ञानिक हैं। उन्होंने "समकालीन शिक्षा और श्री अरविंद के विचार" विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में उन्होंने आधुनिक शिक्षा प्रणाली की बदलती चुनौतियों और आकांक्षाओं के शैक्षिक दर्शन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा को रटने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जिज्ञासा, रचनात्मकता और स्पष्ट सोच को प्रोत्साहित करते हुए सीखने में आनंद का विकास करना चाहिए, ताकि विद्यार्थी आजीवन सीखने वाले बन सकें।प्रो. बिजलानी ने मनोशिक्षा की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भीतर के आत्मबोध को जागृत करती है, जो व्यक्ति के आचरण को दिशा देने वाला नैतिक मार्गदर्शक बनता है, जिससे चरित्र निर्माण को बौद्धिक विकास से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षार्थियों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक ज्ञान से जुड़ा रहना चाहिए तथा शिक्षा में मूल्यों, योग और चिंतनशील अभ्यासों का समावेश किया जाना चाहिए। श्री अरविंद का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, "शिक्षा का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह विकास के चरण के दौरान विद्यार्थी की अंतर्निहित श्रेष्ठता को बाहर लाने में सहायक होष

## एक नजर

### पैसिव रेंज का विस्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने आज डीएसपी एमएससीआई इंडिया ईटीएफ लॉन्च करने की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड है। यह एमएससीआई इंडिया इंडेक्स की परफॉर्मेंस दोहराना चाहता है। डीएसपी म्यूचुअल फंड के पैसिव इंवेस्टमेंट और प्रोडक्ट के सीएफए-प्रमुख श्री अनिल घेलानी ने कहा, "एमएससीआई इंडिया इंडेक्स लंबे समय से ग्लोबल इंवेस्टर्स के लिए भारत की विकास गाथा में भाग लेने के लिए एक पसंदीदा बेंचमार्क रहा है। डीएसपी एमएससीआई इंडिया ईटीएफ के साथ, हमारा लक्ष्य इस अवसर को भारत और विदेशों में इंवेस्टर्स के लिए आसानी से सुलभ बनाना है। डीएसपी म्यूचुअल फंड के बिजनेस हेड ख्र पैसिव इंवेस्टमेंट्स गुरजीत कालरा ने कहा, "एमएससीआई इंडिया इंडेक्स वित्तीय, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और उपभोक्ता क्षेत्रों में संतुलन के साथ भारत की विकसित अर्थव्यवस्था का एक मजबूत प्रतिनिधित्व करता है

### 51वें टेस्ट प्रेप सेंटर के शुभारंभ की घोषणा

**नई दिल्ली।** श्री चैतन्या अकेडमी - इन्फिनिटी लर्न की पहल, जो बड़े पैमाने पर परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है, ने अपने 51वें टेस्ट प्रेप सेंटर के शुभारंभ की घोषणा की है। यह नोएडा शहर में श्री चौतन्या अकेडमी का पहला सेंटर है। इस विस्तार के साथ, संस्थान अपने बेहतर शैक्षणिक मॉडल, अनुभवी शिक्षक और परीक्षा की तैयारी के गुणवत्तापूर्ण मॉडल को एनसीआर क्षेत्र के विद्यार्थियों तक पहुंचाएगा। सेंटर के उद्घाटन का नेतृत्व श्री चैतन्या शैक्षणिक संस्थान की सीईओ और निदेशक सुश्री सुषमा बोप्पना और इन्फिनिटी लर्न के संस्थापक सीईओ श्री उज्ज्वल सिंह ने किया। यह शुभारंभ नोएडा में छात्रों को JEE और NEET सहित विश्व स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नोएडा टेस्ट प्रेप सेंटर की शुरूआत शहर में उच्च-गुणवत्ता वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की बढ़ती मांग को देखते हुए की गई है।

### फरीदाबाद में हुई छापामारी से डर गया था उमर, हडबडी में किया धमाका

**नई दिल्ली।** लाल किले के पास हुए विस्फोट को लेकर एक और नया खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि फरीदाबाद में हुई कार्रवाई के बाद संदिग्ध डॉक्टर उमर मोहम्मद डर गया था। इसी हड़बड़ी में उसे दिल्ली में धमाके को अंजाम दे डाला। जांच एजेंसियों के मुताबिक, कार में आईईडी लगाया गया था। यह आत्मघाती हमला था। जांच में यह बात भी सामने आई है कि ब्लास्ट के तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं।वहीं, घटनास्थल से कार में मिले शव का दिल्ली पुलिस डीएनए टेस्ट करवाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कार में सवार शख्स डॉक्टर उमर मोहम्मद ही था या कोई और था। खुफिया एजेंसियों को शक है कार में उमर ही था। इसके सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं।

फरीदाबाद से भारी मात्रा में अमोनियम नाइट्रेट के बरामद होने के बाद एजेंसियां डॉक्टर उमर मोहम्मद की तलाश में जुटीं थीं। जांच में सामने आया है कि कार को चला रहे व्यक्ति का फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से भी संबंध था। सूत्रों के अनुसार, पुलवामा निवासी और डॉक्टर उमर मोहम्मद कथित तौर पर उस हुंडई i20 कार को चला रहा था जिसका इस्तेमाल लाल किला मेट्रो स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र के पास हुए विस्फोट में किया गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि लाल किले के पास हुए विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, ईंधन तेल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया होगा। एक पुलिस सूत्र ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि दिल्ली विस्फोट और फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल के बीच एक संभावित संबंध है, जहां 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट जब्त किया गया था। पुलिस ने कहा कि जिस कार में विस्फोट हुआ, उसके सीसीटीवी फुटेज में एक मास्क पहने व्यक्ति कार चलाते हुए दिखाई दे रहा है।

### दिल्ली में हाइब्रिड मोड में चलेंगी 5वीं तक क्लासेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए दिल्ली सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब कक्षा 5 तक के छात्रों के लिए स्कूलों में कक्षाएं हाइब्रिड मोड में संचालित की जाएंगी। इस निर्देश का उद्देश्य छोटे बच्चों को बढ़ते वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों से बचाना है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए तत्काल प्रभाव से गंभीर वायु गुणवत्ता के तहत स्टेज-III के तहत सभी उपायों को लागू करने का आदेश दिया है। इसके चलते दिल्ली के सरकारी, निजी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से कक्षा पांचवीं तक के बच्चों के लिए स्कूलों में हाइब्रिड मोड में कक्षाएं आयोजित करें। जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम शामिल हैं, जहां भी ऑनलाइन माध्यम संभव हो। यह आदेश अगली सूचना तक प्रभावी रहेगा।

# आईवीएफ के पहले ही प्रयास में गर्भधारण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपोलो फर्टिलिटी ने दिल्ली के एक दंपति को चार साल से चली आ रही बांझपन की समस्या के बाद गर्भधारण में स

फलता दिलाई है। इस उपलब्धि के पीछे चिकित्सकों की उन्नत विशेषज्ञता और व्यक्तिगत देखभाल की अहम भूमिका रही। 38 वर्षीय आस्था (नाम परिवर्तित) अप्रैल 2025 में अपने पति के साथ पहली बार अपोलो फर्टिलिटी, रोहिणी पहुंचीं।

दो असफल आईवीएफ प्रयासों के बाद दंपति उम्मीद खो चुका था। उनके पहले के डॉक्टरों ने लखनऊ स्थित एक अन्य क्लिनिक में डोनर एग्स (दान किए गए अंडाणु) के साथ आईवीएफ कराने की सलाह दी थी। हालांकि, आस्था अपने ही एग्स का उपयोग करके एक बार फिर कोशिश करना चाहती थीं और इसके लिए उन्होंने अपोलो फर्टिलिटी का रुख किया।

अपोलो फर्टिलिटी, रोहिणी की इनफर्टिलिटी और आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. पूजा जैन ने बताया, "हमें आस्था की पिछली लैप्रोस्कोपिक मायोमेक्टॉमी के बारे में पता था - यह गर्भाशय से फाइब्रॉएड्स निकालने की न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका हाइड्रोसालपिन्क्स का इलाज हुआ था, जिसमें एक या दोनों फैलोपियन ट्यूब्स बंद होकर द्रव से भर जाती हैं, जिससे फर्टिलाइजेशन रुक जाता है।" डॉ. जैन ने आगे बताया, "लेकिन यही उनकी एकमात्र चुनौती नहीं थी। शुरुआती जांच में पता चला कि उनका ओवेरियन रिजर्व काफी कम था - एंटी-म्यूलरियन हार्मोन का स्तर मात्र 0.31 था। इसके अलावा, उन्हें अनियंत्रित डायबिटीज भी थी, जिसके बारे में उन्हें पहले कोई जानकारी नहीं थी।"

आस्था की स्वास्थ्य स्थिति का गहराई से मूल्यांकन करने के बाद, डॉ. पूजा जैन ने उनके लिए एक विशेष उपचार योजना तैयार की। उनके मेडिकल इतिहास को ध्यान में रखते हुए उन्हें अपने ही एग्स के साथ आईवीएफ कराने की सलाह दी गई, और जरूरत पड़ने पर एम्ब्रियो पूलिंग का विकल्प भी सुझाया गया।

## कालेज में सांप मिलने से मचा हड़कंप

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम शाह अलीपुर निचल उर्फ मन्धोरा स्थित दयावती आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज में उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रार्थना स्थल के ठीक बगल में लगभग 5 फीट का जहरीला किंग कोबरा फन फैलाये बैठा था। गनीमत रही कि छात्र-छात्राएं प्रार्थना के बाद कक्षाओं में जा चुके थे। वरना कोई अनहोनी हो सकती थी। शिक्षकों के अनुसार जब छात्र छात्राएं प्रार्थना के उपरांत अपनी अपनी कक्षाओं में चले गए तो वहां फन फैलाये बैठे सांप पर विद्यालय प्रबंधक की नजर पड़ गई। विद्यालय में सांप होने की सूचना वन विभाग को दी गई लेकिन आरोप है कि वन विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नही आया। शिक्षकों ने हिम्मत दिखाते हुए बामुश्किल सांप को एक कमरे में बन्द किया।

# शक्तिमान रिटर्न्स अब पॉकेट एफएम पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुकेश खन्ना की आवाज में 40 एपिसोड की एक्सक्लूसिव ऑडियो सीरीज, सभी यूजर्स के लिए मुफ्त स्ट्रीमिंग के साथ उपलब्ध।

देश के सबसे प्रिय सुपरहीरो शक्तिमान एक बार फिर जबरदस्त अंदाज में लौट आए हैं। ऑडियो सीरीज प्लेटफॉर्म पॉकेट एफएम लेकर आया है 'शक्तिमान रिटर्न्स' - एक 40 एपिसोड की रोमांचक और भावनात्मक ऑडियो सीरीज, जिसमें खुद मुकेश खन्ना की आवाज गूंजेगी। यह सीरीज अब पॉकेट एफएम पर सभी यूजर्स के लिए मुफ्त स्ट्रीम हो रही है।

इस बार शक्तिमान का मिशन सिर्फ बुराई से लड़ने का नहीं, बल्कि मानवता को उसकी ही बनाई विनाशकारी शक्तियों से बचाने का है।'

शक्तिमान रिटर्न्स' में वह ऐसे शत्रु से भिड़ता है जो मानव की लालच और प्रकृति के अंधाधुंध दोहन से जन्मा है ख्र महातत्व। कभी संतुलन का रक्षक रहा यह अस्तित्व अब पृथ्वी को अपनी ही शैली में "सुधारने" पर आमादा है।

दुनिया को बचाने के लिए शक्तिमान को पांच रहस्यमयी "मणियों के तत्वों" की खोज पर निकलना होगा। यह यात्रा उसे सिखाती है कि सच्ची शक्ति विनाश में नहीं, बल्कि करुणा और संतुलन में है।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सुन्दरदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी (एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी) के स्कूल ऑफ साइंसेज द्वारा 'इन सिलि. को एप्रोच एंड इन विट्रो ट्रेनिंग इन मॉलीक्यूलर बायोलॉजी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक मॉलीक्यूलर बायोलॉजी की प्रयोगात्मक (इन विट्रो) एवं कम्प्यूटेशनल (इन सिलिको) तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। यह कार्यशाला एस.जी.यू. सेमिनार हॉल और लैबोरेटरी में आयोजित की गई। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रयोगशाला आधारित तकनीकों के साथ-साथ बायोइन्फॉर्मेटिक्स एवं स्ट्रक्चरल बायोलॉजी से जुड़ी सॉफ्टवेयर- आधारित ट्रेनिंग का अवसर मिला। कार्यशाला के पहले दिन 'फ्रॉम कॉलेज टू कॉरपोरेट: हँड्स ऑन इन मॉलीक्यूलर बायोलॉजी'

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। स्वागत संबोधन डॉ. ज्योति चौधरी, निदेशक (कार्यवाहक), स्कूल ऑफ साइंसेज द्वारा किया गया। इसके पश्चात डॉ. राजीव रतन, रजिस्ट्रार, एवं माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। इसके बाद ष्फ्रॉम कॉलेज टू कॉरपोरेटष विषय पर डॉ. श्वेता अरोड़ा द्वारा सत्र का संचालन किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने ष्पी.सी. आर. इन एक्शन हँड्स ऑन एंड करियर पॉसिबिलिटीजष तथा ष्द साइंस बिहाइंड जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस विषयों पर प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किया। छात्रों ने डी. एन. ए. आइसोलेशन, जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस और पी.सी. आर. तकनीकों पर व्यवहारिक अभ्यास किया। कार्यशाला के दूसरे दिन का विषय स्ट्रक्चरल बायोइन्फॉर्मेटिक्स रहा, जिसमें प्रतिभागियों को प्रोटीन मॉडलिंग और ड्रग टार्गेट डिस्कवरी के कम्प्यूटेशनल तरीकों की जानक. ारी दी गई। पहला सत्र डॉ. सुधीर पाल द्वारा 'इंट्रोडक्शन टू ड्रग डिस्कवरी पाइपलाइन: टार्गेट आइडेंटिफिकेशन एंड वैलिडेशन' विषय पर प्रस्तुत किया गया। इसके बाद 'एक्सप्लोरिंग बायोलॉजिकल डाटाबेस' पर हँड्स-ऑन ट्रेनिंग कराई गई, जिसमें छात्रों ने विभिन्न बायोइन्फॉर्मेटिक्स टूल्स का प्रयोग किया। दोपहर बाद के सत्रों में -प्रोटीन स्ट्रक्चर एंड ड्रग बाइंडिंग प्रिंसिपल्स' तथा 'प्रोटीन विजुअलाइजेशन टूल्स एंड मॉलिक्यूलर डॉकिंग सॉफ्टवेयर' पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला का समापन प्रमाणपत्र वितरण समारोह एवं समापन संबोधन के साथ किया गया। यह दो दिवसीय कार्यशाला छात्रों को यह समझाने के लिए आयोजित की गई कि किस प्रकार प्रयोगशाला में किया गया विज्ञान, डेटा-आधारित कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी से जुड़कर आधुनिक अनुसंधान को आगे बढ़ाता है। दोनों दिनों में विशेषज्ञों द्वारा इंटरएक्टिव सेशन्स, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को बायोटेक्नोलॉजी अनुसंधान की गहराई से जानक. ारी दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्वविद्यालय प्रबंधन, आयोजन समिति, संसाधन विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं सभी प्रतिभागियों के सहयोग की सराहना की गई।

# दुकान से समान लेकर भागने की पुलिस से की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मुख्य मार्ग पर एक दुकान से एक व्यक्ति 10 हजार रुपए की सिगरेट लेकर बिना पैसे दिए भाग गया, दुकानदार ने पुलिस से शिकायत की है। लोअर बाजार में किराने की दुकान करने वाले अंकित गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार को उनकी अनुपस्थिति में उनकी पत्नी दुकान पर थी तभी एक युवक ने उनसे 10 हजार रुपए की सिगरेट ली व बिना पैसे दिए बाइक से भाग गया।उसकी बाइक का नम्बर सीसीटीवी में आ गया है। पुलिस ने शिकायत कर जांच का आश्वासन दिया।

# दिल्ली बम ब्लास्ट के मद्देनजर मोदीनगर में पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सोमवार को दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट के चलते डीसीपी ग्रामीण ने मोदीनगर में विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया, एसीपी अमित सक्सेना व थाना प्रभारी नरेश शर्मा साथ रहे। पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रैपिड रेल स्टेशन, भीड़भाड़ वाले बाजारों आदि अनेकों स्थानों पर जांच की। डीसीपी ने पुलिसकर्मियों को कहीं भी कोई लावारिस वाहन खड़े होने की जांच विशेष रूप से करने का आदेश दिया।

## 100 मीटर दौड़ में माही ने पहला स्थान पाया

**गाजियाबाद।** मंगलवार को मेरा युवा भारत, गाजियाबाद ने गो. विंदपुरी स्थित महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान खो-खो, दौड़, बैडमिंटन, वॉलीबॉल आदि खेल आयोजित हुए। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में माही पहले, शुभी चौधरी दूसरे और सोनिया गोस्वामी तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में लक्ष्मी पहले, खुशी दूसरे और सोनिया तीसरे स्थान पर रहे। खो-खो में पीबीएएस क्लब पहले और गिन्नी देवी कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ में करण पहले, शांतनु दूसरे और अभिषेक तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में राहुल पहले, आदित्य दूसरे और अक्की तीसरे स्थान पर रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल ने किया मासिक बैठक का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोक दल जनपद गाजियाबाद की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे गाजियाबाद में निवास करने वाले राष्ट्रीय स्तर, प्रदेश स्तर, व जिला कार्यकारिणी, व समस्त जिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी, व विधानसभा कार्यकारिणी, महानगर व नगरों की कार्यकारिणी के पदाधिकारिगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्ययता रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल ने की। संचालन दीपमाला प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने किया।

बैठक की समीक्षा प्रभारीगण सर्वश्री डॉ विक्रांत जांवला क्षेत्रीय महासचिव व ओमवीर सिंह पूर्व प्रधानाचार्य जी क्षेत्रीय महासचिव ने की। बैठक में राष्ट्रीय लोक. दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी केंद्रीय मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार की 16 नवंबर 2025 समय 11 बजे प्रात: विशाल जनसभा

अनाज मंडी कोसी कलां मथुरा (उ. प्र.) के आयोजन में पहुंचने हेतू विचार विमर्श किया गया। और अधिक से अधिक संख्या में जाने पर निर्देश व नीति तय की गई। बैठक में सम्मानित सर्व श्रीतेजपाल चौधरी सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, चेयरमैन अमरजीत सिंह बड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता, पूनम गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सतेन्द्र तोमर वरिष्ठ नेता, सुरेन्द्र सिंह तेवतिया वरिष्ठ नेता, रामभरोसे लाल आर्य, योगेंद्र पतला क्षेत्रीय महासचिव, अरुण दहिया एडवोकेट क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रोफेनल मंच शीत सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

# मोदीनगर में मकान से अवैध कब्जा कराया कब्जामुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** स्थानीय मोहन पार्क कालोनी में एक मकान से मकान मालिक ने पड़ोसी द्वारा किए गए कब्जे को अवैध बताते हुए खाली करवाया,शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन व पुसिस भी मौके पर मौजूद रही। मौके पर कब्जा हटवाते हुए अधिवक्ता संजय त्यागी ने बताया कि उनके मुवक्किल चमन सिंह ने अपने पार्टनर के साथ मिलकर मोहन पार्क में एक मकान खरीदा था।

पता चला कि पड़ोसी ने अंदर से दीवार तोड़कर उसपर कब्जा कर लिया है,उसने कोर्ट से स्टे भी लिया हुआ था। अब हमारे कागजों के आधार पर कोर्ट ने उसका स्टे खारिज कर दिया तब हमारे मुवक्किल ने अपना कब्जा लिया है विवाद की कोई बात नहीं है हमारे पास इस जगह की पक्की रजिस्ट्री है। दूसरे पक्ष ने इसके विरुद्ध कोर्ट में शिकायत करने की बात कही। इस दौरान कोई हंगामा नहीं हुआ।

# जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 44वीं जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन एच आर आई टी यूनिवर्सिटी में संपन्न हुआ। बालक वर्ग के फाइनल में पंजाब ने हरियाणा को 21-14, 21- 12 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । हरियाणा दूसरे और उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहे।

इसी प्रकार बालिका वर्ग में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को 21-18, 21- 11 से हराकर बालिका वर्ग का खिताब जीता। महाराष्ट्र पहले तथा उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहे। राजस्थान टीम तीसरे स्थान पर रही। बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता टीम को रुपए 31000/ व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को रुपए 21000/ ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को रुपए 11000/ व ट्रॉफी प्रदान की गई ।

बालक वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी का खिताब पंजाब के अरमान मेहता को दिया गया। उन्हें रुपए 31000/ प्रदान किए गए। इसी तरह बालिका वर्ग में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी का खिताब प्रदनया गाडख (महाराष्ट्र) को चुना गया। उनको भी रुपए 31000/प्रदान किए गए। इंटरनेशनल शूटिंग बॉल फेडरेशन के फाउंडर चौधरी धर्मपाल सिंह ने स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किया।

शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जीत राज तोमर ने सभी का आभार व्यक्त किया। शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय पाल प्रमुख ने विजेता टीमों को अपनी शुभकामनाएं दी। 44 वी जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।



**साहिबाबाद। कौशांबी सेंट्रल पार्क में कौशांबी वासियों ने देश की राजधानी में हुए विभित्स् आतंकी हमले में मारे गए लोगो की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और राष्ट्र और सुरक्षा बलों की कुशल क्षेम के लिए सामूहिक राष्ट्र गान गाकर नमन किया गया।**

# भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक का धूमधाम से मनाया जन्मदिन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत थेंगड़ी जी के जन्मदिन को भारतीय मजदूर संघ ने अपने ऑटो रिक्शा टेम्पो चालक संघ के साथ मिलकर जन्मदिन को बड़े धूमधाम मनाया गया। जिसमे ऑटो रिक्शा टेम्पो चालक संघ के सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे जिला जिसमे जिले के पुलिस कमिश्नर साहब को मुख्य अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया था।

किसी कारण कमिश्नर शाहब नहीं आ सके बैठक मे विशिष्ट अथिति योगेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्राइवेट ट्रांसपोर्ट महासंघ एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश दीपक शर्मा की उपस्थिति से कार्यक्रम मे उत्साह रहा एवं कार्यक्रम मे सह विभाग प्रमुख बिजेंद्र एवं जिला अध्यक्ष विनोद कुमार एवं कार्यकारी अध्यक्ष नीरज कुमार और साथ ही राजेंद्र कुमार जिला संरक्षक पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी दिगम्बर चौधरी, जीतेन्द्र कसाना, नन्द किशोर जी मुन्ना जी के साथ सैकड़ो कार्यकर्त्ता ने कार्यक्रम सहयोग किया साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष प्राइवेट ट्रांसपोर्ट ने ऑटो चालकों को बताया की कैसे श्रद्धेय दत्ततोपंत थेंगड़ी ने संघठन को आगे लेकर आये और चाल. कों को उनके अधिकारों के बारे अवगत कराया सह विभाग प्रमुख ने मंच संचलन किया।

# बम ब्लास्ट में शहीदों की आत्माओं की शांति के लिए की प्रार्थना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारीयो द्वारा राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली बम ब्लास्ट में शहीद हुए व्यक्तियों की आत्माओं की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की गई तथा मोमबत्ती जलाकर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना करके श्रद्धांजलि दी गई तथा संसद पर हमले की वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर पाकिस्तान के इशारे पर हुए इस आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा की गई तथा भारत सरकार से नापाक पाक को सबक सिखा कर धूल चटाने की चेतावनी दी गई।

देशवासियों से ऐसे आतंकियों से सदैव सावधान रहकर उनसे बचने की राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारीयो ने प्रार्थना की। प्रार्थना में मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता, मनोज गुप्ता आशु पाठक अशोक भारतीय, वीरेंद्र कंडेरे, काजल छिब्बर, आदेश, राहुल, सूरज, मनीष, मोि. हत मित्तल अनिका सक्सेना रिंकू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मृतकों की आत्मा की शांति के लिए निकाला केंडल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लोहा विक्रेता यूथ ने दिल्ली में हुए बम धमाका की आलोचना करते हुए एवं निंदा करते हुए अपना विरोध प्रकट किया और एक कैंडल मार्च निकाल कर कैंडल मार्च का मुख्य संचालन शुभम गुप्ता ने किया। इस कैंडल मार्च के माध्यम से व्यापारियों ने मृतकों को परिवारों को शांत बना दी और यह आश्वासन दिया की गाजियाबाद के व्यापारी युवा वर्ग विशेष तौर पर उनके साथ खड़े हैं इसी के साथ उन्होंने मोदी जी से यह गुहार लगाई कि अगर इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है तो ऑपरेशन सिंदूर को दोबारा शुरू किया जाए। इस अवसर पर शुभम गुप्ता के उपरांत मुख्य तौर पर बड़े-बड़े व्यापारी अभिषेक गुप्ता, दिव्यांश सिंगल, संचित सिंगल, ध्रुव गुप्ता, रितेश गुप्ता, अमित गुप्ता, राज्यपाल, बॉबी गर्ग, सचिन गर्ग, पंकज गर्ग, सचिन जैन, अखिलेश जैन, पुनीत जैन इत्यादि 50 से ज्यादा व्यापारी और उपस्थित रहे।

# गुरुद्वारा दशमेश दरबार प्रताप विहार में निशुल्क दंत चिकित्सा कैंप का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** निशुल्क दंत चिकित्सा कैंप का आयोजन प्रताप विहार सेक्टर 12 गुरुद्वारा दशमेश दरबार में संतोष डेंटल कॉलेज व अस्पताल के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें संतोष अस्पताल द्वारा निशुल्क दंत चेकअप कैंप के साथ-साथ अवेयरनेस कैंप का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी, सरदार हरजीत सिंह बिट्टू सरदार सुखविंदर सिंह सरदार जुझार सिंह सरदार के दयाल सिंह जग्गी, सरबजीत सिंह गोल्डी, कुलदीप सिंह, राहुल डाक्टर कीर्ति, डाक्टर प्रियांशु, डाक्टर शिवानी, डाक्टर अदिति, डाक्टर आरुषि, डाक्टर जानवी, डॉ गर्व आदि का मुख्य सहयोग रहा।

# रालोद की नवगठित नगरीय निकाय की बैठक का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी के निर्देश पर गठित रालोद नगरीय निकाय (अर्बन बॉडी) की पहली बैठक आज मंगलवार को लखनऊ के प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम दिल्ली के लालकिले के निकट हुए धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई एवं इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा की गई।

तदोपरांत बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने नवगठित निकाय के बारे में विस्तृत जानक. ारी दी। जानकारी देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि नगरीय निकाय के गठन का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में पार्टी के संगठन का विस्तार करना एवं नगर निकायों के चुनावों में पार्टी की भागीदारी सुनिश्चित करना है। मिश्र ने आगे बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा इस नवीन निकाय को सौंपा गया लक्ष्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण है।राष्ट्रीय सचिव ने आगे बताया कि सभ्यता के विकसित होने के साथ शहरीकरण की प्रक्रिया तेज हुई है। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक जनसंख्या के साथ ही सर्वाधिक नगरीय स्थानीय निकायों वाला प्रदेश है वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 17 नगर निगम 200 नगर पालिका परिषद 545 नगर पंचायत 762 नगरीय स्थानीय निकाय हैं!

श्री इंद्रजीत सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सौंपे गए इस नये दायित्व का पूरे दमखम एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दोहराते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का जोर शोर से आगे बढ़ने के लिए आह्वान किया। बैठक में नगर निकाय सदस्य इंद्रजीत सिंह टीटू की सलाह पर समयबद्ध रूप से कार्य करने व नगरीय निकाय सदस्यों में शहरों की जिम्मेदारी बांटने पर सहमति जताई गई।

नगर निकाय सदस्य महेश जाटव ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 16 नवंबर को मथुरा के राष्ट्रीय अधिवेशन के उपरांत अगली बैठक आगरा में आयोजित की जाएगी। बैठक में निकाय प्रभारी सदस्य इंद्रजीत सिंह, महेश जाटव, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव शालिनी सिंह, प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान प्रदेश महासचिव शैलेश सिंह, विकास सिंहतथा नगर अध्यक्ष सरताज अहमद मलिक व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संबंध विच्छेद

हम अनीस पुत्र मौहम्मद यासीन व शबाना पत्नी अनीस निवासी- सी- 20, गली नं- 2, सी ब्लॉक चाँद बाग थाना- दयालपुर करावल नगर उत्तर पूर्वी दिल्ली-94 अपनी पुत्री रुकसार व दामाद रिजवान को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करते है। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# ग्रेप-3 हुआ लागू, बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल वाहनों की नो एंट्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में लगातार बिगड़ती हवा की गुणवत्ता को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे चरण (स्टेज 3) को लागू कर दिया है।

इस फैसले के बाद अब (बीएस-3) पेट्रोल और (बीएस-4) डीजल गाड़ियां सड़कों पर नहीं चल सकेंगी। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 400 से ऊपर पहुंच गया है, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। ग्रेप-3 लागू होने के बाद अब बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार-पहिया वाहनों का संच.

**■ अगर कोई वाहन मालिक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर 20,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।**

ालन दिल्ली और आसपास के जिलों में प्रतिबंधित कर दिया गया है। हालांकि, यह नियम आपातकालीन सेवाओं और विकलांग व्यक्तियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा।

अगर कोई वाहन मालिक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर 20,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा, बीएस-4 डीजल इंजन वाले मध्यम और भारी मालवाहक वाहनों को भी दिल्ली में एंट्री नहीं दी जाएगी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीबीसीबी) के आंकड़ों के मुता. बिक, दिल्ली का AQI सोमवार को 362 से बढ़कर मंगलवार को 421 हो गया। शहर के कई इलाकों जैसे बवाना (462), आर.के. पुरम (446) और पटपड़गंज (438) में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब दर्ज की गई।

सीएक्यूएम के अनुसार, कम हवा की गति और मौसमी परिस्थितियों के कारण प्रदूषण बढ़ा है। ग्रेप-3 लागू करने का उद्देश्य हवा की गुणवत्ता को और बिगड़ने से रो. कना है। खासकर दिवाली के बाद के मौसम में, जब प्रदूषण सबसे ज्यादा होता है।

# उमर के पास कैसे पहुंची i-20 कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किला के पास जिस आई-20 कार में ब्लास्ट हुआ, उसकी बिक्री की चेन का पता लग गया है। गुरुग्राम के शांति नगर में रहने वाले मोहम्मद सलमान की यह कार (HR26CE7674) थी, जिसने मार्च महीने में स्पेनी कंपनी को कार बेच दी थी।

इसके बाद स्पेनी कंपनी से यह कार ओखला के रहने वाले देवेंद्र ने खरीदी थी। देवेंद्र सेकेंड हैंड कार का एक डीलर है। उसने फरीदाबाद के ही रहने वाले सोनू उर्फ सचिन को यह कार बेच दी थी। उसने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के रहने वाले तारिक को यह कार बेच दी थी। कार के दस्तावेज का कुछ इशू होने के कारण उसने पुलवामा के ही रहने वाले अपने साथी डॉक्टर उमर को यह कार नहीं बेच पाया लेकिन, उसे कार सौंप दी थी।

बताया गया कि एक दिन पहले फरीदाबाद में उमर के साथियों के पकड़े जाने और उनसे विस्फोटक बरामद होने पर वह पैनिक कर गया। इसके बाद वह कार में विस्फोटक लेकर दिल्ली आ गया और दोपहर करीब तीन बजे लाल किला के सुनहरी मस्जिद के पास स्थित पार्किंग में उसने कार खड़ी कर दी। तीन घंटे बाद छह बजे उसने कार निकाली और रिंग रोड होते हुए लाल किला की तरह से दरियागंज चल दिया था, तभी लाल किला के सामने पहुं. चने पर उसकी कार में ब्लास्ट हो गया। इस मामले में पुलिस दो थ्योरी पर काम कर रही है या तो उमर ने सुसाइड बामर बनकर ब्लास्ट किया या वहां आने पर किसी कारण से उसकी कार में विस्फोट हो गया, जिसमें उसकी भी मौत हो गई।

# ग्रैप चरण-III का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाईः सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदूषण की स्थिति को लेकर उच्चस्तयरीय समीक्षा बैठक की और कई अन्य प्रभावी निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि प्रदूषण से जुड़ी चुनौतियों का समाधान अब मिशन मोड में और बिना किसी देरी के किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में सीएक्यूएम द्वारा ग्रेप के चरण-ं लागू किया जा रहा है।दिल्ली सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।बैठक में वायु प्रदूषण के तीन प्रमुख कारणों जैसे वाहन प्रदूषण, बायोमास बर्निंग या खुले में कूड़ा जलाना और धूल प्रदूषण पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश जारी किए कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए तत्काल और समयबद्ध कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए वॉटर स्प्रिंकलर्स, एंटी-स्मॉग गन, मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें, कूड़े के ढेरों का त्वरित निस्तार और निर्माण स्थलों पर वायु प्रदूषण से सम्बंधित नियम जैसी व्यवस्थाएं पहले से सख्ती से लागू हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार मौजूदा प्रदूषण स्थिति को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए मिशन मोड में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राजधानी में सीएक्यूएम द्वारा ग्रेप के चरण-ं को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाली निर्माण साइटों या अन्य प्रदूषण स्रोतों पर तुरंत सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी और भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

इस नीति का पालन सभी विभागों द्वारा पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और पर्यावरणीय मानकों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने इस वर्ष एनफोर्समेंट टीमों को और मजबूत किया है। इस उद्देश्य से, इस वर्ष एनफोर्समेंट टीमों की संख्या को बढ़ाकर 2,088 कर दिया गया है।

# रेड अलर्ट का पूर्वी, उत्तर पूर्वी व शाहदरा डिस्ट्रिक में दिखा असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रेड अलर्ट के बाद दिल्ली के भौपुरा बॉर्डर, अप्सरा बॉर्डर और गाजी पुर बॉर्डर के पास पुलिस मुस्तैद दिखाई दी, बैरिकेट्स लगाकर गाड़ियों की जांच करते पुलिस कर्मचारी दिखाई दिए, भौपुरा बॉर्डर से आने वाले वाहन दिल्ली के नन्द नगरी इलाके में प्रवेश करते है, जबकि अप्सरा बॉर्डर की तरफ से आने वाले वाहन दिल्ली के दिलशाद गार्डन में प्रवेश करते है, और गाजीपुर बॉर्डर पर वाहन नोएडा की तरफ से दिल्ली में प्रवेश करते है, सोमवार को लाल किले पर हुए विस्फोट के बाद दिल्ली में रेड अलर्ट जारी किया गया था, इस विस्फोट में अभी तक आधिकारिक तौर पर 9 लोगो की जान जा चुकी है और दर्जनभर से ज्यादा घायल हुए है स लाल किला के पास हुए धमाके के बाद पूरे सुरक्षा के मद्देनजर दिल्ली एनसीआर में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

लालकिले पर हुए ब्लास्ट के बाद सभी सार्वजनिक स्थलों पर जांच की जा रही है। साथ ही लालकिला मेट्रो स्टेशन और बाजार बंद किया गया है। इसके अलावा यमुनापार सहित अन्य इलाकों में नगर निगम की पार्किंग में वाहनों की जांच के बाद पार्किंग करवाई जा रही है। दिल्ली की सड़को पर बेरिकेट लगाकर भी वाहनों की जांच की जा रही है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता प्रदूषण की स्थिति को लेकर उच्चस्तयरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

# राजधानी में कम्पेक्टर लगेंगे, हरित कूड़े के निपटान को बनेगा सिस्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि राजधानी दिल्ली को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने के लिए उनकी सरकार संकल्पबद्ध है। इस कड़ी में सरकार और प्रभावी व ठोस उठा रही है। अब राजधानी के विभिन्न इलाकों में कूड़े के निपटान के लिए आधुनिक कम्पेक्टर लगाए जा रहे हैं, हरित कूड़े के निपटाने के लिए विशेष मशीनों को लगाने का निर्णय लिया गया है, साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि दिन में एक बार फिल्ड में जाएं और कूड़े की सफाई पर निगरानी रखें। मुख्यमंत्री का कहना है कि सफाई को लेकर हमारी सरकार बेहद संवेदनशील है। राजधानी को साफ-सुथरा बनाकर ही 'विकसित दिल्ली' का हमारा सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि सड़कों के निर्माण को लेकर संबंधित विभागों की एक विशेष समिति भी बनाई जा रही है।

सफाई व स्वच्छता के मसले को लेकर मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई । बैठक मे सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्विनी कुमार के अलावा डीडीए, पीडब्ल्यूडी, डीएसआई आईडीसी व अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री का कहना था कि पिछली सरकार ने दिल्ली की सफाई व स्वच्छता को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई थी, लेकिन हमारी सरकार इस मसले को लेकर लगातार चिंतन कर रही है। उन्होंने कहा कि जब छोटे शहर सफाई के मामले में आगे निकल सकते हैं तो दिल्ली को तेज रफ्तार से आगे बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। अधिकारियों के पास दिल्ली का साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने की कोई भी योजना है, तो वह उसे लाएं। सरकार उस योजना को तुरंत लागू करेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार हमारी प्राथमिकता यह होगी कि लोगों को कूड़ा डालने के लिए आवश्यक स्थान उपलब्ध कराए जाएं।

## हथियार के साथ घूम रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस के नंद नगरी थाने के स्टाफ ने हथियार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्टल दो जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की है।

दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 3 नवंबर को भोपुरा बॉर्डर पर नियमित शाम की चेकिंग के दौरान, एएसआई इंद्रवीर, कांस्टेबल रोहन और हेमंत की टीम ने मोटरसाइकिल पर दो व्यक्तियों को देखा, जिन्होंने पुलिस चेकिंग देखकर यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया हालांकि सतर्क टीम ने तुरंत पीछा कर पकड़ लिया।उनकी सरसरी तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद की है।

# शस्त्र अधिनियम के तहत दो आरोपियों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के निहाल विहार और सुल्तानपुरी थाने के स्टाफ ने शस्त्र अधिनियम के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से दो बटन-चालित चाकू और एक बाइक बरामद की है।

दोनों आरोपी पहले भी अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं।दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 09.नवंबर को, निहाल विहार थाने के हेड कांस्टेबल जोगेंद्र और बिज. ेंद्र, शिव विहार के आसपास गश्त पर थे। गश्त के दौरान, पुलिसकर्मी सर्विस रोड, गुरुबाज प्रॉपर्टी के पास पहुँचे और उन्होंने एक व्यक्ति को बाइक के साथ खड़ा देखा।

पुलिस टीम को देखकर, सवार ने जल्दी से बाइक स्टार्ट की और तेजी से भागने की कोशिश की। पुलिस कर्मियों के रुकने के स्पष्ट संकेत को नजरअंदाज करते हुए, उसने घटनास्थल से भागने का प्रयास किया लेकिन , सतर्क पुलिसकर्मियों ने बाइक को रोक कर सवार को मौके पर ही पकड़ लिया।पूछताछ करने पर, व्यक्ति की पहचान ऋतिक के रूप में हुई उसकी व्यक्तिगत तलाशी के दौरान, उसके पास से एक बटन-चालित चाकू बरामद हुआ।

बाइक के मालिक और वैध दस्तावेजों के बारे में पूछे जाने पर, वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। उसने बताया कि उसने बाइक अपने दोस्त 'एस' से ली थी।सत्यापन पर, आरोपी पहले चोरी के तीन से अधिक आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया। वहीं दूसरे मामले में 9 नवबर को, सुल्तानपुरी क्षेत्र में गश्त के दौरान, सुल्तानपुरी थाने के हवलदार अजय और कांस्टेबल रामचंद्र, नांगलोई-सुल्तानपुरी रोड स्थित मजार के पास पहुँचे और उन्होंने सड़क के किनारे एक व्यक्ति को खड़ा देखा। पुलिस की मौजूदगी का आभास होने पर, उसने भागने का प्रयास किया। संदिग्ध गतिविधि का आभास होने पर, सतर्क पुलिस कर्मियों ने तुरंत उसे काबू कर लिया और गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने पर, व्यक्ति की पहचान इस प्रकार जसवीर/लाला के रूप में हुई गहन तलाशी में उसके पास से एक बटन-चालित चाकू बरामद हुआ। सत्यापन पर, वह पहले से ही डकैती, हथियार, घर में चोरी और थाना सुल्तानपुरी के बी. सी. (बुरे चरित्र) सहित 33 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया।

# विस्फोट पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** लालकिला क्षेत्र में हुए भयानक विस्फोट से प्रभावित परिवारों के प्र

ति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मृतकों के परिवारों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री के अनुसार किसी भी व्यक्ति का यूं असमय चले जाना परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है, जिसे कोई भी भर नहीं सकता। दिल्ली सरकार इस कठिन घड़ी में हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।मुख्यमंत्री ने विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को दस लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि घायलों को समुचित उपचार और वित्तीय सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई भी पीड़ित व्यक्ति इलाज के अभाव में पीड़ा न सहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्फोट में अस्थायी रूप से अशक्त हुए पीड़ित को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को दो लाख रुपये और साधारण घायल हुए व्यक्ति को बीस हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि लालकिला क्षेत्र में हुआ यह हादसा न केवल प्रभावित परिवारों के लिए, बल्कि पूरी दिल्ली के लिए एक गहरा आघात है।

## धमाके में घायल युवक पहुंचा घर, परिवार में लौटी खुशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले के सामने हुए भीषण धमाके में घायल गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र की अशोक विहार कॉलोनी निवासी युवक दाऊद अस्पताल से अपने भाई के साथ देर रात घर लौट आया। दाऊद के पैर में चोट लगी है। युवक के सही सलामत लौटने पर स्वजन ने राहत की सांस ली।

## धमाके से पहले 3 घंटे तक लाल किले के पार्किंग में खड़ी रही थी कार

**नई दिल्ली।** धमाके से पहले करीब तीन घंटे संदिग्ध आई20 कार लाल किले के पास पार्किंग में खड़ी रही, इससे पहले ये कार दिल्ली-फरीदाबाद के 'बदरपुर बॉर्डर' से दिल्ली में घुसी थी। लाल किले पर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां रात से ही लगातार मौके पर मौजूद है। लाल किले के सामने घटनास्थल को सफेद कपड़े से बंद किया हुआ है। जांच टीमे में अभी भी मौके पर मौजूद है और धमाके के कारण का पता लगाया जा रहा है।

दिल्ली पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया है जिसमें संदिग्ध की कार पार्किंग क्षेत्र में प्रवेश करते और बाहर निकलते हुए दिखाई दे रही है। फुटेज से पता चलता है कि उस समय संदिग्ध अकेला था। जांचकर्ता अब दरियागंज की ओर रूट ट्रेस कर रहे हैं, जबकि वाहन की पूरी गतिविधि स्थापित करने के लिए 100 से अधिक सीसीटीवी क्लिप्स की जांच की जा रही है। इनमें पास के टोल प्लाजा का फुटेज भी शामिल है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धमाके पर एक्शन लेते हुए दिल्ली पुलिस ने UAPA की धारा 16, 18, विस्फोटक अधिनियम और ठछै की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

## ब्लास्ट के बाद लाल किला मेट्रो स्टेशन और बाजार बंद, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धमाके के बाद लाल किला मेट्रो स्टेशन और बाजार को बंद कर दिया गया है। पुलिस पूरी दिल्ली में कड़ी निगरानी रख रही है और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और पूरे इलाके में सुरक्षा जांच चल रही है। दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के लिहाज से लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है।

हालांकि, अन्य सभी स्टेशन सामान्य रूप से कार्यरत हैं।वहीं, लाल किले के आसपास के सभी बाजार बंद किए गए हैं। सुरक्षा को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। पुलिस की हर गतिविधियों पर पैनी नजर है।, यमुनापार में निगम की पार्किंग में वाहन खड़ा करने से पहले जांच नहीं होती थी। लेकिन लाल किले पर हुए ब्लास्ट के बाद निगम की पार्किंग में वाहनों की जांच के बाद पार्किंग करवाई जा रही है।

# प्रादेशिक गन्ना प्रकोष्ठ सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय सहका. रिता वर्ष 2025 के अवसर पर सहकार भारती उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रादेशिक गन्ना प्रकोष्ठ सम्मेलन का आयोजन चौधरी चरण सिंह सभागार, सहकारिता भवन, लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सहकार भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी सुनील गुप्ता मुख्य वक्ता, सहकार भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरूण सिंह, उत्तर प्रदेश चीनी सहक. ारी संघ के उपाध्यक्ष श्री ऋषिकांत राय, उत्तर प्रदेश सहकार भारती संगठन प्रमुख कर्मवीर सिंह, महिला प्रमुख मीनाक्षी राय और गन्ना प्रकोष्ठ प्रमुख अजय वीर सिंह अतिथि की गरिमामय उपस्थित रही स 'कार्यक्रम में उतर प्रदेश के सैकडो गन्ना किसान और गन्ना सहकारी



समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे स कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता और श्रध्ये लक्ष्मण राव ईनामदार जी को पुष्पाजंलि एवं दिपाजंलि अर्पित करने से हुआ स मीनाक्षी राय जी ने सहकार गीत नवरचना का निर्माण हो सहकारिता साकार हो का पाठ किया स कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह सभागार में अतिथियों द्वारा चौधरी चरण सिंह का चित्र लगाया गया। संस्थाओं के निर्वाचन हेतू निर्वाचन प्राधिकरण का गठन, किसानों की आय दूगना करने के उपाए,FPO का गठन इत्यादि किया है।

# प्रत्येक भारतीय को बनाना है एआई साक्षरता से सशक्तः अनुराग सिंह ठाकुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म (डीएसजे), दिल्ली विश्वविद्यालय ने पब्लिक मीडिया टेक फाउंडेशन के सहयोग से, दिल्ली विश्वविद्यालय में षएआई फॉर एवरीवनः टूल्स, स्किल्स एंड एथिक्सष नामक दो दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री, एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में भारत की एआई क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बनने और एक सच्ची सॉफ्ट पावर बनने की यात्रा के बारे में बात की। उन्होंने एक ऐसे भविष्य की कल्पना की जहां हर भारतीय एआई साक्षर हो, जो षविकसित भारत 2047ष के देश के दृष्टिकोण के अनुरूप हो। ठाकुर ने जोर देकर कहा कि एआई इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति होगी, जो उद्योगों को बदल देगी और जीवन में सुधार करेगी। कार्यशाला के महत्व को रेखांकित करते हुए, प्रो. बृज किशोर कुथियाला, अध्यक्ष, दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ने कहा कि यह कार्यशाला प्रौद्योगिकी और मीडिया शिक्षा के बीच की खाई को पाटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन सत्र की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह और वंदे मातरम की प्रस्तुति के साथ हुई, जो गीत की रचना की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की गई। डॉ. संजय वर्मा, विशेष कर्तव्य अधिकारी, दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म ने सभी प्रतिभागियों और गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और एक उत्पादक और ज्ञानवर्धक कार्यशाला के लिए मंच तैयार किया। अपने स्वागत भाषण में, डॉ. वर्मा ने मुख्य अतिथि, अनुराग सिंह ठाकुर, सांसद और पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री, भारत सरकार का परिचय कराया। ठाकुर की उपस्थिति ने मीडिया और प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देने में इस कार्यशाला के महत्व को रेखांकित किया।

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
IREL (India) Limited
(formerly Indian Rare Earths Limited)
Rare Earths Division, Kochi, Kerala, email :purchase-red@irel.co.in
CIN: U15100MH1950GOI008187
An ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 & ISO 45001:2018 Company
TECHNOLOGIES FOR NEW INDIA@75
आज़ादी का अमृत महोत्सव

TENDER NOTICE

IREL (India) Limited, Rare Earths Division, Udyogamandal invites tender for the following item/job description:

| Item/job description | Availability of Tender in CPP Portal |
| --- | --- |
| Fabrication, supply, erection including all structural & accessories, inspection, testing, and commissioning of all specified equipment & accessories related to Process, Mechanical, Civil and Electrical & Instrumentation along with integration of existing plant for capacity augmentation of HPRE plant. | 11.11.2025 |

For details visit the following websites:
, www.irel.co.in/tender-information https://eprocure.gov.in/cppp
Any corrigendum / extension to above tenders shall be hosted in above websites only.
Date: 08.11.2025 cbc48145/12/0007/2526 Sd/- GM & Head, RED

# फरीदाबाद से चार दिन पहले ही खरीदी गई थी कार, हिरासत में डीलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाल किले के पास लाल बत्ती पर हुए ब्लास्ट में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। धमाके में इस्तेमाल आई20 कार फरीदाबाद के डीलर से चार दिन पहले ही खरीदी गई थी। डीलर को दिल्ली पुलिस अपने साथ ले गई है।

फरीदाबाद के सेक्टर 37 में रॉयल कार जोन के कार डीलर सोनू का ऑफिस है। इसने ओएलएक्स पर कार सेल की विज्ञापन पोस्ट किया था। इसके बाद कार बिकी। सोनू को दिल्ली स्पेशल सेल के हवाले कर दिया गया है। लाल किले के सामने जिस आई-20 कार में धमाका हुआ है वह वह हरियाणा की है। ये कार गुरुग्राम नॉर्थ आरटीओ पर यह कार रजिस्टर्ड बताई जा रही है। यह एक साल में सात बार बेची जा चुकी है। पुलिस ने पुष्टि की कि यह धमाका सुनियोजित आतंकी साजिश का नतीजा था। मौके से बरामद मलबे में आईईडी के अवशेष मिले हैं। खास बात ये है कि जिस जगह धमाका हुआ है वहां न तो गड्ढा हुआ और न ही मृतकों के शरीर काले पड़े हैं। एनआईए, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और फोरेंसिक टीमें मिलकर पूरे

दिल्ली पुलिस सूत्रों के अनुसार लाल किले में जो विस्फोटक इस्तेमाल हुआ है वो दो एक्सप्लोसिव का मिश्रण है, ये एक एक्सप्लोसिव नहीं है। फोरेंसिक द्वारा मौके से उठाए गए नमूनों में प्राथमिक तौर पर हाई एक्सप्लोसिव के होने की संभावना है। इसमें कौन से विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया, यह लैब जांच में ही स्पष्ट होगा।

# राष्ट्रीय श्रम व रोजगार सम्मेलन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीया की अध्यक्षता में शुरू हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय श्रम एवं रोजगार सम्मेलन में देशभर के श्रम रोजगार और उद्यमिता मंत्रियों ने भाग लिया।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन राजस्थान की ओर से शामिल हुए राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले और खेल, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'राइजिंग राजस्थान समिट' के माध्यम से एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसके माध्यम से राज्य में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं, जिसके जरिए आने वाले समय में नए उद्योगों का बड़ा निवेश राजस्थान में होगा।



उन्होंने कहा कि यह समिट राजस्थान के औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर पैदा करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। मंत्री श्री विश्नोई ने कहा कि राजस्थान अब देश के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रदेश के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के चहुंमुखी विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में भी सतत प्रयास कर रही है ताकि विकसित राजस्थान के साथ स्वास्थ राजस्थान के लक्ष्य को भी हासिल किया जा सके। इस सम्मेलन में विकसित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ाने के लिए सहयोगात्मक रणनीतियों, नीति अभिसरण और समावेशी कार्यबल विकास पर विशेष चर्चा हो रही है। सम्मेलन के दौरान भारत के रोजगार और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से नवीन विचारों, सर्वोत्तम प्रथाओं और सहयोगात्मक दृष्टि कोणों को साझा किया जा रहा है।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद पिलखुआ में अलर्ट

## आतंकी टुंडा के रिश्तेदार के घर पहुंची पुलिस, इलाके में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राजधानी दिल्ली में हुए धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। देशभर में संदिग्ध स्थानों और व्यक्तियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में हापुड़ के पिलखुआ क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों ने सर्च अभियान तेज कर दिया है। जानकारी के अनुसार, आतंकी अब्दुल करीम टुंडा के रिश्तेदार के घर पुलिस ने पहुंचकर पूछताछ की है।



यह मामला पिलखुआ थाना क्षेत्र के अशोक नगर का बताया जा रहा है। स्थानीय पुलिस और इंटेलिजेंस विंग की टीम ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में दबिश दी। देर रात तक पुलिस टीम घर पर मौजूद रही और परिजनों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली ब्लास्ट के कुछ सुराग पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों से भी जुड़ सकते हैं, जिसके चलते सुरक्षा एजेंसियां हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रख रही हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर के आसपास के इलाके की कड़ी तलाशी ली और पड़ोसियों से भी पूछताछ की। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। लोग देर रात तक पुलिस की हलचल को लेकर चर्चा करते रहे। एसपी हापुड़ कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि दिल्ली ब्लास्ट के बाद जनपद में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। साथ ही, भीड़भाड़ वाले इलाकों, रेलवे स्टेशन और बस अढों पर भी गश्त बढ़ा दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब्दुल करीम टुंडा के संबंधियों से पूछताछ की गई है, लेकिन फिलहाल कोई आपत्तिजनक सामग्री या गतिविधि सामने नहीं आई है। पुलिस और इंटेलिजेंस एजेंसियां हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही हैं। गौरतलब है कि अब्दुल करीम टुंडा देश में कई बम धमाकों का मास्टरमाइंड रह चुका है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा समेत कई राज्यों में वह फरार रहा है। ऐसे में उसके किसी रिश्तेदार के घर पर जांच की खबर से पिलखुआ सहित पूरे हापुड़ जिले में सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता बढ़ गई है। फिलहाल पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दें। जिला प्रशासन और खुफिया टीमें लगातार अलर्ट पर हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

## संविदाकर्मियों ने कम सैलरी को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में बुधवार को संविदा कर्मियों ने कम सैलरी मिलने के विरोध में ज़ोरदार प्रदर्शन करते हुए एसई कार्यालय पर धरना दिया। प्रदर्शन में जिले भर से बड़ी संख्या में संविदा कर्मी शामिल हुए। उन्होंने प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए कहा कि वे वर्षों से विभाग में पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें निर्धारित वेतन नहीं मिल रहा है।



कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा तय वेतनमान का भुगतान विभागीय स्तर पर नहीं किया जा रहा है। शासन से पूरा बजट जारी होने के बावजूद उन्हें आधी-अधूरी सैलरी दी जाती है, जिससे उनके परिवारों का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी के कारण संविदा कर्मियों को आर्थिक तंगी झेलनी पड़ रही है। धरने के दौरान कर्मचारियों ने पूरा वेतन दो, न्याय दो के नारे लगाए और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी सैलरी का मुद्दा हल नहीं हुआ तो वे कामकाज ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से वार्ता की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और उचित समाधान किया जाएगा। संविदा कर्मियों ने यह भी मांग की कि उन्हें स्थायी कर्मचारियों के समान सुविधाएं दी जाएं, जैसे कि पेंशन, बीमा और नियमित वेतनमान। उन्होंने कहा कि वे हर स्थिति में विभाग के कार्यों को पूरा करते हैं, फिर भी उन्हें अस्थायी कर्मचारी की तरह ट्रीट किया जा रहा है, जो अन्यायपूर्ण है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन कर्मचारियों ने साफ कहा कि अगर उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो वे आगामी दिनों में आंदोलन को और व्यापक स्वरूप देंगे।

## विकास कार्यों को मिली रफ्तार, सड़कों व नालियों के निर्माण का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के विकास को नई दिशा देने और जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन ने कई बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का शुभारंभ किया। नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड-31 स्थित देवलोक कॉलोनी एवं पंजाबी कॉलोनी में सीसी सड़क निर्माण कार्यों का तथा वार्ड-10 के नवीकरीम और मेरठ गेट पुलिस चौकी के समीप सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया गया।

इन निर्माण कार्यों का शुभारंभ फीता काटकर विधिवत रूप से किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सभासदों और नगर पालिका अधिकारियों ने भाग लिया। मौके पर सैकड़ों स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक उपस्थिति दर्ज कराई। जैसे ही शिलान्यास समारोह प्रारंभ हुआ, माहौल में उत्सव का रंग छा गया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग झूम उठे और फूल-मालाओं से जनप्रतिनिधियों का भव्य स्वागत किया गया। नगर पालिका प्रशासन की ओर से बताया गया कि इन विकास कार्यों पर कुल 58,06,167 की लागत आएगी। इन सड़कों और नालियों के निर्माण से न केवल आवागमन में सुगमता होगी, बल्कि क्षेत्र में जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। वर्षों से जर्जर सड़कों और टूटी नालियों से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली और नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि ये कार्य क्षेत्र के लंबे समय से लंबित विकास सपनों को साकार करेंगे। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से आग्रह किया कि इसी प्रकार अन्य वार्डों में भी विकास की गति बनाए रखी जाए ताकि हापुड़ शहर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाया जा सके। वहीं सभासदों ने कहा कि नगर के हर क्षेत्र में विकास कार्यों को समान रूप से प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही हापुड़ को एक मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।



## दिल्ली ब्लास्ट के बाद हापुड़ में एसपी ने खुद संभाली कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राजधानी दिल्ली में हुए विस्फोट की गंभीर घटना के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर हैं। सुरक्षा के मद्देनज़र हापुड़ जिले को रेड जोन में शामिल करते हुए प्रशासन ने हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस और खुफिया एजेंसियों की नजर है।



एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और बाजारों में पहुंचकर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी के नेतृत्व में जिलेभर में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। हर आने-जाने वाले वाहन, चाहे दोपहिया हो या चारपहिया उनकी गहन तलाशी ली जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस टीमों ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। रेलवे स्टेशन पर भी जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीमों ने यात्रियों के सामान और लावारिस वस्तुओं की जांच की। इस दौरान एसपी ने खुद निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए। सीमावर्ती इलाकों में विशेष चौकसी बढ़ाई गई है। पुलिस बल के साथ-साथ खुफिया एजेंसियां भी जिले में लगातार गश्त और निगरानी कर रही हैं। उधर सीओ सिटी वरुण मिश्रा, कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट, कोतवाली देहात प्रभारी पटनीश सहित अन्य अधिकारी पूरे जिले में सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी में जुटे हुए हैं। हापुड़ पुलिस का कहना है कि जिले की शांति, कानून-व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस बीच प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या नजदीकी थाने को दें, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को टाला जा सके।

## रेयान पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** लायन्स क्लब हापुड़ के तत्वावधान में लायनिस्टिक वर्ष 2025-26 के अंतर्गत द्वितीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन रेयान पब्लिक स्कूल जरौठी गौशाला के पास जरौठी रोड, हापुड़ में किया गया। शिविर में नेत्र स्कैनिंग मशीन के माध्यम से कुल 305 बच्चों की आँखों की नि:शुल्क जाँच की गई। जाँच के दौरान 39 बच्चों में दृष्टि संबंधी दूर की नज़र, पास की नज़र एवं धुंधलापन जैसी समस्याओं की पहचान की गई। इस सेवा कार्य का उद्देश्य बच्चों में दृष्टि-संबंधी समस्याओं की प्रारम्भिक पहचान कर उन्हें समय रहते जागरूक करना रहा। यह शिविर लायन सुभाष अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर लायन्स क्लब हापुड़ के अध्यक्ष लायन अशोक चौकड़यात, सचिव लायन प्रणव आर्य, कोषाध्यक्ष लायन अनुज जैन, लायन सचिन सिंहल, लायन सुभाष अग्रवाल, लायन अतुल गुप्ता व प्रधानाचार्य श्वेता मनचंदा व अध्यापिकाएं प्रियंका, रूबी, बरखा, खुशबू, रेनू, अंशु, सुनीता, पूजा पूनम, आदि उपस्थित रहे।




## जीएस मेडिकल कॉलेज में कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** द आर्ट आफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय युवा सशक्तिकरण एवं कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन जीएस मेडिकल कॉलेज में 4 से 7 नवम्बर 2025 तक किया गया। इस कार्यशाला का संचालन संस्थान के प्रशिक्षित प्रशिक्षक दक्ष मीनोचा द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य एमबीबीएस छात्रों को तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन और नेतृत्व कौशल विकसित करने हेतु योग, प्राणायाम और ध्यान की व्यावहारिक तकनीकों से सशक्त बनाना था। 60 से अधिक मेडिकल छात्रों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। कई छात्रों ने बताया कि इस कार्यशाला ने उन्हें सामाजिक चिंता, अवसाद तथा नए माहौल में सामंजस्य बैठाने में मदद की और उनके मानसिक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ। छात्रों ने कहा कि वे खुश, शांत और सकारात्मक महसूस कर रहे थे तथा ऐसी कार्यशालाएँ नियमित रूप से आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। इस कार्यक्रम को डीन डा. प्रदीप गर्ग, प्रथम वर्ष की विभागाध्यक्ष डा. वनीता गुप्ता, कक्षा प्रतिनिधियों एवं कॉलेज प्रबंधन टीम का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। प्रबंधन ने इस पहल को छात्रों के समग्र विकास और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत सराहनीय बताया।



### एक नजर

## संदिग्ध युवक के कब्जे से अवैध चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना हापुड़ नगर पुलिस की टीम द्वारा एचपीडीए चौराहे से बिजलीघर की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को एक युवक पर शक हुआ, जिसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान गुलफाम अंसारी पुत्र सईदुद्दीन निवासी गली नंबर-3, शानानवी मस्जिद के पास, अहमदनगर, नियर कांच का पुल, थाना लिसाड़ीगेट, जनपद मेरठ के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि युवक हापुड़ क्षेत्र में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनपद में अपराधियों व असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार गश्त और चेकिंग अभियान चला रही है। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि जिले में शांति, कानून और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया पोषण पोटली वितरण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सोमवार को बाबू रामचरण दास स्मारक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हापुड़ में शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 70 टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित मरीजों के चेहरों पर खुशी झलक उठी।

कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के कुशल निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने मरीजों और उनके परिजनों को टीबी के लक्षण, जांच और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी रहती है, खांसी में बलगम या खून आता है, छाती में दर्द, वजन कम होना, भूख कम लगना या रात में अत्यधिक पसीना आना जैसे लक्षण दिखें तो उसे तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि टीबी के सभी परीक्षण और दवाइयां भारत सरकार द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही निरूक्षय पोषण योजना के तहत प्रत्येक टीबी मरीज को प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खाते में दी जाती है। इसके अलावा कई स्वयंसेवी संस्थाएं एवं औद्योगिक घराने भी टीबी रोगियों की मदद के लिए पोषण पोटलियां प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में आज शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा यह वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अजीत सिंह, क्षमा सिंह, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, नितिन गर्ग, नीरज कुमार, भारती सिंह, बिंदु, वंदना, अंशिका, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डा. समरेंद्र राय, जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक हसमत अली, टीबी एचवी राजकुमार सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## 12 नवम्बर को मनाया जाएगा कालभैरव जयंती पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अनेक पाप व कष्ट से छुटकारा देने के साथ केतु ग्रह पीड़ा से मुक्ति प्रदान करने वाला पर्व कालभैरव जयंती 12 नवम्बर को मनाया जाएगा। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले ने कहा कि कलयुग में ब्रह्महत्या सहित अनेक कष्टों से मुक्ति प्रदान करने वाले भैरव ही है जो साक्षात् भगवान शिव के ही रूप है अष्टमी तिथि 11 नवम्बर की रात्रि 11.09 बजे से प्रारम्भ होकर 12 नवम्बर की रात्रि 10.58 तक है शिवमहापुराण, स्कंदपुराण के अनुसार भगवान भैरव का आविर्भाव मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अष्टमी को हुआ था। अत: आज के दिन कालभैरव की पूजा कालभैरवाय नम: मंत्र से करना चाहिए तथा काल भैरव मंदिर में सफ़ेद झंडा भी लगाना चाहिए। केतु ग्रह से पीड़ित व्यक्ति को पूजन, मंत्रजप, हवन करना चाहिए। इससे लाभ होगा ब्रह्मयोग होने से शत्रु शान्ति एवं अज्ञात भय बाधा से भी मुक्ति मिलेगा। आज के दिन वाराणसी, काशी, उज्जैन आदि तीर्थ में कालभैरव, दर्शन, पूजन का विशेष महत्व है।



## पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का डीएम व एसपी ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को मेरठ जोन की 27वीं अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम अभिषेक पांडेय एवं एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने परेड का निरीक्षण करते हुए ध्वजारोहण और शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया।



इस अवसर पर मंच से दोनों अधिकारियों ने उपस्थित पुलिस कर्मियों, खिलाड़ियों और अतिथियों को संबोधित किया। डीएम ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खेल भावना और अनुशासन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि पुलिस बल के बीच आपसी एकजुटता और मनोबल को भी सशक्त करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे जीत-हार से ऊपर उठकर खेल को खेल भावना के साथ खेलें और अपने-अपने जनपद का नाम रोशन करें। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस बल के जवान दिन-रात कानून-व्यवस्था बनाए रखने में तत्पर रहते हैं, ऐसे में खेल-कूद से उन्हें ऊर्जा, उत्साह और मानसिक ताजगी मिलती है। उद्घाटन अवसर पर विभिन्न जनपदों की पुलिस टीमों ने परेड में भाग लिया और उत्कृष्ट तालमेल का प्रदर्शन किया। मैदान में क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस बैंड की मधुर धुनों और विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को और भी रंगीन बना दिया। कार्यक्रम में एएसपी, सीओ, थाना प्रभारियों, विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकगण, एवं बड़ी संख्या में दर्शक और पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि प्रतियोगिता में मेरठ जोन के विभिन्न जिलों की पुलिस टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे और विजेता टीम को भव्य ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया जाएगा। डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से क्रिकेट की पहली गेंद फेंककर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जनपद हापुड़ की खेल संस्कृति को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेंगे।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार, 48 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब और कार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा अपराध और अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो अंतरराज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 48 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब और तस्करी में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद की है।




थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक वैगनआर कार को रोककर जब तलाशी ली गई तो उसमें से 48 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी अवैध शराब को हरियाणा से लाकर हापुड़ और आस-पास के इलाकों में सप्लाई करने की फिराक में थे। पूछताछ में दोनों ने शराब तस्करी में संलिप्त होने की बात कबूल की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बबन मंडल पुत्र राजकिशोर व छोटू बढ़ई पुत्र सिकंदर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों के विरुद्ध थाना पिलखुवा पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस ने दो मासूमों को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से कराया मुक्त, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की तरह ही अब ऑपरेशन स्माइल भी जनपद हापुड़ पुलिस की बड़ी उपलब्धियों में शुमार हो गया है। गढ़ गंगा कार्तिक मेला-2025 के दौरान ब्रजघाट से अपहृत दो मासूम बच्चों को थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अभूतपूर्व तत्परता दिखाते हुए सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए एक महिला समेत तीन अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार, 6 नवम्बर 2025 को गढ़ गंगा मेला के दौरान ब्रजघाट क्षेत्र से दो मासूम बच्चों के अपहरण की सूचना पर पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीमों ने सुराग जुटाने शुरू किए। अथक प्रयासों के बाद पुलिस ने स्याना रोड स्थित एक बंद पड़े भट्टे के सामने से तीन अपहरणकर्ताओं को दबोच लिया। उनके कब्जे से अपहृत दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि गिरफ्तार आरोपी बच्चों को बेचने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुकेश उर्फ मोनू पुत्र वीर सिंह, गौतम पुत्र धर्मपाल व गीता पत्नी शिवकुमार के रूप में हुई है। अपहृत बच्चों की सकुशल बरामदगी के बाद उनके परिजनों ने राहत की सांस ली और खुशी से झूम उठे। उन्होंने पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि अगर पुलिस समय पर कदम न उठाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। गढ़मुक्तेश्वर थाना पुलिस की यह सफलता अन्य थानों के लिए प्रेरणा है।

# नशे की लत ने युवक को बनाया चोर

■ लाखों के जेवरात समेत गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के एक कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से लाखों रुपए कीमत के जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी करने वाले एक शख्स को आज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश नशे का आदी है।

एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में रहने वाला एक शख्स अपने घर का दरवाजा बंद करके बाजार में खरीदारी करने चले गए थे। जब वह वापस आए तो उसने देखा कि अज्ञात बदमाशों ने उसके घर से लाखों रुपए कीमत के जेव. रात, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है।

उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर घरों में चोरी करने वाला एक शातिर चोर दीपक गंगवार पुत्र संतोष गंगवार को एफएनजी सर्विस रोड़ ग्रीन बेल्ट गेट के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध चाकू तथा चोरी की हुई एक चौन सोने की, एक मंगलसूत्र सोने का, एक लोकेट सोने का माला सहित, 2 जोडी कान की झुमकी आर्टीफिशियल, 4 कंगन आर्टीफिशियल, तीन जोडी बिछुवां चाँदी के, दो कलाई घड़ी बरामद किया गया है। उन्होने बताया कि अभियुक्त नशे का आदी है। जो नशे के हालत में खाली मकान व फ्लैट आदि में चुपके से घुसकर चोरी करके फरार हो जाता है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को जमानत

**नोएडा।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी अमरजीत उर्फ सुरजीत को जमानत दी है। अदालत ने गौर किया कि पीड़िता ने अपने किसी भी बयान में यह नहीं कहा कि आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती या जबरन यौन उत्पीड़न किया। मामला 17 सितंबर 2025 का है। जब शिकायतकर्ता की 16 वर्षीय पुत्री कुछ काम से घर से बाहर गई और वापस नहीं लौटी। परिवार द्वारा खोजबीन के बाद भी जब लड़की नहीं मिली तो 20 सितंबर को देर रात अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। अदालत ने मामले की डायरी और पीड़िता के बयानों का अवलोकन किया। पीड़िता की जन्मतिथि 23 सितंबर 2009 पाई गई, जो घटना के दिन उसकी उम्र 16 वर्ष की है। अदालत ने पीड़िता के बयान को देखने के बाद कहा कि वह आरोपी के साथ रिश्ते में थी और उसके साथ स्वेच्छा से गुरुग्राम गई थी।

# ग्रेनो में अतिक्रमण रोकने व भूमि प्रबंधन के लिए प्राधिकरण की खास पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर के साथ मिलकर एआई आधारित अतिक्रमण मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने की पहल की है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एमओयू शीघ्र साइन करने की तैयारी चल रही है। इस पर कार्य भी जल्द शुरू हो जाएगा। ट्रायल के तौर पर पहला फेज का डाटा दिसंबर तक तैयार हो जाएगा और मार्च 2026 तक पूरा सिस्टम विकसित करने का लक्ष्य है। इसका उद्देश्य भूमि प्रबंधन में पारदर्शिता, वैज्ञानिकता और अतिक्मण को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। यह पहल देश में किसी भी विकास प्राधिकरण की तरफ से पहली बार की जा रही है। इसके अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) को हाई-रिजोल्यूशन उपग्रह चित्रों के साथ एकीकृत कर अतिक्रमण की पहचान करने में मदद मिलेगी। लैंड की उपलब्धता की सटीक जानकारी भी मिल सकेगी। इसके जरिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को लैंड के बारे में समयबद्ध जानकारी मिल सकेगी।

जीआईएस आधारित इमेज प्राप्त होने से निर्णय लेने में आसानी होगी। एमओयू के तहत एनआरएससी एआई आधारित मॉडल, मॉनिटरिंग डैशबोर्ड और अलर्ट सिस्टम विकसित करेगा। साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्टाफ को प्रशिक्षित करेगा, ताकि भविष्य में यह सिस्टम प्राधिकरण को हैंडओवर होने के बाद किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस बारे में मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार ने कहा है कि यह पहल तकनीक आधारित गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसरो के सहयोग से भूमि संरक्षित करने, सार्वजनिक परिसंपत्तियों के प्रबंधन में अधिक पारदर्शिता, सटीकता और जवाबदेही आएगी। इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा कि एआई और उपग्रह आधारित मॉनिटरिंग से अतिक्रमण रोकथाम और कार्रवाई की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। यह परियोजना स्मार्ट, डेटा-ड्रिवन और प्रो-ऐक्टिव प्रवर्तन व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है। प्राधिकरण की तरफ से तकनीक आधारित शहरी प्रबंधन की दिशा में उठाया गया दूरदर्शी, नवोन्मेषी और परिवर्तनकारी कदम है। इसरो के सहयोग से विकसित यह मॉडल न केवल ग्रेटर नोएडा में भूमि संरक्षण को नई दिशा देगा, बल्कि अन्य विकास प्राधिकरणों और शहरी निकायों के लिए भी एक उत्कृष्ट उदाहरण और भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत करेगा।

# धान की तुलाई नहीं होने के विरोध में मंडी इंस्पेक्टर को बनाया बंधक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** किसान एकता संघ के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को रीलखा रोड स्थित राजकीय धान क्रय केंद्र मंडी पर किसानों के धान की तुलाई न होने के विरोध में दूसरे दिन भी धरना जारी रखा। धरने का नेतृत्व जोरा भाटी ने किया और संच. ालन पप्पे नागर ने किया। इस दौरान नाराज किसानों ने मंडी इंस्पेक्टर को काफी देर तक बंधक बनाकर रखा। बाद में मौके पर पहुंचे डिप्टी आरएमओ और मंडी सचिव ने किसानों से वार्ता की। इसके बाद ही गुस्साए किसानों ने धरना स्थगित किया।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि सरकारी धान क्रय केंद्र पर किसानों का धान पिछले पंद्रह दिनों से पड़ा हुआ है, लेकिन अभी तक उसकी तुलाई नहीं की गई है। इस लापरवाही से नाराज किसानों ने मंडी के इंस्पेक्टर चंद्रभान शर्मा को पंचायत में बंधक बनाकर बैठा लिया। इससे पुलिस और प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। लंबी बातचीत के बाद किसानों और अधिकारियों के बीच शाम को आपसी सहमति बनी। निर्णय लिया गया कि धान के सैंपल को दोबारा लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान अधिकारियों ने सभी को भरोसा दिलाया कि जल्द ही तुलाई शुरू कर दी जाएगी।

किसानों ने घोषणा की कि जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती। तब तक किसानों का धरना स्थगित रहेगा। इस मौके पर देशराज नागर, मोहनपाल नागर, कृष्ण बैसला, भूपेंद्र नागर, राजसिंह ठेकेदार, वनीस प्रधान, विक्रम नागर, उम्मेद एडवोकेट, अखिलेश प्रधान, वाहिद भाटी, महेश, सतवीर भाटी, हेमराज बीडीसी, परवेज खान, सल्लन पहलवान, हिमाचल कसाना, प्रवीण कुमार, दुर्गेश शर्मा, रोहित गौतम, सुमित भाटी और आतिफ समेत काफी किसान मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल से गांजा लाकर एनसीआर में खपाने वाले पांच गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** फेज-2 पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गांजा लाकर एनसीआर में तस्करी करने वाले गिरोह का मंगलवार को पर्दाफाश कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 11 किलो गांजा बरामद किया। सेंट्रल नोएडा जोन की एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि फेज-2 थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी की टीम पिछले कुछ दिनों से गांजा तस्करों को पकड़ने में जुटी थी। टीम ने सेक्टर-81 स्थित भूडा तिराहा के पास चेकिंग के दौरान पांच संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। उनकी निशानदेही पर 11 किलो गांजा और उसकी बिक्री से मिले 38 हजार रुपये बरामद किए।

बरामद गांजे की कीमत बाजार में करीब एक लाख रुपये है। आरोपियों की पहचान जिला मैनपुरी के कुमरपुर गांव निवासी संतोष गुप्ता, जिला बुलंदशहर के जाहिदपुर कला गांव निवासी शौकीन, जिला बुलंदशहर के हरतौली गांव निवासी अफसर, दिल्ली के ताजपुर गांव निवासी सोनू और जिला बदायूं के सैफुल्लागंज निवासी मो. इरफान के रूप में हुई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने गिरोह बना रखा है। वह पश्चिम बंगाल से सस्ते दामों पर गांजा खरीदकर लाते हैं। गांजा लाते समय किसी को उन पर संदेह न हो, इसलिए पीठ पर बैग में लादकर तस्करी करते हैं। इसके बाद एनसीआर में घूमकर लोगों को महंगे दाम पर गांजा बेचकर लाभ कमाते हैं।

**दिन में ऑटो चलाते, रात में तस्करी करते:** पूछताछ में आरो. पियों से पता चला कि वे पेशे से ऑटो चालक हैं। वे घूम घूमकर गांजे की तस्करी करते हैं। इसके अलावा पकड़े जाने के डर से आपस में व्हाट्सऐप कॉल पर बातचीत करते हैं, ताकि पुलिस इन्हें सर्विलांस की मदद से पकड़ न सके।

**अधिक पढ़े-लिखे नहीं हैं आरोपी:** जांच में पुलिस को पता चला कि 54 वर्षीय संतोष गुप्ता अशिक्षित है। वह वर्तमान में सेक्टर-4 स्थित एक कंपनी के सामने फुटपाथ पर रहता है। 34 वर्षीय शौकीन कक्षा पांच तक पढ़ा है और वर्तमान में दिल्ली के जैतपुर में रहता है। 30 वर्षीय सोनू अशिक्षित है और सेक्टर-142 क्षेत्र स्थित कच्ची कॉलोनी में रहता है। 33 वर्षीय अफसर कक्षा तीन तक पढ़ा है और वर्तमान में दिल्ली के कालिंदी कुंज में रहता है। वहीं, 36 वर्षीय मो. इरफान अशिक्षित है और वर्तमान में फेज-दो थाना क्षेत्र स्थित शिव शक्ति एन्क्लेव में रहता है।

## एक नजर

### गिरफ्तारी वारंट का अनुपालन नहीं करने पर सेक्टर-63 थानाध्यक्ष का वेतन रोका

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला परिवार न्यायालय ने न्यायिक आदेशों की अवहेलना पर सख्त रुख अपनाते हुए सेक्टर-63 नोएडा थानाध्यक्ष का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बुद्धि सागर मिश्र ने पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर को पत्र भेजकर कहा है कि न्यायालय द्वारा जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट का लगातार अनुपालन नहीं किया जा रहा है। मामला फौजदारी प्रकीर्ण पूजा देवी आदि बनाम रोहित से जुड़ा है। यह दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-125 के अंतर्गत भरण-पोषण संबंधी वाद है। विपक्षी प्रमोद यादव निवासी गांव हजरतपुर वाजिदपुर सेक्टर-63 नोएडा भरण-पोषण संबंधी आदेश का पालन नहीं कर रहा है। बार-बार आदेश के बावजूद भरण-पोषण की धनराशि जमा नहीं की गई। इस स्थिति में न्यायालय ने उसके विरुद्ध गिरफ्तारी अधिपत्र जारी किए थे। लेकिन पत्र के अनुसार सेक्टर-63 थानाध्यक्ष की ओर से इन आदेशों का अनुपालन नहीं किया गया। न्यायालय ने इसे न्यायिक आदेशों की स्पष्ट अवहेलना मानते हुए थानाध्यक्ष का वेतन अगले आदेश तक रोकने का आदेश पारित किया। प्रधान न्यायाधीश ने पुलिस आयुक्त से कहा है कि न्यायालय के आदेश के अनुसार थानाध्यक्ष सेक्टर-63 का वेतन रोका जाए और की गई कार्यवाही से 28 नवंबर 2025 के पूर्व न्यायालय को अवगत कराया जाए।

### नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी को नहीं मिली राहत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अपर सत्र न्यायालय ने एक नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी मुकेश कुमार यादव की तीसरी जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश ने आरोपों की गंभीरता और अभियोजन पक्ष के पास मौजूद सबूतों को देखते हुए यह फैसला सुनाया। मामला थाना जेवर क्षेत्र का है। जहां वादी ने 17 अगस्त 2024 को एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया था कि 16 अगस्त को उसकी 16 वर्षीय नाबालिग घर से लापता हो गई थी। विवेचना के दौरान पता चला कि आरोपी मुकेश कुमार यादव ने लड़की का अपहरण किया और उससे जबरन शादी की। चिकित्सीय परीक्षण में पीड़िता की उम्र 17 वर्ष आंकी गई, जो घटना के समय नाबालिग थी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पीड़िता ने धारा-164 सीआरपीसी के तहत दिए बयान में आरोपी के साथ जबरन शादी और दुर्व्यवहार के आरोपों की पुष्टि की थी। न्यायालय ने कहा कि जमानत की सुनवाई के दौरान साक्ष्य का मूल्यांकन करना उचित नहीं है। पीड़िता की उम्र, विवेचना में एकत्र सबूत और मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं है।

### कार से टक्कर मारने का विरोध करने पर दो भाइयों को पीटा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-2 क्षेत्र स्थित ककराला गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के कुछ लोगों पर सेक्टर-80 में थार से उनके दो भाइयों को टक्कर मारने और विरोध करने पर पीटने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इमरान ने पुलिस को बताया कि वह परिवार संग ककराला गांव में रहते हैं। वह अपने भाई खान मोहम्मद और आदिल के साथ कबाड़ का काम करते हैं। उनका गांव के कुछ लोगों से आपसी विवाद चल रहा है। आरोप है कि रविवार रात खान मोहम्मद और आदिल बाइक से गोदाम पर जा रहे थे। सेक्टर-80 में थार कार सवार सलमान ने पहले उनके भाइयों की बाइक में टक्कर मारी। इसका विरोध करने पर सलमान ने अपने भाई समशेर और अन्य को बुलाया। आरोपियों ने दोनों भाइयों को लाठी-डंडों से पीटा। हमले में खान मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। जानकारी होने पर इमरान मौके पर पहुंचे। अपने दोनों भाइयों का उपचार कराया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नोएडा एयरपोर्ट से 15 दिसंबर से उड़ेंगी कमर्शियल उड़ान, सीएम ने दिए निर्देश

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जल्द ही व्यावसायिक उड़ानों की शुरुआत होने जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि 15 दिसंबर से एयरपोर्ट से उड़ान सेवाएं शुरू हो सकती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एयरपोर्ट संचालन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री ने अपने हालिया दौरे में साफ निर्देश दिए थे कि 15 दिसंबर तक हर हाल में व्यावसायिक उड़ान सेवा शुरू कर दी जाए। इसी के तहत एयरपोर्ट पर लगातार ट्रायल ऑपरेशन और सुरक्षा संबंधी परीक्षण किए जा रहे हैं।

**कल जरूरी बैठक:** बुधवार को नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारी, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) और यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## सेक्टर अल्फा टू से 30 अवैध खोखे जब्त

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग की तरफ से सेक्टर अल्फा -टू में अवैध रूप से लग रहे अतिक्रमण पर मंगलवार को स्थानीय पुलिस की मदद से कार्रवाई की गई, जिसमें लगभग 30 काउंटर जब्त कर लिए गए। सड़क किनारे एवं दुकानों के सामने बने इन अवैध काउंटर से लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही थी। सेक्टर के लोग इन्हें हटाने की मांग कर रहे थे। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार और एसीईओ प्रेरणा सिंह के निर्देश पर ओएसडी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अर्बन सर्विस विभाग के टीम ने यह कार्रवाई की है।

# यूपी रेरा ने छह परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने मंगलवार को गौतमबुद्ध नगर और वाराणसी समेत पांच जिलों में छह रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में फ्लैट और दुकान मिलाकर कुल 1,470 इकाइयों का निर्माण हो सकेगा। इससे लगभग 864 करोड़ रुपये का निवेश आने का अनुमान है। लखनऊ में हुई बैठक के बाद यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि बरेली में दो, गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ और वाराणी में 1-1 परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे लखनऊ में 136.94 करोड़, वाराणसी में48.94 करोड़, कानपुर नगर में 173. 64 करोड़, बरेली की दो परियोजनाओं में60.42 करोड़ और गौतमबुद्ध नगर में सबसे अधिक 444 करोड़ रुपये के निवेश आने की संभावना है। बता दें कि गत माह भी 10 से अधिक परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई थी। रेरा के अधिकारी के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों के दौरान छोटे और मध्यम शहरों में भी रियल एस्टेट परियोजनाओं का विस्तार हुआ है। फ्लैट का प्रचलन बढ़ा है।

# नोएडा में निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों पर लगी रोक, वायु प्रदूषण पर नकेल कसने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण और गिरते वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के मद्देनजर Commission for Air Quality Management (CAQM) ने Graded Response Action Plan (GRAP) का स्टेज-3 लागू कर दिया है। इसके तहत नोएडा क्षेत्र में कई गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

नोएडा प्राधिकरण (नोएडा अथॉरिटी) ने बताया कि मेट्रो रेल, अस्पताल और फ्लाईओवर से संबंधित कार्यों को छोड़कर अन्य सभी निर्माण गतिविधियाँ बंद रहेंगी। BS-III पेट्रोल और BS-IV डीजल वाले चारपहिया वाहन सड़कों पर नहीं चल सकेंगे। नोएडा क्षेत्र में संचालित सभी RMC प्लांट और स्टोन क्रशर बंद रहेंगे।

भवनों के ध्वस्तीकरण (Demolition) पर भी रोक रहेगी।

प्राधिकरण ने सभी निवासियों, संस्थानों और एजेंसियों से GRAP-3 के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि सीएक्यूएम (CAQM) द्वारा जारी गाइडलाइनों का पालन सुनिश्चित करना सभी के लिए अनिवार्य है, ताकि वायु प्रदूषण की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और जन स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।

# नोएडा व ग्रेटर नोएडा में सड़क हादसे में छात्रा और बाइक सवार की मौत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में एक छात्रा व बाइक राइडर की मौत हो गई। वहीं एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है। पीड़ित परिजनों की शिकायत के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तेज रफ्तार आरोपी वाहन चाल. कों की तलाश कर रही है।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना दनकौर के प्रभारी मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मनोज कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी बेटी अलका नागर को अपनी स्कूटी पर बैठाकर गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय से अपने घर जा रहे थे। पीड़ित के अनुसार एसडीएस सोसायटी के पास वह अपनी स्कूटी खड़ा करके किसी से बात करने लगे। बेटी अलका स्कूटी के पास खड़ी थी, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी और बेटी को टक्कर मार दिया। इस घटना में बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

इसके अलावा थाना फेस-3 क्षेत्र के एसआरएस हॉस्पिटल सेक्टर-70 के पास हुए एक सड़क हादसे में एक बाइक राइडर की मौत हो गई, जबकि बाइक के पीछे सवारयुवती गंभीर रूप से घायल हो गई है। थाना फेस-तीन के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उस्मान खान नामक शख्स ओला बाइक चलाता था। वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट से निहारिका श्रीवास्तव नामक युवती को बाइक पर बैठाकर उनके गंतव्य तक छोड़ने जा रहा था। तभी सेक्टर-70 के एसआरएस अस्पताल के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

उन्होंने बताया कि इस घटना में उस्मान खान और बाइक पर बैठी निहा. रिका श्रीवास्तव पुत्री विपिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उस्मान खान को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि निहारिका का उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में मृतक के बेटे शान मोहम्मद ने बुधवार सुबह को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट करने वाले वाहन की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 13 सेक्टरों में बढ़ेगी रौनक, प्राधिकरण ने 37 कमर्शियल भूखंडों की नई योजना शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नई योजना शुरू की है। प्राधिकरण ने 13 सेक्टरों में कुल 37 व्यावसायिक भूखंडों की योजना लॉन्च की है। इन भूखंडों का आकार 1500 वर्गमीटर से लेकर 23,023 वर्गमीटर तक होगा।

इस योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 13 नवंबर से शुरू होकर 5 दिसंबर तक चलेगी। इच्छुक निवेशक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। वहीं, प्रोसेसिंग फीस और जरूरी दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 9 दिसंबर निर्धारित की गई है। आवंटन की पूरी प्रक्रिया ई-नीलामी के जरिए पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन पूरी की जाएगी। यह योजना उन सेक्टरों में लागू की जा रही है जहां व्यावसायिक सुविधाओं की कमी महसूस की जा रही थी। इन भूखंडों पर बहुमंजिला इमारतें बनने से सेक्टरवासियों को रोजमर्रा की जरूरतों की खरीदारी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा कि यह योजना निवेशकों की मांग और सेक्टरों में रहने वाले लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आरक्षित जमीनों को योजनाओं में शामिल किया जा रहा है ताकि ग्रेटर नोएडा में आर्थिक हलचल और रोजगार के अवसर बढ़ें।

**एक महीने के अंदर मिलेगा कब्जा:** आवंटन प्रक्रिया पूरी होने के एक माह के भीतर भूखंडों का कब्जा दे दिया जाएगा। इससे आने वाले महीनों में शहर में बड़ा निवेश और निर्माण कार्य देखने को मिल सकता है। योजना में शामिल भूखंड ईटा-1, गामा-2, नॉलेज पार्क-5, बीटा-2, सेक्टर-36, सेक्टर-37, जीटा-1, सेक्टर-3, 10, 12, इकोटेक-1 एक्सटेंशन, इकोटेक-12 और डेल्टा-2 में स्थित हैं।

# टायर चोरी करने वाले बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने लग्जरी गाड़ियों के टायर चोरी करने वाले सक्रिय गैंग के लीडर अंकित समेत छह सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज किया है। गिरोह में फिरोजाबाद के अंकित के अलावा राहुल, मनोज, मनीष कुमार, हर्ष उपाध्याय और जाकिर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों को 28 अगस्त 2025 को हुई मुठभेड़ के दौरान चोरी किए गए 20 टायर रिम सहित, 10 अलॉय व्हील, तीन तमंचे, छह जिंदा कारतूस और दो खोखे कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा 30 जुलाई 2025 को भी इन्हें चार टायर रिम सहित और चोरी का सामान बेचकर प्राप्त 4 हजार रुपये के साथ पकड़ा गया था। पुलिस के मुताबिक गैंग के सदस्य लंबे समय से जनपद में सक्रिय थे और कई मुकदमों में वांछित भी थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गैंग लीडर अंकित और उसके साथी राहुल, मनोज, मनीष, हर्ष और जाकिर के खिलाफ बीटा-2 थाना क्षेत्र में कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# ग्रेटर नोएडा बनेगा देश का पहला ‘स्मार्ट लैंड मैनेजमेंट मॉडल’ शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसरो के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) के सहयोग से एक एआई आधारित अतिक्रमण निगरानी प्रणाली विकसित करने की योजना तैयार की है। यह देश के किसी भी विकास प्राधिकरण द्वारा की जा रही पहली तकनीकी पहल होगी। प्राधिकरण और एनआरएससी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर की तैयारी चल रही है।


सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देशन में इस परियोजना पर काम जल्द शुरू होगा। पहले चरण का परीक्षण डेटा दिसंबर तक तैयार करने और मार्च 2026 तक पूरी प्रणाली विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य भूमि प्रबंधन में वैज्ञानिक, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था स्थापित करना है, जिससे अतिक्रमण रोकने और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**एआई से मिलेगी सटीक जानकारी:** इस प्रणाली में उच्च-रिजॉल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से जोड़ा जाएगा। इससे भूमि पर हो रहे अतिक्रमणों की पहचान संभव होगी और भूमि की वास्तविक स्थिति के बारे में सटीक व त्वरित जानकारी भी प्राप्त होगी।

**डैशबोर्ड, अलर्ट सिस्टम और प्रशिक्षण भी शामिल:** एमओयू के तहत एनआरएससी एक एआई मॉडल, निगरानी डैशबोर्ड और अलर्ट सिस्टम विकसित करेगा। इसके साथ ही प्राधिकरण के कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि भविष्य में प्रणाली के संचालन में किसी प्रकार की समस्या न आए।

# यूट्यूबर अनुनय सूद का नोएडा में अंतिम संस्कार

## अमेरिका के होटल में मिली थी लाश, इंस्टाग्राम पर 14 लाख से अधिक फॉलोअर्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-12 में रहने वाले यूट्यूबर अनुनय सूद का मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। मंगलवार सुबह ही उनका शव नोएडा पहुंचा था।छह दिन पहले उनकी अमेरिका के लास वेगास स्थित एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

परिवार के लोगों ने बीते गुरुवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट जारी कर उनके निधन की पुष्टि की थी, लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं किया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक अनुनय वीडियो शूट कर लास वेगास स्थित होटल के कमरे पर पहुंचे थे, लेकिन सुबह नहीं उठे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनुनय सूद के पिता राहुल सूद भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) से सेवानिवृत्त इंजीनियर हैं। अनुनय सूद का जन्म छह फरवरी 1993 को उत्तराखंड में हुआ था। पिता राहुल सूद पिछले कई वर्षों से परिवार के साथ नोएडा के सेक्टर-12 में रहते हैं।

**इंस्टाग्राम पर 14 लाख से अधिक फॉलोअर्स:** अनुनय एक प्रोफेशनल फोटोग्राफर और ट्रैवल कंटेंट क्रिएटर थे। उनके इंस्टाग्राम पर 14 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स और यूट्यूब पर 3.8 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स थे। साल 2022, 2023 और 2024 में फोर्ब्स इंडिया की टॉप 100 डिजिटल स्टार्स लिस्ट में उनका नाम शामिल रहा। फोर्ब्स ने उन्हें “दुबई बेस्ड फोटोग्राफर, जो दुनिया को अपने कैमरे से देखना पसंद करता है” कहकर सम्मानित किया था। अनुनय अब तक 30 देशों की यात्रा कर चुके थे।

**नौकरी छोड़कर ट्रैवल ब्लॉगर बने:** 6 फरवरी 1993 को उत्तराखंड में जन्मे अनुनय सूद का पालन-पोषण दिल्ली में हुआ। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनकी दोनों बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। अनुनय ने इंजी. नियरिंग की पढ़ाई की, फिर अपने कॉर्पोरेट करियर की शुरुआत की। बाद में उन्होंने नौकरी छोड़ दी और ट्रैवल ब्लॉगर बन गए।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# पेट्रोल की बोतल लेकर डीएम कार्यालय पहुंचा परिवार

## प्रशासनिक अधिकारियों में मचा हड़कंप, धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने का लगाया आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** असारा गांव के एक परिवार ने गांव के ही कुछ लोगों पर धोखाधड़ी कर उसकी जमीन पर कब्जा करने और विरोध करने पर उसे जातिसूचक शब्द बोलने का आरोप लगाया है। मंगलवार को परिवार के लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पेट्रोल की बोतल लेकर कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने धरना देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उनके बैग से पेट्रोल की बोतल छिनी। एडीएम ने परिवार को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

असारा गांव की महिला ममता पत्नी रणधीर सिंह का कहना था कि वह परिवार के साथ भट्टे पर मजदूरी का परिवार का पालन करती है। कुछ दिन पहले उसके बेटे की तबियत खराब हो गई थी, जिसके ऑपरेशन के लिए 3 लाख रुपए की जरूरत पड़ने पर उसने गांव के तीन लोगों को अपनी जमीन गिरवी रख दी थी। तीनों लोगों ने एंग्रीमेंट के नाम पर धोखाधड़ी कर उसकी जमीन अपने नाम लिखवा दी, जिसके एवज में उसे दो लाख रुपए का चैक दिया गया और चार लाख रुपए ब्याज पर दिए गए। आरोप है कि कुछ दिन पहले उनमें से एक व्यक्ति ने उनके सारे रुपए लौटाने के लिए कहा था, जिस पर उसके कुछ समय मांगने पर जानकारी हुई कि उन्होंने उसकी जमीन अपने नाम करा ली है। अब आरोपी उस मुकदमा दर्ज कराकर जेल खोजने की धमकी दे रहे है। उसने थाने में शिकायत की थी, मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला अपने परिवार के लोगों के साथ पेट्रोल की बोतल लेकर कलक्ट्रेट पहुंची। वहां पहले से ही तैनात पुलिस ने उनसे पेट्रोल की बोतल छिनी। एडीएम ने परिवार के लोगों को जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# युवक ने दंबगई दिखा दुकान पर लगाया ताला, एसपी से कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जबरन रुपए मांगने तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप। अमीनगर सराय के पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को करीब साढे 11 बजे थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के अमीनगर सराय निवासी उम्मेद के मुताबिक एक गांव के युवक से 36 लाख रुपये बतौर ब्याज पर लिये थे। ब्याज दर 1.75 रुपये प्रति सैकडा थी। युवक ने उनकी दुकान को अपने पास गिरवी रखी। उसके उपरांत युवक ने दुकान खरीदने की बात की। 80 लाख रुपये में दो लोगों द्वारा आपसी समझौता हो गया था। आरोप है कि समझौता होने के बाद युवक ने दंबगई देखते हुए दुकान पर ताला डालकर दिया। दुकान बंद होने से वह भूखमरी की कगार पर है। उन्होंने युवक से रुपये देने की डिमांड की। गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा उसे 88 लाख रुपये और दुकान वापसी दिलवा दी थी। आरोप है कि आरोपित युवक जबरन दस लाख 60 हजार रुपये डिमांड कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने एसपी दफ्तर बागपत पहुंचकर एसपी से शिकायत कर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# जय पारस पब्लिक स्कूल में कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्सस संवाददाता**

**बिनौली।** सोमवार को जय पारस पब्लिक स्कूल में कुश्ती का आयोजन हुआ, जिसमें आदिनाथ हाउस, महावीर हाउस, सन्मति हाउस व शांतिनाथ हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सन्मति हाउस इस खेल का विजेता रहा।

स्कूल प्रबंधक सुनील जैन व प्रधानाचार्य डा.राहुल जैन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कुश्ती एक संपूर्ण शारीरिक व्यायाम है, जिसमें हर प्रमुख मांसपेशी समूह का उपयोग होता है। इससे शरीर की ताकत, चपलता और विस्फोटक शक्ति का विकास होता है। यह खेल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुशासन आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल को भी सिखाता है, बच्चे एक टीम का हिस्सा होने का महत्व सीखते हैं और यह समझते हैं की सफलता के लिए मिलकर काम करना कितना जरूरी है। इस खेल को सफल बनाने में शिक्षक गण भावना शर्मा, नीतू शर्मा, नीरू परवाल, प्रीति खोकर, नवनीत उज्जवल, राजीव कुमार आदि का सहयोग रहा।



# 4,500 रोजगार अवसरों लेकर आ रहा है वृहद रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले के युवाओं, महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए रोजगार का एक बड़ा अवसर उपलब्ध होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर 12 नवम्बर को सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

प्रशासन के अनुसार यह मेला न केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में सहायक होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर कौशल और उद्योग को जोड़कर बागपत को आत्मनिर्भर एवं औद्योगिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि इस बार रोजगार मेले की रूपरेखा केवल भर्ती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे जिले की वास्तविक जरूरतों और स्थानीय युवाओं के कौशल के अनुसार तैयार किया गया है। प्रशासन ने एक विस्तृत समन्वय प्रयास करते हुए सेवायोजन विभाग, यूपीसीडा, उद्योग विभाग, स्वास्थ्य, आयुष, खाद्य सुरक्षा, लोक निर्माण और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को शामिल कर संयुक्त कार्ययोजना बनाई है। इसी के तहत बागपत, बड़ौत, खेकड़ा, अहेड़ा, ढिकौली, डूंडाहेडा और काठा क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को विशेष रूप से इस मेले में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। स्थानीय कंपनियों की यह भागीदारी इस मेले की सबसे बड़ी विशेषता है।

## एक नजर

# पीड़ित व्यक्ति ने लगाई एसपी से न्याय की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बड़का गांव निवासी राममोहन नामक युवक ने अपने पड़ोसी परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोसी नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों का व्यापार करते हैं। राममोहन ने पड़ोसी परिवार पर झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता राममोहन के अनुसार, उनके पड़ोसी अवैध रूप से सुल्फा और गांजा जैसे नशीले पदार्थों के साथ-साथ हथियारों का भी कारोबार करते हैं। राममोहन ने बताया कि रात के समय नशा खरीदने आने वाले लोग अक्सर गलती से उनके घर का दरवाजा खटखटाते हैं, जिससे उनके परिवार में असुरक्षा का माहौल बना रहता है। राममोहन ने आरोप लगाया कि जब वह इन अवैध गतिविधियों का विरोध करते हैं, तो पड़ोसी युवक के बेटे और बेटी उनके परिवार के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। पीड़ित ने बताया कि सीन ने उसे अवैध हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी है। राममोहन ने यह भी बताया कि पहले भी इन लोगों द्वारा मारपीट की घटना हो चुकी है, जिसकी शिकायत एसपी कार्यालय में की गई थी। उस समय समाज के कुछ प्रतिष्ठित लोगों ने हस्तक्षेप कर समझौता करा दिया था। हालांकि, अब वही लोग उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की नीयत से फिर से धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित ने द्वारा लगाए गए मोबाइल फोन से संबंधित आरोपों को भी खारिज किया। राममोहन के अनुसार, जिस मोबाइल फोन की बात कर रही है, वह काफी समय पहले ही गुम हो चुका है, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है। पीड़ित युवक ने पुलिस प्रशासन से पड़ोसी युवक और उसके परिवार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है ताकि उनका परिवार सुरक्षित रह सके। बागपत एसपी सूरज कुमार राय ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पालिका ने चलाया अतिक्रमण अभियान, व्यापारियों व कर्मचारियों की नोक-झोंक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को नगर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गाया। पालिका के कर्मचारियों ने सड़क से ठेलियों को हटवाकर अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान ठेली लगाने वाले ठेली लेकर इधर-उधर दौड़ते हुए नजर आए। इस दौरान कुछ व्यापारियों की कर्मचारियों के साथ नोंक-झोंक भी हुई।

अभियान के दौरान नगर पालिका की टीम ने नगर के राष्ट्र वंदना चौक, शौकत मार्केट और पांडव रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पालिका की टीम से सड़क से ठेलियों को हटाया और दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण न करने और निर्देशों का पालन न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के दौरान सड़क पर ठेली लगाने वाले लोग ठेली लेकर इधर-उधर दौड़ते हुए नजर आए। अभियान के दौरान सीओ विजय चौधरी, यातायात प्रभारी सत्येन्द्र सिंह, कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी आदि पुलिस फोर्स मौजूद रहा। ईओ केके भड़ाना ने बताया कि मंगलवार को राष्ट्र वंदना चौक, शौकत मार्केट और पांडव रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ अखियान चलाया गया। दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण न करने और अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर पालिका की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान व्यापारी नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ उलझा गए। इस दौरान उनके बीच कहासुनी हुई। मौके पर पहुंचे ईओ केके भड़ाना ने व्यापारियों और कर्मचारियों को समझाकर मामला शांत कराया।


# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया जनपद की सीमाओं का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली में लाल किले के निकट एक वाहन में हुए भीषण विस्फोट की सूचना ने सुरक्षा एजेंसियों को तुरंत चौकन्ना कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश भर में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल तथा पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने दिल्ली से सटे जनपद बागपत की सीमाओं का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं स्थिति का जायजा लिया।

दोनों अधिकारियों ने बॉर्डर सहित उन सभी प्रमुख मार्गों का दौरा किया, जहाँ से दिल्ली की ओर आवागमन अधिक होता है। निरीक्षण के दौरान पुलिस बलों की तैनाती, बैरिकेडिंग, वाहनों की चेकंग व्यवस्था और रात में गश्त व्यवस्था का विस्तार से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में सुरक्षा में शिथिलता न बरती जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने स्वयं चेकिंग प्वाइंट्स पर तैनात पुलिसकर्मियों से बात कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। जिले में सघन चेकिंग अभियान जारी है और मुख्य बाजार क्षेत्रों, बस अड्डों, संवेदनशील सार्वजनिक स्थलों तथा रेलवे स्टेशन पर पुलिस की उपस्थिति बढ़ाई गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# संस्कृति विवि की टीम प्रदेश स्टार्टअप प्रतियोगिता की बनी विजेता



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का झंडा लहराया है। दरअसल आईआईटी कानपुर में द इंडस एंटरप्रिन्योर(टीआईई) उप्र स्टार्टअप प्रतियोगिता 2025 का आयोजन हुआ था जिसमें संस्कृति विश्वविद्यालय के स्टार्टअप ऑम्रिक्स की टीम वैश्वविक पिच प्रतियोता के अंतर्गत आयोजित टीआई प्रतियोगिता 2025 में विजयश्री हासिल कर नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश भर के युवा नवप्रवर्तकों के अभूतपूर्व विचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करती है। संस्कृति की टीम ऑम्रिक्स ने अपने अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा नवाचार(स्टार्टअप), ऑम्रिक्स के एसडी-वान डीडीओएस(क- ।छ क्क्वै) डिफेंडर, से निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। यह एक एआई-संचालित और ब्लॉकचेन-समर्थित नेटवर्क सुरक्षा प्रणाली है जिसे आधुनिक उद्यमों को ऑनलाइन खतरों और वितरित सेवा निषेध (डीडीओएस) हमलों से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है। वरुण कुमार (सीईओ), यश श्रीवास्तव (सीटीओ), राजन शर्मा (सीएफओ) और सूरज (उत्पाद प्रबंधक) के नेतृत्व में, टीम ने एक मजबूत व्यावसायिक और तकनीकी मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें वास्तविक समय में खतरे का पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सुरक्षित घटना लॉगिंग के लिए ब्लॉकचेन का संयोजन किया गया है। यह प्रणाली छोटे और मध्यम उद्यमों, फिनटेक फर्मों और दूरसंचार नेटवर्क के लिए किफायती, प्लग-एंड-प्ले सुरक्षा प्रदान करती हैकृजिससे एंटरप्राइज-स्तरीय साइबर सुरक्षा सभी के लिए सुलभ हो जाती है। ऑम्रीक्स के सीटीओ यश श्रीवास्तव ने कहा, ''टीआईई यूनिवर्सिटी प्लेटफॉर्म के तहत आईआईटी कानपुर में जीत हासिल करना हमारे और संस्कृति यूनिवर्सिटी के लिए गर्व की बात है।'' ''हमारा लक्ष्य साइबर सुरक्षा को स्मार्ट, स्केलेबल और स्व-शिक्षण बनाकर इसे नए सिरे से परिभाषित करना है। टीआईई-यू ने हमें न केवल मान्यता दी है, बल्कि इस नवाचार को देश भर में फैलाने के लिए मार्गदर्शन और आत्मविश्वास भी दिया है।'' ऑम्रीक्स के सीईओ वरुण कुमार ने कहा कि यह जीत टीम वर्क और नवाचार की शक्ति को दर्शाती है। ऑम्रीक्स व्यावहारिक अनुसंधान के प्रति संस्कृति यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है, और हमें यह मान्यता प्राप्त करने पर गर्व है।

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलौली।** गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जीवाना में सोमवार को विज्ञान एवं अंधविश्वास विषय पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना तथा समाज में व्याप्त अंधविश्वासों के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डा.अनिल आर्य एवं विद्या यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डा. नंदिनी शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय प्रबंधक डा. अनिल आर्य ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें हर विषय पर प्रश्न पूछने और सत्य की खोज करने की प्रवृत्ति रखनी चाहिए। उन्होंने विज्ञान को जीवन का अंग बताते हुए कहा कि अंधविश्वास अज्ञान की उपज है, जबकि विज्ञान ज्ञान का प्रतीक है। प्रतियोगिता में अनुष्का उज्ज्वल ने प्रथम स्थान, तथा अनमोल दहिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दोनों विजेताओं को डा. अनिल आर्य एवं डा.नंदिनी शर्मा ने प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पवन त्यागी, डा.सुशील वत्स, कपिल कुमार, प्रवीण तोमर, गौरव वर्मा, गुड़िया खोखर, दीपशिखा आदि उपस्थित रहे।

# तंबाकू नियंत्रण टीम ने की 6 दुकानों पर छापेमारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बागपत में कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर कार्यक्रम नोडल अधिकारी डा.रोबिन चौधरी के नेतृत्व में टीम ने बड़ौत के दिगंबर जैन इंटर/डिग्री कॉलेज के पास दुकानों पर छापा मारा।

इस दौरान धूम्रपान से संबंधित सामग्री बेचने वाली 6 दुकानों पर जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई धारा 6। के तहत की गई। टीम ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में धूम्रपान सामग्री पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम में मनीष कुशवाहा, विनीत कुमार और हरेंद्र सिंह भी शामिल थे। तंबाकू नियंत्रण टीम बागपत जनपद में लगातार विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही है। इसके साथ ही, युवाओं को तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। आज भी टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की। टीम ने दुकानदारों को प्रतिबंधित वस्तुओं की बिक्री न करने के सख्त निर्देश दिए। चेतावनी दी गई कि उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से चले गए।

नोडल अधिकारी डा.रोबिन चौधरी ने बताया कि टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने दोहराया कि प्रतिबंधित सामग्री पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मान स्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** त्रिदिवसीय ऋषभदेव मानस्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव, 14 नवंबर से 16 नवंबर तक आचार्य नयन सागर महाराज के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य अशोक जैन शास्त्री दिल्ली के दिशा निर्देशन में तीर्थंकर ऋषभदेव सभागार मान स्तंभ सभागार में धूमधाम से मनाया जाएगा।

दिगंबर जैन कॉलेज प्रबंध समिति के तत्वावधान में समस्त धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। मानस्तंभ की टोंक पर आचार्य श्री और प्रतिष्ठाचार्य सहित 10 व्यक्ति ही मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराएंगे, जिसके लिए मजबूत लोहे की पैड बनाई गई है। प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा ऊपर चढ़कर आज पैड का निरीक्षण किया गया। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि मानस्तंभ निर्माण एवं जीर्णोद्धार सरला-सुरेंद्र कुमार जैन द्वारा ध्वजारोहण मोनिका- राजेश जैन (खाद वाले) द्वारा और सामग्री रोशन लाल अमित जैन (लोहडड़े वाले) के द्वारा दी गई है। महोत्सव के सौधर्म इंद्र रोहन-ईशा जैन, कुबेर इंद्र आयुष- शालू जैन और यज्ञनायक अजय-सुनीता जैन होंगे। कलशारोहण प्रदीप पराग जैन द्वारा और अतिथि भोजन सुरेंद्र कुमार पियूष जैन (मटिया परिवार) द्वारा दिया जाएगा। 14 नवंबर को सुबह 8.30 बजे, श्री जी की पालकी यात्रा एवं घटयात्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

यात्रा अतिथि भवन से प्रारंभ होकर मानस्तंभ परिसर पहुंचेगी, जहां पर आचार्य श्री के सानिध्य में मांगलिक क्रियाएं संपन्न होंगी। 15 नवंबर को याज्ञमंडल विधान और वास्तु विधान का आयोजन किया जाएगा।

# पुलिस मुठभेड़ में दो अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। ये चोर विभिन्न क्षेत्रों में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। इनकी निशानदेही पर एक स्थान से पांच मोटरसाइकिलें, दो मोटरसाइकिलों के पाट्र्स और अन्य सामान बरामद किया गया है। इनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, एक जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस भी मिले हैं। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुटी है।

यह मुठभेड़ तब हुई जब एसपी सूरज कुमार राय के निर्देश पर अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। पुलिस को देखकर दो लोगों ने भागने का प्रयास किया। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में दोनों अभियुक्तों के पैरों में गोली लगी। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान प्रदीप उर्फ सोनू निवासी थाना क्षेत्र छपरौली और इंतजार पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी थाना क्षेत्र छपरौली के रूप में हुई है। प्रदीप उर्फ सोनू पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 55 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि इंतजार पर 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये दोनों शातिर वाहन चोर पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए थे। एसपी सूरज राय ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें फिलहाल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और बड़ौत कोतवाली में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# रामराज के सपेरे को सहारनपुर रेस्क्यू टीम ने कोबरा सांप से डसवाया, मौत

## परिजनों का रामराज चौकी पर हंगामा, मृतक का शव सड़क पर रख लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सहारनपुर में दवाई बेचने गये रामराज निवासी दो सगे भाइयों में से बड़े भाई सिकन्दर नाथ 31 वर्ष को रेस्क्यू टीम के पांच कर्मचारियों पर कोबरा सांप से डसवांने का आरोप लगाते हुए परि. जनों एवं ग्रामीणों ने शव रोड पर रखकर जमकर हंगामा किया। परि. जनों का आरोप है कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई हो व मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद दी जाए।

थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने मामले को शांत करने की कोशिश की। लेकिन मृतक के परिजन नहीं माने। करीब 35 मिनट तक चले हंगामें के बाद पुलिस ने जैसे तैसे मामले को शांत किया। रामराज निवासी दो सगे भाई सिकंदर नाथ व उसका छोटा भाई कर्ण नाथ बीते सोमवार को सहारनपुर के थाना क्षेत्र बिहारीगढ़ के गांव में अपनी दवाई आंखों का सुरमा व दांतों की दवाई अपनी बोलरो कार से बेचने गये थे। मृतक भाई कर्ण नाथ ने बताया कि गांव के पास पांच अज्ञात व्यक्ति उनकी जैकेट पर रेस्क्यू टीम लिखा



था। उन्होंने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि उन्होंने उसके भाई सिकन्दर नाथ के हाथ में कई बार कोबरा सांप से डसवाया। उसको एक घंटे तक वहीं पर जबरदस्ती बैठाये रखा और न ही उसको हाथ में बंद लगाने दिया। इस दौरान उसके पूरे शरीर में जहर फैल गया। वह अपने भाई सिकन्दर को बेहोशी की हालत में अपने रिश्तेदारों को साथ लेकर बिजनौर चिकित्सकों के यहां इलाज के लिए ले गया। लेकिन वहां के डाक्टरों ने हाथ खड़े कर दिये। इसके बाद वह मेरठ स्थित लोकप्रिय हॉस्पिटल में ले गये। जहां



पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सपेरों के परिजनों ने मंगलवार को रामराज स्थित पुलिस चौकी पर सिकन्दर नाथ का शव को सड़क पर रखकर आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज करने व परिवार वालों को आर्थिक सहायता राशि की मांग करनी शुरू कर दी। करीब 35 मिनट तक हंगामा चलता रहा। इसी बीच नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार अपनी टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। जहां परिजनों से उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने मृतक के परिजनों को तहरीर देने व प्रशासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता का आश्वासन दे मामले को शांत किया। परिजनों ने रिवेन्यू अज्ञात के कर्मचारियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

सर्प के डसवाने से हुई सिकंदर की मौत पर मां लक्ष्मी पत्नी उषा तथा भाई राहुल, करण, विक्की, सागर का रो- रोकर बुरा हाल है। उनका कहना था कि उसके भाई ने उनका क्या बिगाड़ा था जो इस घटना को अंजाम दिया। उनका कहना है कि ऐसे आरो. पियों को सख्त सजा मिले और परिवार को न्याय मिले। वहीं पड़ोस के लोगों में भी दुख का माहौल है।

# रालोद की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ने महिला थानाध्यक्ष से मिलकर जाना हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को अंजू चौधरी जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल (महिला प्रकोष्ठ) के नेतृत्व में उनकी टीम महिला मिशन शक्ति कंकरखेड़ा पुलिस थाना व सिविल लाइन महिला थाना, पुलिस लाइन रोड, थाने पहुंची। जहां उन्होंने छात्राओं से छेड़छाड़, दहेज समस्या व तलाक की समस्याओं पर सब इंस्पेक्टर साक्षी दहिया थाना कंकरखेड़ा से विस्तार में चर्चा की। वहीं दूसरी और दिल्ली में हुए आतंकवाद के मुद्दे पर भी महिला थाना पुलिस प्रभारी निरीक्षक सीता सिंह महिला थाना से बात की और आने वाले समय में गांव व शहर की लड़कियों को मिशन शक्ति से जोड़ने के लिए कैसे कदम उठाए जाएं इसकी रूपरेखा विस्तार से तैयार की। उनका कहना था कि आज महिला किसी से कमजोर नहीं है वह अपनी सुरक्षा खुद कर सकती हैं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष वीना सिंह, छाया रस्तोगी, अनिता चौधरी, डाक्टर श्वेता रस्तोगी उपस्थिति रही।

# दिल्ली बम ब्लास्ट में मेरठ के मोहसिन की मौत

## ई-रिक्शा चलाने का करता था काम, हादसे के समय रिक्शा में ले जा रहा था सवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली लाल किले के पास हुए ब्लास्ट में मेरठ के रहने वाले ई-रिक्शा चालक मोहसिन की मौके पर मौत हो गई थी, मोहसिन मेरठ का रहने वाला है मृतक मोहसिन दिल्ली में रहकर अपना घर चलाने के लिए ई-रिक्शा चलाता था और परिवार का पालन पोषण करता था।

मृतक मोहसिन उस समय अपनी ई-रिक्शा से सवारी को लेकर जा रहा था और तभी गाड़ी में ब्लास्ट हो गया जिससे 30 वर्षीय मोहसिन की दर्दनाक मौके पर मौत हो गई। ब्लास्ट के दो घंटे बाद मृतक के परिजन को जानकारी मिली कि दिल्ली ब्लास्ट में मोहसिन की मौत हो गई, मोहसिन मेरठ के थाना लोहिया नगर क्षेत्र के गली नंबर 28 शाहजहां कालोनी फतेहउल्लापुर का रहने वाला था और मोहसिन ग्यारह साल पहले थाना नौचंदी क्षेत्र के ढवाई नगर में किराए पर भी रहा है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक मोहसिन की शादी करीब दस साल पहले दिल्ली की रहने वाली सुल्तान से हुई थी वहीं



मृतक मोहसिन के दो बच्चे हैं एक बेटी ग्यारह वर्षी हिफजा और दूसरा बेटा आठ वर्षीय आहद है मृतक मो. हसिन की ससुराल भी तुर्कमान गेट चांदनी चौक दिल्ली की बताई गई है। मृतक मोहसिन के पांच भाई व पांच बहनें है और सभी भाई मजदूरी करके अपने घर का गुजर बसर करते है। करीब दो-ढाई साल पहले मृतक मो. हसिन अपनी पत्नी सुल्तान व दोनों बच्चों को लेकर मेरठ से दिल्ली रोजी रोटी कमाने के लिए गया था और अपने परिवार को लेकर दिल्ली में ही रह रहा था। वहीं मृतक मोहसिन के पिता रफीक हैंडलूम की फैक्ट्री में काम करते है और मोहसिन का परिवार मेरठ में किराए के मकान में रहता है। वहीं दूसरी तरफ मोहसिन की पत्नी और पत्नी का परिवार मो. हसिन का दफिना दिल्ली में करना चाहता है और मोहसिन के पिता अपने ही कब्रिस्तान में दफिना करना और परिवार का कहना है कि सरकार बच्चे व पत्नी के लिए आर्थिक मदद करें।

# हिन्दुस्तान स्काउट गाइड शिविर के दूसरे दिन बच्चों को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम इकला रसूलपुर स्थित स्कूल में हिन्दुस्तान स्काउट गाइड शिविर के अंतर्गत दूसरे दिन राज्य स्काउट गाइड आयोजक अजय साहनी ने बच्चों को शिविर के नियम एवं प्रेड कराई मिशन शक्ति की प्रभारी एवं टीम तेजस्विनी की प्रशिक्षण अधिकारी सब इंस्पेक्टर आरती यादव, अखिल विद्या समिति के अध्यक्ष विष्णु अवतार, रुहेला स्कूल के चेयरमैन फखरे आलम व प्रधानाचार्य उमर फारुख स्काउट आयोजक स्वाति चौधरी ने झंडा रोहन किया तथा फीता काटकर द्वितीय शिविर का उद्घाटन किया। वहीं प्रशिक्षण अधिकारी आरती यादव ने टीम तेजस्विनी और मिशन शक्ति के बारे में बच्चों को विस्तार से



बताया। प्रधानाचार्य उमर फारूक ने तेजस्विनी टीम का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य वसीम अकरम, कोऑर्डिनेटर हसीबा, धीरज कुमार, अंजलि, बृजेश कुमार, सामिया, अबु निदाल, साजिया, मिस्बा, खुशी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# आज राज्य महिला आयोग अध्यक्षा बबीता चौहान करेंगी महिला सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने बताया कि राज्य महिला आयोग बबीता चौहान द्वारा 12 नवम्बर यानी बुधवार को अपरान्ह 12.30 बजे सर्किट हाऊस मेरठ में महिला जनसुनवाई की जायेगी। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियो से उक्त महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है। उनका कहना था कि महिला का उत्पीड़न, दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करना जैसी समस्याओं से उन्हे छुटकारा दिलाना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। जो महिला पीड़ित है वह अपनी समस्या के समाधान के लिए सर्किट हाउस पहुंचे उसकी समस्या का शीघ्र ही निस्तारण करने का प्रयास होगा।

# स्व. मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयन्ती पर वेंकेटेश्वरा में हुआ कार्यक्रम

**शिक्षा सिर्फ पढ़ाई मात्र नहीं बल्कि लोगों के जीवन में रोशनी के साथ राष्ट्रोन्नति का सबसे बड़ा माध्यमः सुधीर गिरि**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी स्व. मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयन्ती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर वेंक्टेश्वरा संस्थान में शिक्षित भारत तभी विकसित भारत विषय पर एक दिवसीय संगौष्ठी का शानदार आयोजन किया गया।

जिसमें प्रतिभाग करते हुए देश के वरिष्ठ शिक्षाविदों ने अबुल कलाम आजाद के स्वतंत्र भारत में शिक्षा के क्षेत्र में किये गये शानदार कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान को याद किया। वेंक्टेश्वरा विश्व. विद्यालय संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन कॉफ्रेंस हॉल में मौलाना अबुल कलाम की जयन्ती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2025 पर शिक्षित भारत तभी विकसित भारत विषय पर आयोजित संगौष्ठी का शुभारम्भ प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मधु



चतुर्वेदी, विख्यात शिक्षाविद् कवि साहित्यकार डॉ. राहुल अवस्थी चौ. कामेन्द्र सिंह प्रमुख, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानो के लिए यह सबसे बड़ा पर्व है। विकसित भारत की परिकल्पना शिक्षित भारत के बिना अधूरी है। इसमें भी शिक्षा जब तक संस्कार युक्त, मूल्यपरक एवं राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत नहीं होगी, जब तक वह उद्देश्यहीन है। एकदिवसीय संगौष्ठी को कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश सिंह, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. सुमन कश्यप, डॉ. स्नेहलता गोस्वामी, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. अंजलि भारद्वाज, डॉ. आशुतोष, डॉ. दर्पण कौशिक, डॉ. राजवर्धन सिंह, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. आरती गुप्ता, डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. अश्विन सक्सेना, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# शहर से देहात तक रहा हाई अलर्ट

## दो पहिया व कार चालकों की ली तलाशी, कई के काटे चालान, सड़कों पर रहे अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट में 11 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे देश में शोक की लहर है। वहीं मेरठ में भी मंगलवार को अलर्ट रहा। सिविल लाइन क्षेत्र के कमिश्नरी चौराहे पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में हर आने जाने वाले दो पहिया व कार चालकों को रोककर चेकिंग की गई। कार के बोनिट को खोलकर तलाशी ली गई। इस बीच लोगों में अफरा-तफरी मची रही। यह अभियान पुलिस ने दोपहर तक चलाया। जो दो पहिया वाहन चालक पुलिस को देखकर अपने वाहन को दूसरी और ले जा रहे थे पुलिस ने उन वाहनों के चालान किए।

### जानी पुलिस ने भी चलाया चेकिंग अभियान

सोमवार की शाम को दिल्ली के लाल किले के पास मेट्रो स्टेशन में हुए ब्लास्ट में पूरे देश को झंझोर कर कर



कमिश्नरी चौराहे पर सीओ व पुलिसकर्मी कार की डिग्गी को खोलकर उसे चेक करते हुए।

रख दिया है। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई काफी लोग घायल हो गए। इसी के चलते प्रदेश में अलर्ट घोषित कर दिया है। अधिकारियों के निर्देश के बाद शहर से लेकर देहात तक चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध व्यक्ति और बाजारों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। मंगलवार को जानी थाना पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें बाईक व कार सवार और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। थाना पुलिस ने सिवाल खास पुल, बागपत बाईपास जानी गंग नहर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें बारीकी से गाड़ियों की तलाशी ली गई। निवाड़ी बॉर्डर पर पुलिस मुस्तैद दिखाई दी। क्योंकि निवाड़ी व मेरठ बॉर्डर अन्य जनपद बॉर्डर को जोड़ता है। इसलिए इस रास्ते से लोगों व वाहनों का ज्यादातर आना जाना लगा रहता है।

# भारतीय किसान यूनियन मेरठ की समीक्षा पंचायत भोला झाल पर आयोजित

**चौधरी गौरव टिकैत रहे उपस्थित, सभी संगठन के लगभग 350 ग्रामों के जिम्मेदार रहे शामिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन मेरठ इकाई की जिला समीक्षा पंचायत भोला झाल पर जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में रामफल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई पंचायत का संचालन हर्ष चहल और मोनू टिकरी ने संयुक्त रूप से किया। पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में शोरम सर्वखाप पंचायत का निमंत्रण लेकर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत जी भी समीक्षा पंचायत में पहुंचे। चौधरी गौरव टिकैत ने पंचायत को संबोधित करते हुए सभी जिम्मेदारों से 16,17,18 नवंबर को शोरम में आयोजित होने वाली सर्वखाप सर्वजातीय पंचायत में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए सभी से एकजुट होकर पंचायत में अपनी जोरदार भागीदारी सुनिश्चित



करने का आह्वान करते हुए युवाओं से भी खासी उपस्थिति का आह्वान किया और किसान समस्याओं को लेकर एकजुट होकर समाधान कराने की अपील की।

जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने सभी जिम्मेदारों से भारी संख्या में शोरम चलने का आह्वान किया। इस दौरान किसानों ने जो समस्या बताई है उन सभी समस्याओं को लेकर शोरम खाप पंचायत के बाद जिला मुख्यालय स्तर पर अनिश्चितकाल. ीन आंदोलन करने का आह्वान किया। जिसमें प्रमुख समस्या समितियों के ब्याज छूट, गन्ना तोल केंद्रों पर घटतोली, शुगर मिल द्वारा तोल नियम बदलने संबंधी, तहसील, बिजली आदि समस्याएं प्रमुख रही जिन पर विस्तार से चर्चा और सभी ने एकजुट होकर दोनों हाथ खड़े करकर शोरम चलने का निर्णय लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मेजर चिंदौड़ी, सत्यवीर, हर्ष, सनी, बबलू, मोनू, विनोद, सुनील, सत्ते, वीरेंद्र, कृष्णपाल, इंद्रपाल, नरेश त्यागी, सुखपाल, अनूप यादव, मदनपाल, नरेश मवाना, रमेश, महिपाल, अभिषेक उपस्थित रहे।

# मेरठ कॉलेज के विधि विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ कॉलेज मेरठ के विधि विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कवि लेखक, उपन्यासकार एवं प्रोफेसर विकास शर्मा ने अपनी गरिमामई उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि संकाय प्रमुख प्रोफेसर कामेश्वर प्रसाद पांडे ने की। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर प्रवीण दुब्लिश, प्रोफेसर हरिशंकर राय, प्रोफेसर एमपी वर्मा, प्रोफेसर अनुराग सिंह प्रोफेसर द्वारिका प्रसाद, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, डॉ. सुमन चौहान, डॉ. सीमा रानी, डॉ. हितेश कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर विकास शर्मा एवम मेरठ कॉलेज के विधि संकाय के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर कामेश्वर प्रसाद पांडे व अन्य शिक्षक गणों के साथ देश के महान शिक्षा विद्ध मौलाना अबुल कलाम आजाद को पुष्पांजलि दी।

# स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टीट्यूशनल स्ट्डीज द्वारा संसद का सफल शैक्षणिक दौरा आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस के अवसर पर स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टीट्यूशनल स्ट्डीज ने एक प्रेरणादायक एवं शैक्षणिक दृष्टि से समृद्ध संसद दौरा सफलता पूर्वक आयोजित किया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों ने भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली के केंद्र संसद भवन का भ्रमण किया और लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों सदनों की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त किया।

दौरे के दौरान छात्रों ने सांसद एवं कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राजेश प्रताप रूडी से मुलाकात की। रूडी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए भारतीय संसदीय शासन प्रणाली के महत्व, उसकी पारदर्शिता और जनसहभागिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने और विधिक ज्ञान को समाज के कल्याण के लिए उपयोग में लाने के लिए प्रेरित किया। यह दौरा समन्वयक डॉ. मोहम्मद आमिर के नेतृत्व और संकाय सदस्यों डॉ. निहारिका पिलानिया, पवन कुमार तथा सुश्री इकरा रशीद



के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि इस भ्रमण ने न केवल संसदीय प्रक्रिया की उनकी समझ को गहराई प्रदान की, बल्कि उन्हें विधि और संविधान के व्यावहारिक स्वरूप से भी परिचित कराया।

# रुहासा में चोरी करने का विरोध पड़ा भारी, बाप-बेटी को जमकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** थाना दौराला क्षेत्र के रुहासा गांव में बीती रात चोरी का विरोध करने पर दबंगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में घर के मुखिया आरिफ और उनकी बेटी बुरी तरह घायल हो गए। पीड़ित ने थाना दौराला पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और अपनी जान-माल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है।

रुहासा निवासी आरिफ पुत्र अय्यूब ने पुलिस को दिए अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि 10 नवंबर की रात करीब 9:45 बजे, नवाज पुत्र चांदू और एक अज्ञात लड़का चोरी की नीयत से उनके घर के ऊपरी हिस्से में घुस गए थे। खटखटाहट सुनकर आरिफ ने ऊपर जाकर देखा तो दोनों लड़के सामान छोड़कर भाग गए। आरिफ ने इन लड़कों की पहचान नवाज के रूप में की। आरिफ ने बताया कि उन्होंने इस घटना को लेकर जब नवाज के पिता चांदू से बात करने की कोशिश की, तो कुछ ही देर में नवाज, आयान व सयान पुत्र सारिक बांडा, साहिब पुत्र नदीम, सारिक पुत्र हसमत उर्फ बाकी, और सारिक का लड़का, समेत करीब 20 से 30 अज्ञात लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से लैस होकर उनके घर आ धमके। आरोप है कि इन लोगों ने गाली गलौच करते हुए आरिफ पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमलावरों ने उन्हें नीचे गिराकर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया बीच-बचाव में आई आरिफ की पुत्री को भी डंडा मारा गया, जिससे पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। आरिफ ने किसी तरह घर के अंदर घुसकर कुंडी लगा ली, लेकिन दबंगों ने दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर पिता-पुत्री को जान से मारने की कोशिश की। अपनी जान बचाने के लिए आरिफ को मजबूरन हमलावरों पर 2-4 ईंटें फेंकनी पड़ीं, जिसके बाद वे लोग आरिफ और उनके भाई सारिक को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। जिस समय हमलावर घटना को अंजाम देकर आरिफ के घर से जा रहे थे तभी किसी युवक ने वीडियो बना ली जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। आरिफ ने 112 पर सूचना दी, जिसके करीब 20 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

# नए कानून के तहत 71 मामलों में 77 अपराधियों को सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद मेरठ परिक्षेत्र पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। परिक्षेत्र में पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते अब तक 71 मामलों में 77 अभियुक्तों को न्यायालयों ने सजा सुनाई है। डीआईजी मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से BN लागू होने के बाद से वर्ष 2025 में यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इन मामलों में कारावास के साथ जुर्माने की भी सजा दी गई है। डीआईजी ने कहा कि यह पुलिस की प्रभावी जांच और अभियोजन की सक्रिय पैरवी का परिणाम है।

**मेरठ जिला सबसे आगेः** नए कानून के तहत मेरठ जिला अव्वल रहा। यहां 58 मामलों में 64 अभियुक्तों को सजा सुनाई गई। इनमें 53 चोरी, जबकि 5 छेड़छाड़, सार्वजनिक स्थान पर अश्लीलता फैलाने और सड़क दुर्घटना से जुड़े प्रकरण शामिल हैं।

**अन्य जिलों में स्थितिः** बुलंदशहर 3 मामलों में 3 अभियुक्त दोषी ठहराए गए। जिनमें एक हत्या और दो चोरी के केस शामिल। बागपत तीन मामलों में तीन अभियुक्तों को सजा, सभी चोरी के मामले। हापुड़ 7 मामलों में 7 अभियुक्तों को सजा। इनमें 3 अश्लीलता फैलाने, 2 धार्मिक स्थल पर मूर्तियां खंडित करने, एक अवैध पटाखा भंडारण और एक चोरी का मामला शामिल।

**BN के तहत प्रमुख सजाएंः** थाना खुर्जानगर,



बुलंदशहर हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास और 25,000 का जुर्माना। थाना हस्तिनापुर, मेरठ नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को 20 साल की सजा और 20,000 का जुर्माना। डीआईजी नैथानी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि न्यायालय से दोष सिद्धि सुनिश्चित कर पीड़ितों को न्याय दिलाना है। उन्होंने सभी जनपद प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि नए कानून के तहत दर्ज मामलों में साक्ष्य और पैरवी को मजबूत बनाकर अधिकतम सजाएं सुनिश्चित करें, ताकि समाज में अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास कायम हो।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरई की मेजबानी में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी का बुधवार को यहां अनावरण करेंगे। जूनियर हॉकी विश्वकप की यह ट्रॉफी अपने प्रमोशनल टूर के तहत देश के अलग-अलग शहरों में घूमते हुए कल यहां पहुंच रही है और लखनऊ में रुकने के बाद यह उदयपुर जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास में आयोजित एक खास समारोह में इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण करेंगे। अनावरण समारोह में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी इंडिया के डायरेक्टर जनरल आरके श्रीवास्तव, खेल सचिव सुहास, खेल निदेशक डॉ. आरपी व यूपी हॉकी के महासचिव रजनीश शामिल होंगे।

### वीनस 2026 सीजन से पहले प्रदर्शनी टेनिस मैच में मैडिसन कीज का सामना करेंगी

**वॉशिंगटन, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स 2026 सीजन से पहले एक प्रदर्शनी टेनिस मैच में ऑस्ट्रेलियन ओपन की विजेता हमवतन मैडिसन कीज का सामना करेंगी। शार्लोट स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह मुकाबला नॉर्थ कैरोलिना के स्पेक्ट्रम सेंटर में खेला जायेगा। चार बार की ओलंपिक चैंपियन वीनस विलियम्स चार दिसंबर को इस प्रदर्शनी मुकाबले में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 की विजेता मैडिसन कीज के खिलाफ खेलेंगी।

# भारत में 15 साल से टेस्ट नहीं जीता द. अफ्रीका



- **स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका भारत दौरे पर है, जहां उसे दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अफ्रीकी टीम के लिए यह दौरा आसान नहीं होगा, क्योंकि वह 15 साल से भारत में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है।

हालांकि, साउथ अफ्रीका जून 2025 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद एक भी सीरीज नहीं हारा है। दोनों टेस्ट मैच कोलकाता और गुवाहाटी में होंगे। यहां की स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे। इन तीनों के साथ चाइनामैन कुलदीप यादव साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों के लिए बड़ी परेशानी साबित हो सकते हैं। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा टीम के साथ सोमवार को कोलकाता पहुंचे। पाकिस्तान में ड्रा खेला साउथ अफ्रीका ने 11 से 14 जून के बीच लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में आस्ट्रेलिया को हराकर डब्ल्यूटीएपफ का खिताब जीता था। इसके बाद अफ्रीकी टीम ने जिम्बाब्वे दौरे पर 2-0 से क्लीन स्वीप किया, जबकि पाकिस्तान दौरे पर खेली गई दो मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रा रही। साउथ अफ्रीका के इस अजेय अभियान को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम रोक सकती है। ऐसा क्यों हो सकता है, इसे हम यहां 6 फैक्टर्स में बता रहे हैं। पिछले 15 साल से भारत में नहीं जीता साउथ अफ्रीका साउथ अफ्रीका पिछले 15 साल से भारतीय सरजमीं पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीत सका है। टीम को आखिरी जीत 2010 में नागपुर में ग्रीम स्मिथ की कप्तानी में मिली थी। तब अफ्रीका ने भारत को पारी और 6 रन से हराया था।

उस मैच में हाशिम अमला ने नाबाद 253 रनों की शानदार पारी खेली थी और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए थे। उस मुकाबले के बाद दोनों टीमों के बीच भारत में 8 टेस्ट खेले गए हैं, जिनमें अफ्रीका को 7 में हार मिली है और एक ड्रा रहा है। साउथ अफ्रीका ने 1996 में पहली बार भारत का दौरा किया था। उसने भारत में 1999 में अपनी पहली और अब तक की एकमात्र टेस्ट सीरीज जीत हासिल की थी। अब तक भारत में दोनों टीमों के बीच 7 टेस्ट सीरीज हुई हैं। भारत ने 4 जीती हैं, साउथ अफ्रीका ने 1 जीती, जबकि 2 सीरीज ड्रा रही हैं। धीमे विकेट पर बल्लेबाजी भी आसान नहीं होगी भारतीय पिचें साउथ अफ्रीकी टीम के बैटर्स के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती हैं। सीरीज का पहला मैच कोलकाता और दूसरा गुवाहाटी में खेला जाएगा। आमतौर पर भारतीय पिचें धीमी और स्पिन फ्रेंडली होती हैं। ऐसे में यहां बल्लेबाजी करना अफ्रीकी बैटर्स के लिए आसान नहीं होगा। केशव महाराज के अलावा किसी के पास अनुभव नहीं 15 दिन पहले भारतीय दौरे के लिए घोषित साउथ अफ्रीकी टीम में 3 स्पेशलिस्ट स्पिनर चुने गए हैं। इनमें केशव महाराज के अलावा, कोई अन्य अनुभवी स्पिनर नहीं है। केशव महाराज ने अब तक 60 टेस्ट मैच खेले हैं, इनमें उन्हें 212 विकेट मिले हैं।

# वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच होगी टी-20 सीरीज

- **दोनों टीमों के बीच 19 जनवरी से 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच अगले साल शारजाह में 19 जनवरी से तीन टी-20 मैचों में सीरीज खेली जाएगी। भारत और श्रीलंका में अगले वर्ष फरवरी में होने वाले टी-20 विश्वकप के मद्देनजर 19 से 22 जनवरी तक शारजाह में होने वाली यह द्विपक्षीय सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने इस सीरीज के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह सीरीज हमारी तैयारी के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करती है। उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में मजबूत प्रतिद्वंदियों का सामना करने से हमें अपने संयोजन और रणनीति को निखारने तथा उनके खिलाड़ियों को भारत और श्रीलंका जैसी पिचों पर आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि वेस्टइंडीज ने पिछला टी-20 विश्वकप की मेजबानी की थी, जहां वे सुपर एट स्टेज तक पहुंचे थे लेकिन नॉकआउट में नहीं पहुंच पाए थे। अफगा उस स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचा था। दोनों टीमों ने एक- दूसरे के खिलाफ आठ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें विंडीज ने पांच और अफगानों ने तीन मैच जीते है।

# आयरलैंड टेस्ट मैच के पहले दिन बनाए आठ विकेट पर 270 रन

- **पॉल ने 60 रन और माइकल ने 59 और कैम्फर ने 44 रनों की पारी खेली**

**बांग्लादेश, वार्ता।** पॉल स्टर्लिंग (60) और कैड कारमाइकल (59), कर्टिस कैम्फर (44) और लोर्कन टकर (41) के योगदान से आयरलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को स्टंप के समय आठ विकेट पर 270 रन बना लिए है। यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड को हसन महमूद ने पहले ही ओवर में कप्तान एंडी बालबर्नी (शून्य) को आउटकर पहला झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कैड कारमाइकल ने पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 95 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में नाहिद राणा ने पॉल स्टर्लिंग को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। पॉल स्टर्लिंग ने 76 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में मेहदी हसन मिस्र्राज ने हैरी टेक्टर (एक) को अपना शिकार बना लिया। 44वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने कैड कारमाइकल को आउटकर बंगलादेश को चौथी सफलता दिलाई। कैड कारमाइकल ने 129 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की जूझारू पारी खेली। पांचवें विकेट के रूप में कर्टिस कैम्फर 44 रन बनाकर आउट हुए।

उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद हसन मुराद ने लोर्कन टकर को विकेटकीपर लिटन दास के हाथों स्टंप कराकर पवेलियन भेज दिया। लोर्कन टकर ने 80 गेंदों में तीन चैके और दो छक्के लगाते हुए 41 रन बनाए। एंडी मैकब्राइन (पांच) और जॉर्डन नील 30 रन बनाकर आउट हुए।

दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड ने 90 ओवरों में आठ विकेट पर 270 रन बना लिए है और बैरी मैकार्थी (नाबाद 21) क्रीज पर मौजूद है। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिए।

# जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को हराया

- **कामरान इकबाल ने नाबाद 133 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में भागेदारी निभाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कामरान इकबाल (नाबाद 133) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में दिल्ली को सात विकेट से हराया। जम्मू-कश्मीर ने कल के 55 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कामरान इकबाल ने तेजी के साथ रन बटोरे। उन्होंने वंशराज शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट 38वें ओवर में 134 के स्कोर पर वंशराज शर्मा (आठ) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान पारस डोगरा ने कामरान इकबाल के साथ पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। जम्मू-कश्मीर ने 43-3 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया। इस दौरान कामरान इकबाल ने अपना शतक पूरा किया। कामरान इकबाल ने 147 गेंदों में 20 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 133 रनों की नाबाद पारी खेली। पारस डोगरा 12 गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहे। 35 रन देकर पांच विकेट लेने वाले जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज अकीब नबी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। दिल्ली के लिए )तिक शौकीन ने दो और मनन भारद्वाज ने एक विकेट लिया। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के वंशराज शर्मा ने दिल्ली को दूसरी पारी में 277 के स्कोर पर समेट दिया था। इसके अलावा दिल्ली ने पहली पारी में 211 रन बनाए थे। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में कप्तान पारस डोगरा (106) और अब्दुल समद (85) के योगदान से 310 रनों का स्कोर बनाया था। इसके अलावा मुम्बई ने शम्स मुलानी (पांच विकेट) और मुशीर खान (दो विकेट) के प्रदर्शन के दम पर हिमाचल प्रदेश को पारी और 120 रनों से हराया। मुशीर खान को 112 रन, 1/9 और 2/23 के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।





# जैनिक सिनर ने फेलिक्स को हराया

**इटली, वार्ता।** विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में अपने खिताबा के बचाव की शुरुआत ओलंपिक मिश्रित युगल के कांस्य पदक विजेता फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे पर जीत के साथ की। इटली के दिग्गज सिनर ने सोमवार को इंडोर हार्ड कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 7-5, 6-1 से हराकर लगातार 27वीं जीत हासिल की। यह एटीपी फाइनल्स में बिना ब्रेक हुए उनकी लगातार छठी जीत है। मैच जीतने के बाद सिनर ने कहा कि यहां खेलने का एक नया एहसास है, कोर्ट थोड़ा अलग है, इसलिए मैं खुश हूं कि हमने कैसे एडजस्ट किया। आपको पूरे मैच में फोकस रहना होता है, जैसे ही आप एक ब्रेक देते हैं, रिकवर करना बहुत मुश्किल हो जाता है। आज, मैं बहुत फोकस्ड था। मैं खुश हूं, देखते हैं अगला मैच कैसा जाता है।

# सम्राट ने आईएसएसएफ में जीता सोना

**मिस्र, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज सम्राट राणा और वरुण तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। मिस्र के काहिरा में सोमवार को हुई प्रतियोगिता की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सम्राट राणा 586-27गग के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष पर रहे और हमवतन वरुण तोमर (586-26ग) दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल राउंड में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिस्र्ली, लेकिन 20 वर्षीय सम्राट राणा ने 243-7 अंकों के साथ चीन के हू काई को 0-4 अंकों से पीछे छोड़ दिया। वहीं वरुण तोमर 221-7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह राणा का किसी अंतरराष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता में पहला पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पुरुष और मिस्र्श्रित टीम एयर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। सम्राट राणा, वरुण तोमर और श्रवण कुमार, जो क्वालीफायर में 582-16ग के स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे, ने भी कुल 1754 अंक बनाकर भारत को टीम स्टैंडिग में शीर्ष पर पहुंचाया और स्वर्ण पदक जिताया। इटली और जर्मनी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। इससे पहले, मनु भाकर (580-20ग) और ईशा सिह (583-25ग) महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफायर में क्रमशः छठे और चौथे स्थान पर रहीं और पदक राउंड में जगह पक्की की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने महिला टीम स्पर्धा का रजत पदक हासिल किया। वहीं व्यक्तिगत पदक नहीं जीत पाई। सुरुचि सिह (577-17ग) 14वें स्थान पर रहीं और जगह बनाने से चूक गईं, लेकिन उन्होंने टीम इवेंट में 1740-62ग के स्कोर के साथ भारत को रजत पदक दिलाने के लिए योगदान दिया। चीन की टीम ने 1752-76ग के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि दक्षिण कोरिया ने 1729-58ग के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, व्यक्तिगत फाइनल में मनु और ईशा सिह दोनों ही पदक जीतने में सफल नहीं हो सकीं। मनु 139.5 अंक बनाकर सातवें स्थान पर रहीं, जबकि ईशा 159-2 अंकों के साथ अपनी सीनियर हमवतन साथी से एक स्थान ऊपर रहीं। मनु भाकर और ईशा सिह के पास महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक जीतने का एक और मौका होगा। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा की एंट्री लिस्ट में भी शामिल हैं।

### सीएबी ने ईडन गार्डन्स में सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**कोलकाता, वार्ता।** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने रविवार से ईडन गार्डन्स में होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच के मद्देनजर कोलकाता पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर शहर हाई अलर्ट पर है। दिल्ली विस्फोट के बाद ईडन गार्डन्स और शहर के सभी महत्वपूर्ण मार्गों और सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था और व्यापक सुरक्षा घेरा लागू करने की मांग मुख्य रूप से दिल्ली में लाल किले के पास घातक कार बम विस्फोट को देखते हुए की गई है। कोलकाता पुलिस आयुक्त ने सोमवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिग में सभी पुलिस थानों के अधिकारियों को आगामी टेस्ट मैच के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था सही करने को कहा।

### पचुका ने मुख्य कोच जैमे लोजानो को हटाया

**मेक्सिको सिटी, वार्ता।** मेक्सिको के शीर्ष क्लब पचुका ने टीम के मैनेजर और मुख्य कोच जैमे लोजानो को पद से हटा दिया है। मेक्सिको के फुटबॉल पचुका ने सोमवार को यह घोषणा लीगा एमएक्स रेगुलर सीजन के आखिरी मैचडे पर सैंटोस लगुना से 1-0 से हारने के बाद की। इस हार के साथ पचुका तालिका में नौवें स्थान पर आ गया, जिससे हिडाल्गो-बेस्ड क्लब को सडन-डेथ प्ले-इन राउंड में खेलना पड़ा। पचुका की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है कि खुली बातचीत और आपसी सहमति के बाद, जैमे लोजानो और हमारे संस्थान ने हटाने का फैसला किया है। पचुका 19 नवम्बर को पुमास यूएनएएम की मेजबानी करेगा, जिसमें जीतने वाली टीम को अंतिम आठ में जगह बनाने के लिए क्लब तिजुआना और जुआरेज के बीच दूसरे प्ले-इन मुकाबले में हारने वाली टीम से भिड़ना होगा।

# 24 नवम्बर से होगा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

- **राज्य के साथ शहरों अजमेर जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा और जोधपुर में यह गेम्स होंगे**




**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान में युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने तथा युवा खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का 24 नवम्बर से पांच दिसम्बर तक आयोजन किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) का आयोजन पहली बार राजस्थान में होगा। राज्य के सात शहरों अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा एवं जोधपुर में ए गेम्स खेले जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित कर रही है। सभी संभागों में इस संबंध में जिला प्रशासनों द्वारा विभिन्न समिस्रतियों का गठन कर दिया गया है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद में भी इस संबंध में समिस्रतियों का गठन कर गेम्स के भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। यूनिवर्सिटी गेम्स का सीधा प्रसार भारती द्वारा कराया जाएगा। मुख्यमंत्री स्तर पर यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निरंतर निर्देशित किया जा रहा है। सभी खेल अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर खेलों के सुनियोजित आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जयपुर सहित सभी संभागीय मुख्यालयों पर खेल मैदान तैयार किए जा चुके हैं। सभी संबंधित विभाग भी आपसी समन्वय से इन खेलों की तैयारियों को लेकर काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर से लगभग 200 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। बारह दिनों तक चलने वाले खेलों के इस महाकुंभ में 24 खेलों में सात हजार से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित होने वाले इन खेलों का आयोजन संभागवार किया जाएगा, जिसके तहत जयपुर में 11, उदयपुर में तीन, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर एवं कोटा में दो-दो खेलों का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को केआईयूजी के लोगो, मैस्काट, एंथम, टॉर्च और जर्सी का आमेर किला के जलेब चौक पर अनावरण किया जाना प्रस्तावित है। केआईयूजी 2025 में 23 पदक विजेता खेल और एक प्रदर्शन खेल शामिस्रल होंगे। पदक विजेता खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिस्रटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, मल्लखंभ, रग्बी, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन, साइकिलिंग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग शामिस्रल हैं। खो-खो एक प्रदर्शन कार्यक्रम होगा। पहली बार, केआईयूजी में बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग, कयाकिंग और साइकिलिंग को शामिस्रल किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के माध्यम से जहां एक तरफ युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। देश को नई-नई खेल प्रतिभाएं भी मिलेंगी, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश-प्रदेश के खिलाड़ी खेलों में नए आयाम स्थापित करेंगे। इस आयोजन से राज्य में भी खेलों के परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

# मेलबर्न रेनेगेड्स ने सिडनी थंडर को रौंदा

- **कप्तान जॉर्जिया ने दो विकेट लेने के बाद 58 रनों की पारी खेलकर टीम को जिताया**

**एडिलेड, वार्ता।** कप्तान जॉर्जिया वेयरहम (दो विकेट/ 58 रन) के शानदार प्रदर्शन के दम पर मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) टूर्नामेंट में सिडनी थंडर के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की और लगातार दूसरी बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह खेलते हुए वेयरहम ने 149 रनों के लक्ष्य का पीछा किए जाने के दौरान 32 गेंदों में 58 रन बनाए और इससे पहले लेग स्पिन गेंदबाज वेयरहम ने 25 रन देकर 2 विकेट भी लिए। वेयरहम ने सिर्फ दो दिन पहले ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था और इस मैच में उन्होंने अपने प्रदर्शन को दोहराया। मैच के दौरान कई बार बारिश हुई, लेकिन खिलाड़ी खेलते रहे। थंडर ने अपने 20 ओवर में सात विकेट पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेनेगेड्स एक समय 73 रन पर 5 विकेट खोकर मुश्किल में थी। ऐसे संकट के समय वेयरहम और निकोल फाल्टम (26 गेंदों में 37 रन) ने मिस्र्लकर मैच जिताने वाली साझेदारी की। जिससे मेजबान टीम 11 गेंदें बाकी रहते मुकाबला जीत गई।



इससे पहले, थंडर को जॉर्जिया वोल (26) और ताहलिया विल्सन (30) ने अच्छी शुरुआत दी थी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े थे। इसके बाद 79 रन तक अपने चार विकेट गंवा दिए और इसका श्रेय काफी हद तक वेयरहम को जाता है। वेयरहम ने अपने चार सटीक ओवरों में थंडर की खतरनाक कप्तान फोबे लिचफील्ड को मात्र 12 रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया।

# धमाके के बाद उथल-पुथल


10 नवंबर की शाम 6.52 बजे दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार धमाके के बाद हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार समेत 11 राज्यों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई और चेकिंग बढ़ा दी है। यह जरूरी भी है क्योंकि आम चर्चा है कि आतंकी किसी भी तरह पुलवामा हमले के बाद हुई कार्रवाई का बदला लेना चाहते हैं। हालांकि हमारा खुफिया तंत्र एक बार फिर नाकाम हुआ और एक कार में हुए विस्फोट और लोगों के मरने की बात ने सभी को झकझोर दिया है। अगर समय रहते दिल्ली में घुसने से पहले बॉर्डर पर वाहनों की सघन चेकिंग होती, तो शायद इस कार को पकड़ा जा सकता था। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ कि ब्लास्ट किस मारक क्षमता का था, लेकिन फिर भी जरूरी है कि किसी भी राज्य में घुसने से पहले दूसरे राज्यों से आए वाहनों की तलाशी लेना हमारे देश की पुलिस का काम है। इस धमाके के बाद 11 राज्यों में उथल-पुथल सी है और इनमें सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार, केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात समेत 11 जिलों में पुलिस अलर्ट पर है। सख्त चेकिंग और पुलिस फोर्स दोगुनी कर दी गई है।यह बात उस कहावत को चरितार्थ कर रही है कि मुद्दई सुस्त और गवाह चुस्त। सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन मेट्रो स्टेशन के 2 गेट बंद कर दिए हैं। लाल किले को भी 13 नवंबर तक लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। शवों की जांच करने वाले एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि आमतौर पर आईईडी विस्फोट में मृतकों के शरीर काले पड़ जाते हैं, लेकिन इस धमाके में ऐसा नहीं दिखा है। इसलिए अभी यह कहना मुश्किल है कि ये आतंकी हमला था या फिर कार के सिलेंडर में विस्फोट हुआ। अभी इस मामले पर जांच जारी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया है। दिल्ली से सटे प्रदेशों में हाई अलर्ट जारी किया है और कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली धमाके को फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल से जोड़कर देखा जा रहा है। 11 राज्यों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है और सभी बड़े धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जब सांप निकल गया, तो लाठी पीटने से क्या फायदा। ऐसे मामलों को लेकर देश के खुफिया तंत्र को और मजबूत करने की जरूरत है। पुलिसकर्मियों को खास ट्रेनिंग देने की जरूरत है, ताकि भविष्य में होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। इस धमाके के बाद दहशतगर्दी से जुड़े मॉड्यूल्स पर कार्रवाई तेज हो गई है, जिसमें छापेमारी, गिरफ्तारियां और विस्फोटक बरामदगी शामिल है। गाड़ियों की चेंकिंग, रेल्वे स्टेशन और एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा बढ़ाई है। धार्मिक स्थलों पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। दिल्ली भारत का दिल है। देश को चलाने वाले सभी बड़े मंत्रालय और कार्यालय स्थापित हैं। यहां की सुरक्षा इसलिए भी जरूरी है कि यदि इनमें से किसी को क्षति पहुंची, तो देश का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। इसलिए पहली जिम्मेदारी खुफिया विभाग की बनती है, इसके बाद पुलिसबल का नंबर आता है। दिल्ली कार ब्लास्ट के तार अल-फलाह ट्रस्ट से जुड़ गए हैं.। 11 नवंबर को एनआईए ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी (फरीदाबाद) में छापेमारी की। आरोप है कि जैश जैसे आतंकी संगठन फंड जुटाने और कट्टरपंथ के लिए कैंपस का इस्तेमाल कर रहे थे। ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी दोनों के प्रमुख जव्वाद सिद्दीकी हैं, जो एक बड़े कारोबारी नेटवर्क के मालिक हैं। अल-फलाह का नाम, जो अब तक हरियाणा के नूंह में अपने चेरिटेबल ट्रस्ट और एक उलझे हुए कारोबारी नेटवर्क के लिए जाना जाता था।

## बिहार में चुनाव हार रही भाजपा



बिहार विधानसभा चुनाव पहले चरण के मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा बिहार में चुनाव हार रही है, पहले चरण में लगभग आधा मतदान हुआ था, जिसमें जनता ने अपना रुख साफ कर दिया है, बिहार की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन बहुमत से आगे निकल जाएगा,सपा विभाजन की राजनीति के खिलाफ है और वह एकजुटता, विकास और समावेशी सोच की राजनीति करती है, पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है ताकि वे अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जुड़वाने और संगठन को मजबूत करने का काम करें, यह केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि विचार और विजन की लड़ाई है, दिल्ली विस्फोट पर प्रधानमंत्री ने जांच का भरोसा दिया है, अब पूरे देश को इंतजार है कि सच्चाई सामने आए और दोषियों पर कार्रवाई हो। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# बिहार में चुनाव और दिल्ली में विस्फोट





**अमरेंद्र राय**

बिहार में मंगलवार को 11 नवम्बर को दूसरे और आखिरी दौर का मतदान है। इससे एक दिन पहले सोमवार को दिल्ली में लाल किले के पास एक चलती कार में बम विस्फोट हुआ जिसमें नौ लोगों की मृत्यु की खबर है। देश की राजधानी नई दिल्ली से बिहार की राजधानी पटना की दूरी करीब एक हजार किलो मीटर है। क्या इन दोनों घटनाओं का आपस में कोई रिश्ता है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद देश में बहुत कुछ नया हो रहा है। सबसे खास बात यह है कि यह सरकार घटनाओं या कार्यक्रमों को आयोजन के रूप में पेश करती है। कुछ इस अंदाज में कि इससे पहले न तो देश में ऐसा कुछ हुआ न भविष्य में ऐसा कुछ हो सकता है। बात-बात में कहा जाता है कि पिछले सत्तर सालों में ऐसा कभी नहीं हुआ। हालांकि यह सब बेकार की मनगढ़ंत और झूठी बातें होती हैं, लेकिन दावा जरूर किया जाता है। इसे आप वर्तमान शासक वर्ग की कुंठा कह सकते हैं। ए हर मामले में अपनी तुलना उस क्षेत्र के ताकतवर व्यक्ति से करते हैं। जैसे देश में आम धारणा है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू देश के सबसे सुयोग्य और विद्वान प्रधानमंत्री रहे हैं। उन्होंने तीन बार आम चुनाव जीते और प्रधानमंत्री बने। देश में अभी तक सबसे ज्यादा समय तक वही प्रधानमंत्री रहे। अब यहां दो काम किया जा रहा है। एक, हर मामले में नेहरू से अपनी तुलना और दो नेहरू जैसा जो काम नहीं कर सकते वहां उनकी बनाई लकीर को छोटा करना। आजकल आप आम तौर पर सुनते रहते होंगे कि नेहरू ने कितनी बड़ी-बड़ी गलतियां कीं। यहां तक कि अगर नेहरू नहीं प्रधानमंत्री बने होते तो देश का वंटवारा भी नहीं हुआ होता। हालांकि इन बातों में कोई सच्चाई नहीं है। इन बातों को वही लोग मानते हैं जिनका इतिहास का ज्ञान शून्य है। किताबों से दूर-दूर तक वास्ता नहीं है। इसी तरह देश की सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री इंदि. रा गांधी को माना जाता है। उन्होंने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट दिया था। तो ताकतवर प्रधानमंत्री की बात होती है तो अब का शासक वर्ग अपनी तुलना इंदिरा गांधी से करता है। वे बताते हैं कि देश अब आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। घर में घुसकर मारेगा। 2019 में पुलवामा की घटना के बाद घर में घुसकर मारा। अभी पीछे भी पहलगाम की घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर चलाया। कुल मिलाकर यह बताने की कोशिश की जाती है कि पिछले सत्तर सालों में इतना सुयोग्य और ताकतवर प्रधानमंत्री दूसरा नहीं हुआ। जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। जो व्यक्ति डर कर संसद का सामना न कर पाता हो, देश का एक राज्य मणिपुर जल रहा हो और वहां जाने की हिम्मत न जुटा पा रहा हो, विदेशों में लगातार अपमानित हो रहा हो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि व्यापार की धौंस जमाकर हमने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया और अपने प्रधानमंत्री में इतना भी साहस नहीं है कि वो कह सकें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं, वो नेहरू और इंदिरा गांधी की योग्यता और साहस का मुकाबला कहां से करेंगे ?

सचमुच इससे पहले देश में चुनाव और आतंकवादी घटनाओं का जुड़ाव नहीं होता था। आतंकवादी घटनाएं होती थीं, खूब होती थीं लेकिन शासक वर्ग की मंशा पर संदेह नहीं होता था कि किसी लाभ के लिए शासक वर्ग खुद इस तरह की घटनाएं करा रहा है या इन घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन जब से पुलवामा की घटना घटी है तब से लोगों के मन में यह संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे सरकार की कुछ न कुछ मंशा अवश्य है। यह सरकार अपने आप को बहुत ज्यादा ताकतवर बताती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे और गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सवाल उठाते थे कि सेना केंद्र के अधीन है। सीमाओं पर केंद्रीय बल तैनात हैं। फिर आतंकवादी भारत में घुस कैसे जाते हैं ? लेकिन वही मोदी जी अब जब खुद केंद्र में हैं यह नहीं बताते कि आतंकवादी कैसे भारत में घुस जाते हैं और आतंकवादी हरकत करके वापस भी चले जाते हैं। पुलवामा की घटना जहां हुई वह हाई सिक्योरिटी जोन है। वहां बिना चेकिंग के आम आदमी नहीं जा सकता। उस घटना को हुए छह साल हो चुके लेकिन आजतक यह पता नहीं चला कि वे आतंकवादी पाकिस्तान से भारत में कैसे घुसे? उतने हाई सिक्योरिटी जोन में कैसे पहुंचे? जिन जवानों को वायुयान के जरिए भेजा जाना चाहिए था, उन्हें सड़क के रास्ते क्यों भेजा गया? इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री कहां से आई? कुछ लोग शक जताते हैं कि मोदी जी की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से गिर रहा था। 2016 की नोटबंदी और 2017 में जीएसटी कानून लगाने के बाद मोदी जी से देश की जनता निराश थी और 2019 में इनके चुनाव जीतने की उम्मीद बिलकुल भी नहीं थी। चुनाव जीतने के लिए ही पुलवामा की साजिश रची गई। नतीजा यह हुआ कि चुनाव में इसका बखूबी लाभ उठाया गया और जहां बीज. ेपी और नरेंद्र मोदी के हारने की आशंका थी वहां पुलवामा के जरिए माहौल बनाकर पहले से भी ज्यादा सीटें जीती गईं। इसी तरह 2024 के चुनाव में चार सौ सीटें जीतने का दावा किया गया। लेकिन जनता ने मोदी जी को बहुमत भी नहीं दिया। सरकार बैसाखी पर आ गई। कुछ लोगों का कहना है कि तब जनता का ध्यान देश की समस्याओं से हटाने और लोकप्रियता बढ़ाने के लिए पहलगाम की घटना का उपयोग किया गया।

**सचमुच इससे पहले देश में चुनाव और आतंकवादी घटनाओं का जुड़ाव नहीं होता था। आतंकवादी घटनाएं होती थीं, खूब होती थीं लेकिन शासक वर्ग की मंशा पर संदेह नहीं होता था कि किसी लाभ के लिए शासक वर्ग खुद इस तरह की घटनाएं करा रहा है या इन घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की को. शिश कर रहा है। लेकिन जब से पुलवामा की घटना घटी है तब से लोगों के मन में यह संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे सरकार की कुछ न कुछ मंशा अवश्य है। यह सरकार अपने आप को बहुत ज्यादा ताकतवर बताती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे और गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सवाल उठाते थे कि सेना केंद्र के अधीन है। सीमाओं पर केंद्रीय बल तैनात हैं। फिर आतंकवादी भारत में घुस कैसे जाते हैं लेकिन वही मोदी जी अब जब खुद केंद्र में हैं यह नहीं बताते कि आतंकवादी कैसे भारत में घुस जाते हैं।**

ऐसे भी बहुत सारे लोग हैं जो मानते हैं कि पहलगाम की घटना भी राजनीतिक लाभ के लिए कराई गई। उस घटना के बाद मोदी जी ने पूरे देश में सिंदूर बंटवाने का अभियान छेड़ने की घोषणा की। पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मतलब ए कि उस आतंकवादी घटना का राजनीतिक लाभ लेने की पूरी कोशिश की गई। अब जब बिहार में दूसरे चरण का मतदान है और उससे ठीक एक दिन पहले जब दिल्ली में बम विस्फोट हुआ है तो बहुत सारे लोगों के मन में ए सवाल खड़ा हो गया है कि क्या पुलवामा और पहलगाम की घटना की तरह यह घटना भी राजनीतिक लाभ के लिए कराई गई है ? क्या बिहार में मतदान को प्रभावित करने या अपने पक्ष में वोटों के ध्रुवीकरण के लिए इस घटना का उपयोग किया जाएगा ? बिहार के नतीजे दो दिन बाद 14 नवंबर को आएंगे। शायद तब इस सवाल का जवाब मिल पाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण, जिम्मेदारी की नई पहल



**मौ. सुलेमान**

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण इस समय पूरे देश में चर्चा और बहस का विषय बना हुआ है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप और प्रत्यारोप लगा रहे हैं मगर भारतीय लो. कतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जागरूक जनता है और जब यही जागरूक जनता अपने मताधिकार का सही प्रयोग करती है, तब लोकतंत्र वास्तव में मजबूत होता है। लेकिन यह तभी संभव है जब मतदाता सूची न केवल व्यापक हो, बल्कि सटीक, पारदर्शी और भरोसेमंद हो। लोकतंत्र में इसी भरोसे को बनाए रखने के लिए भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अर्थात स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक भी सच्चे भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से न हटे लेकिन एक भी गलत प्रविष्टि नहीं होनी चाहिए।

मतदाता सूची का यह गहन पुनरीक्षण अभियान सिर्फ एक औपचारिक प्रशासनिक कार्य नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा में सुधार का यज्ञ है। भारतीय चुनाव आयोग का तर्क है कि प्रवासन, मृत्यु, दोहरी प्रविष्टियों, और अपूर्ण रिकॉर्ड्स के कारण जो असंगतियां वर्षों से बढ़ती गई हैं उन्हें अब व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अंतर्गत चुनाव आयोग को यह अधिकार प्राप्त है कि वह समय समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर सके ताकि हर पात्र भारतीय नागरिक का नाम सूची में बना रहे और कोई भी अपात्र प्रविष्टि लोकतंत्र की पवित्रता को क्षति न पहुंचा सके।

हाल ही में इस पहल की शुरुआत सबसे बिहार से हुई, जहां 2003 की सूची को आधार बनाकर एक व्यापक सत्यापन अभियान चलाया गया। अब यही प्रक्रिया देश के 9 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों में 4 नवम्बर से आरंभ हो चुकी है जिनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, गोवा, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप शामिल हैं। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 28 अक्टूबर 2025 को इन राज्यों की मतदाता सूचियों को फीज कर दिया गया है ताकि बिना गहन पुनरीक्षण किए कोई प्रविष्टि शामिल की जाए और न ही हटाई जाए। 4 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक गहन पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया चलेगी, जिसके उपरांत नई मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।




कई जगहों पर यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि मतदाता सूची का यह गहन पुनरीक्षण द्धैप्ट ॠ का उद्देश्य नाम हटाना या मताधिकार सीमित करना है। या यह किसी एक समुदाय विशेष के लोगों के नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। यह धारणा पूरी तरह गलत है। यह कार्रवाई किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं की जा रही है बल्कि यह सभी के लिए समान और पारदर्शी प्रक्रिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी व्यक्ति या उसके माता-पिता का नाम 2003 की सूची में दर्ज है, तो उसे किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं। जिनके नाम नहीं हैं, उन्हें भी किसी प्रकार घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें बस अपनी पहचान, जन्म या निवास के प्रमाण देने होंगे ताकि उनकी सही पहचान कर उन्हें नई मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। और जो मूल रूप से सच्चे भारतीय हैं उन्हें किसी भी प्रकार से डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रक्रिया में बूथ लेवल अधिकारी BLO घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य करेंगे आयोग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि बूथ लेवल अधिकारी अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे, ताकि किसी का नाम केवल अनुपस्थिति के कारण न हटे। और जिन नागरिकों से संपर्क न हो सके, उन्हें भी घबराने की जरूरत नहीं है उनके लिए ऑनलाइन माध्यम से विवरण अपडेट करने की सुविधा भी दी गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 25 वर्षों में सुधरी राज्य की सेहत, सुलभ हुई स्वास्थ्य सुविधाएं

## सुदूरवर्ती अस्पतालों में पहुंचे डॉक्टर, आम लोगों को मिला उपचार, 2182 पंचायतें हुई टीबी मुक्त, चार धाम यात्रियों का भी रखा ख्याल



**एस. आलम अंसारी**

उत्तराखंड का गठन जिन उद्देश्यों को लेकर हुआ था, उसके मूल में जनसुलभ एवं गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी शामिल था। विगत 25 वर्षों में राज्य सरकार ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का जाल प्रदेश के कोने-कोने तक फैला। राज्य सरकार ने सुदूरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सकों की नियुक्ति कर आम जनता को स्थानीय स्तर पर उपचार मुहैया कराया। स्वास्थ्य उपकेन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया, जिससे ग्रामीण अंचलों में भी बेहतर चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित हो सकी है।

**स्वास्थ्य सेवाओं को मिला विस्तार**

राज्य में चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता सुधारने तथा चिकित्सा इकाईयों में एकरूपता स्थापित करने के लिए आईपीएचएस मानकों को लागू किया गया। उक्त मानकानुसार वर्तमान में 13 जिला चिकित्सालय, 21 उप जिला चिकित्सालय, 80 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 525 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-ए, 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-बी, 25 अन्य चिकित्सा इकाईयां तथा 1998 मातृ शिशु कल्याण केन्द्र द्धउपकेन्द्रऋ स्थापित हैं। जहां पर आम जनमानस को सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त 6 उप जिला चिकित्सालय, 6 साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 9 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण को सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है, जिनके निर्माण एवं संचालन की कार्यवाही गतिमान है। इसके अलावा 100 शैय्यायुक्त मानसिक चिकित्सालय क्रमशः सेलाकुई देहरादून व गेठिया नैनीताल में निर्माणाधीन हैं। आईपीएचएस मानकों के अनुरूप चिकित्सा इकाईयों में एलोपैथिक चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, डीआरए/फिजियोथैरेपिस्ट एवं नेत्र सहायक संवर्गों का चिन्हिकरण किया जा चुका है। शेष संवर्गों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जबकि भारत सरकार के सहयोग से जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी, गोपेश्वर, बागेश्वर तथा उप जिला चिकित्सालय रूड़की में 200 शैय्यायुक्त जबकि उप जिला चिकित्सालय मोतीनगर, हल्द्वानी, नैनीताल में 50-50 शैय्यायुक्त क्रीटीकल केयर ब्लॉक का निर्माण गतिमान है। देश में पहली बार हेली एम्बुलेंस सेवा का संचालन एम्स ऋषिकेश के सहयोग से किया जा रहा है।

**साधन सम्पन्न बनी चिकित्सा इकाईयां**

राज्यभर की चिकित्सा इकाईयों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं ताकि मरीजों की सटीक जांच हो सके। वर्तमान में सभी जिला अस्पतालों में प्रमुख रूप से सीटी स्कैन मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन व एक्स-रे मशीन स्थापित की गई है। जबकि समस्त उप जिला चिकित्सालयों में अल्ट्रासाउण्ड मशीन व एक्स-रे मशीन उपलब्ध है। इसके अलवा जिला चिकित्सालय हरिद्वार व पौड़ी के बेस चिकित्सालय, कोटद्वार में एमआरआई मशीन स्थापित की गई है। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय देहरादून व बेस चिकित्सालय, हल्द्वानी में मैमो ग्राफी मशीन भी स्थापित है।

**दुर्गम क्षेत्रों में हुई डॉक्टरों की तैनाती**

विगत 25 वर्षों में सरकार ने चिकित्सकों की कमी को दूर कर सुदूरवर्ती चिकित्सा इकाईयों में भी चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती की। जिससे आम लोगों को स्थानीय स्तर पर उपचार सुलभ हो पाया। राज्य गठन के समय स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पीएमएचएस संवर्ग में चिकित्सा अधिकारियों के 1621 पद स्वीकृत थे, सरकार ने 1264 और पदों को स्वीकृत कर प्रदेश के चिकित्सालयों में डॉक्टरों की संख्या में इजाफा किया। वर्तमान में चिकित्सकों के कुल 2885 पद सृजित हैं। समय-समय पर सरकार ने रिक्त पदों को भर कर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया। वर्तमान में चिकित्सकों के बैकलॉग के 220 पदों को भर कर दुर्गम चिकित्सा इकाईयों में चिकित्सकों को तैनाती दी गई। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को देखते हुए चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 से 65 वर्ष कर दी गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने कड़ा रूख अपनाकर लम्बे समय से गायब 56 चिकित्सकों को बर्खास्तगी का रास्ता भी दिखाया।

**नर्सिंग अधिकारियों की बम्पर भर्ती**

राज्य सरकार ने 1399 नर्सिंग अधिकारियों की बम्पर भर्ती कर अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया। राज्य गठन के दौरान एएनएम के 1933 पद स्वीकृत थे, जिनमें 362 पदों की वृद्धि की गई। वर्तमान में एएनएम के स्वीकृत पदों की संख्या 2295 है। विगत 25 वर्षों में सरकार द्वारा एएनएम के 1918 पदों पर भर्ती की जा चुकी है। इसके अलावा चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से 34 एक्स-रे टेक्नीशियन सहित अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ की भर्ती भी की गई।

**संकटमोचक बनी 108 आपातकालीन सेवा**

सूबे के स्वास्थ्य क्षेत्र में 108 आपातकालीन सेवा ने नया मोड़ लाया। आपात स्थिति में लोगों को तत्काल एम्बुलेंस उपलब्ध होने से यह सेवा आम लोगों के लिए संकटमोचक साबित हुई। वर्ष 2008 से संचालित 108 आपातकालीन सेवा में वर्तमान में 272 एम्बुलेंस का बेड़ा है। जिसमें 217 बीएलएस, 54 एएलएस व एक बोट एम्बुलेंस शामिल है। वर्ष 2019 से अगस्त 2025 तक कुल 879105 लाभार्थियों को 108 आपातकालीन सेवा प्रदान की गई, जो कि एक रिकॉर्ड है।

**लोक निजी सहभागिता का आम लोगों को मिला लाभ**

प्रदेश में लोक निजी सहभागिता के माध्यम से आम लोगों को कई स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिसमें डायलिसिस, कार्डिक केयर, टीबी टेस्टिंग आदि शामिल है। राज्य में लोक निजी सहभागिता के तहत नेफ्रो डायलिसिस यूनिट क्रमशः जिला चिकित्सालय देहरादून, सोबन सिंह जीना बसे चिकित्सालय हल्द्वानी में स्थापित की गई है।



राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिकों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो। आने वाले समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में और ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**-डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को अस्थाई रूप से हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने, क्षेत्रीय शांति और अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर चर्चा की। अरब मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने बैठक के बाद सीरियाई राष्ट्रपति की प्रशंसा की और कहा कि मैं सीरियाई राष्ट्रपति को पसंद करता हूं और हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि सीरिया कामयाब हो, क्योंकि यह मध्य पूर्व का हिस्सा है।

### अमेरिकी सैन्य हमलों में पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में छह लोग मारे गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि रविवार को पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में कथित तौर पर मादक पदार्थ ले जा रही दो नौकाओं को निशाना बनाकर किए गए दो अमेरिकी हमलों में छह आतंकवादी मारे गए। हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर आतंकवादी संगठनों द्वारा संचालित दो नौकाओं पर दो घातक हमले किए गए। उन्होंने कहा कि दोनों हमले अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में किए गए। और प्रत्एक नौका पर मादक पदार्थों को ले जा रहे तीन आतंकवादी सवार थे। इन हमलों में सभी छह आतंकवादी मारे गए।

### हमास ने 11 साल बाद इजरायली सैनिक का शव सौंपा

**गाजा।** इजरायल को 11 साल बाद अपने सैनिक लेफ्टिनेंट हदार गोल्डिन का शव वापस मिला है। हदार गोल्डिन की उम्र उस समय 23 साल थी, जब वे 2014 में गाजा में हमास के हमले में मारे गए थे। इजरायली सेना (आईडीएफ) ने पुष्टि की कि गोल्डिन के शव की पहचान हो गई है और अब उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ दफनाया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। हमास के मिलिट्री विंग ने रविवार को घोषणा की थी कि वह सीजफायर डील के पहले चरण के तहत गोल्डिन का शव सौंप देगा।

### पाक की प्रख्यात विद्वान व साहित्यकार डा. आरिफा सैयदा ज़हरा का निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी और प्रख्यात मानवाधिकार कार्यकर्ता डा. आरिफा सैयदा ज़हरा (83) का यहां सोमवार देर शाम निधन हो गया। डा. आरिफा एक प्रख्यात शिक्षाविद्, विचारक और मानवाधिकारों की पैरोकार थीं। उन्होंने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट ख्याति हासिल की। वह उर्दू साहित्य और भाषा के अपने विशद ज्ञान के लिए जानी जाती थीं। वह 50 से अधिक वर्षों तक शिक्षण के क्षेत्र से जुड़ी रहीं।



जम्मू। नगरोटा विधानसभा उपचुनाव के दौरान वोट डालने के बाद मतदाता स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।

## पाक के खैबर पख्तूनख्वा में आईईडी विस्फोट, 16 सुरक्षाकर्मी घायल

**इस्लामाबाद।** पेशावर (पाकिस्तान) पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में कम से कम 16 जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना और फंटियर कोर के जवानों का यह काफिला डेरा इस्माइल खान जिले की लोनी चौकी से लौट रहा था तभी सोमवार देर रात लोनी गांव में आईईडी विस्फोट हुआ। इस बीच, सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे दक्षिण वजीरिस्तान जिले में कैडेट कॉलेज के मुख्य द्वार पर एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में छह लोग घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, कैडेट कॉलेज वाना पर हमला कथित तौर पर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने किया था।

# इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लॉस्ट में 12 की मौत

### 36 घायल, हमलावर ने खुद को उड़ाया



**प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का आरोपः भारत ने इस्लामाबाद में धमाके करवाए**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पास मंगलवार को दोपहर 1 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) जोरदार धमाका हुआ। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 12 लोगों की मौत हुई, जबकि 36 घायल हुए हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने मंगलवार को हुए इस्लामाबाद कोर्ट में हुए सुसाइड अटैक के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि यह हमला और अफगान सीमा के पास कैडेट कालेज पर हुआ हमला, दोनों ही इंडिया स्पांसर्ड आतंकवादी घटनाएं हैं। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि यह पुलिस लाइन्स हेडक्वार्टर तक सुनी गई, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। हादसे के तुरंत बाद रेस्क्यू टीम और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की। पीएम शहबाज ने बयान जारी कर कहा, भारतीय आतंकियों के आतंकी हमलों की मैंने कड़ी निंदा की है। मैंने घटना की तुरंत जांच करने का आदेश दिया है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। पीएम शहबाज ने आगे कहा-हम बेगुनाह पाकिस्तानियों का खून बर्बाद नहीं होने देंगे। हम आतंकवाद को मिटाने तक संघर्ष जारी रखेंगे। शहबाज ने आगे कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया भारत की इन साजिशों की निंदा करे। भारत का यह चेहरा अब पूरे दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। पाकिस्तानी जियो न्यूज के मुताबिक, यह विस्फोट एक सुसाइड अटैक था। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर का सिर घटनास्थल पर मिला है, जिससे आत्मघाती हमले की पुष्टि हुई है। वहीं, इस हमले को लेकर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि देश अब 'जंग की स्थिति' में है। उन्होंने इस हमले के लिए अफगान सरकार को जिम्मेदार ठहराया। आसिफ ने कहा कि यह हमला दिखाता है कि अब यह लड़ाई सिर्फ सीमा इलाकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरे देश में फैली हुई है। धमाके के समय कोर्ट हाउस इलाके में भारी ट्रैफिक था, जिसके कारण आसपास खड़े कई लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। अदालत परिसर को खाली करा लिया गया, वकीलों, न्यायाधीशों और अन्य नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। न्यायिक परिसर के पीछे से लोगों को बाहर जाने की अनुमति दी गई, जबकि न्यायाधीशों को भी वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। इस्लामाबाद धमाके से एक दिन पहले पाकिस्तानी आर्मी ने खैबर पख्तूनख्वा के वाना शहर में एक आर्मी कालेज पर आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया था। एजेंसी एपी के मुताबिक, 6 पाकिस्तानी तालिबान लड़ाके इस कालेज पर हमला करने पहुंचे थे।

# दुनियाभर में लाल किला विस्फोट की कड़ी निंदा

## विश्व नेताओं और विदेशी दूतों ने घातक विस्फोट पर दुख जताया, भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की



**■ इस घटना से 'स्तब्ध' हैं व विश्वास व्यक्त किया कि चल रही जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगाः डेनिस**
**■ पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं**

**नई दिल्ली।** विश्व नेताओं और विदेशी दूतों ने सोमवार शाम दिल्ली के लाल किले के पास हुए घातक विस्फोट पर दुख जताया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की है। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि वह इस घटना से 'स्तब्ध' हैं और विश्वास व्यक्त किया कि चल रही जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा।

अलीपोव ने एक्स पर लिखा कि लाल किले में हुए विस्फोट से स्तब्ध हूं। मुझे विश्वास है कि चल रही गहन जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने भी अपनी संवेदना और एकजुटता व्यक्त की और एक्स पर लिखा कि दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट से दुखी हूं। पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, और मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार ने भारत के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं भारत के लोगों और विशेष रूप से दिल्ली के बीच में हुए विस्फोट में मारे गए निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी और इज़राइल की गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। भारत में इजरायली राजदूत रूवेन अज़ार ने इस घटना को 'हृदयविदारक' बताया और बचाव दल की त्वरित प्रतिक्रिया की प्रशंसा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार यह विस्फोट सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल के पास हुआ और इसमें एक कार शामिल थी जिससे आस-पास के वाहनों को नुकसान पहुंचा। शाह ने कहा कि कई एजेंसियां सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही हैं। दिल्ली पुलिस ने यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दिल्ली के सबसे व्यस्त हेरिटेज क्षेत्रों में से एक में हुए इस विस्फोट के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और 'देशव्यापी अलर्ट' जारी कर दिया गया है क्योंकि जांचकर्ता इसके कारणों का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने में लगे हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा ने भी हमले की निंदा की। प्रेमदासा ने इसे 'आतंकवादी हमला' करार दिया और आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक एकता का आह्वान किया। दिल्ली स्थित कनाडा और अमेरिकी दूतावासों ने भी शोक संदेश जारी किए हैं। अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को लाल किले और चांदनी चौक के आसपास के इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। गौरतलब है कि दिल्ली में हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए।

## दिल्ली धमाके पर पाकिस्तानी मीडिया ने लिखाः ब्लॉस्ट ने भारत को हिला दिया

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास कार ब्लॉस्ट मामले को वर्ल्ड मीडिया प्रमुखता से कवर कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया डान ने लिखा कि दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक भीषण धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। लाल किला, जो 17वीं सदी का मुगलकालीन किला है, भारत का ऐतिहासिक स्थल है। इस इलाके में सुरक्षा हमेशा कड़ी रहती है, इसलिए इस धमाके ने पूरे देश को हिला दिया है। बीबीसी ने इस घटना को कवर करते हुए लिखा कि भारत की राजधानी दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक कार में हुए धमाके से राजधानी दहल उठी। द गार्डियन ने लिखा कि दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार को एक कार में हुए जोरदार धमाके में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। धमाके से आसपास खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं।

## सीमा पार से आतंकवाद व अवैध हथियार की तस्करी जारी

**■ भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद म बिना नाम लिए पाकिस्तान को घेरा**

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सख्त लहजे में कहा कि देश लंबे समय से सीमा पार से आने वाले आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा है। भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि अब ड्रोन के जरिए भी हथियार भारत में भेजे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने 'स्मॉल आर्म्स' पर खुले विचार-विमर्श के दौरान कहा कि यूएनएससी को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए।

हरीश ने कहा भारत ने कई दशकों तक आतंकवाद की भयावहता झेली है। छोटे हथियारों और गोला-बारूद की अवैध तस्करी और आतंकवादी संगठनों तक इसकी पहुंच बेहद चिंता का विषय है। भारत का यह बयान उस समय आया जब दिल्ली के लाल किले के पास एक कार में जोरदार धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। हरीश ने कहा कि ऐसे हमलों के पीछे सीमा पार से तस्करी कर लाए गए हथियारों का हाथ होता है। हरीश ने कहा भारत ने सीमा पार से आने वाले आतंकवाद का सामना किया है, जहां अवैध हथियारों की तस्करी अब ड्रोन के माध्यम से भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन आतंकी समूहों के पास इतने आधुनिक हथियार तभी संभव हैं जब उन्हें बाहर से वित्तीय और तकनीकी सहायता मिल रही हो। भारत ने यूएनएससी से आग्रह किया कि वह आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर और समन्वित कदम उठाए। हरीश ने कहा सुरक्षा परिषद को आतंकवाद के किसी भी रूप या उसे समर्थन देने वालों के प्रति सहिष्णुता नहीं दिखानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हथियार प्रतिबंध संघर्ष क्षेत्रों में हथियारों के प्रवाह को रोकने का एक प्रभावी तरीका है, लेकिन इसे निष्पक्ष और सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की तस्करी न केवल सुरक्षा बल्कि विकास और मानवीय पहलुओं को भी प्रभावित करती है।

# सीमा बंदी से पाक को रोज करोड़ों का नुकसान

## पाक और अफगान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप



**■ दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है। बलूचिस्तान के कारोबारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि सीमा बंदी के कारण पाकिस्तान को हर दिन करीब 200 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का नुकसान हो रहा है।

इससे सीमावर्ती इलाकों में हजारों व्यापारी और मजदूर बेरोजगारी के संकट में फंस गए हैं। चमन चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के अध्यक्ष हाजी अब्दुल नफाय जान अचकजई ने मंगलवार को कराची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सैकड़ों पाकिस्तानी व्यापारी और कामगार अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान-अफगान सीमा के सभी प्रमुख बार्डर पाइंट चमन, तोरखम और अंगूर अढा पर व्यापार पूरी तरह रुका हुआ है। इससे पाकिस्तान का मध्य एशियाई देशों से व्यापार भी प्रभावित हुआ है। अचकजई ने बताया कि दोनों देशों के बीच होने वाले अधिकांश निर्यात और आयात नाशवान वस्तुओं से संबंधित हैं। लंबे समय तक बंदी रहने से फलों, दवाओं, कपड़ों और अन्य सामान का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई व्यापारियों के पासपोर्ट पर लगी वीज़ा अवधि खत्म हो चुकी है और वे अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। सीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि सीमा बंदी से आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा प्रभाव पड़ा है और यदि स्थिति लंबी चली तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लग सकता है। उन्होंने कहा कि इस बंदी से पाकिस्तान के आयात-निर्यात को रोज़ाना करीब 850 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का अनुमानित नुकसान हो रहा है।

# मोदी और भूटान नरेश ने किया बड़ी परियोजना का उद्घाटन

**■ हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की**

**थिम्फू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान ऊर्जा, क्षमता निर्माण, कनेक्टिविटी, तकनीकी, रक्षा और सुरक्षा विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

दोनों देशों के बीच प्रतिनिधियों के स्तर की बातचीत के बाद पीएम मोदी और भूटान के राजा ने संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट पुनात्सांगछू- आईआई जल-विद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। पुनातसंगचू-आईआई जलविद्युत परियोजना का निर्माण भारत और भूटान ने संयुक्त रूप से किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने भारत-भूटान के संबंधों के हर पहलू पर चर्चा की। हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। भारत को भूटान की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार होने पर गर्व है। विदेश मंत्रालय ने इस परियोजना के उद्घाटन पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी. विदेश मंत्रालय ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट की पुनात्सांगछू-आईआई जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। यह जलविद्युत परियोजना, जो भूटान की बिजली उत्पादन क्षमता को 40 प्रतिशत तक बढ़ाएगी, दोनों देशों को बिजली की आपूर्ति करेगी। परियोजना के पूरा होने के साथ गतिशील और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-भूटान ऊर्जा साझेदारी में एक और मील का पत्थर हासिल हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर भूटान पहुंचे। भारत और भूटान के बीच रिश्ते काफी मजबूत होते जा रहे हैं।

## भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना

थिम्फू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे हैं। भूटान की राजधानी थिम्फू के एयरपोर्ट पर पीएम मोदी भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भूटान सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी 11-12 नवम्बर को भूटान दौरे पर रहेंगे। इस दौरे से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री मोदी भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में भी शामिल होंगे। भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना की। पीएम मोदी ने भूटान में दिल्ली विस्फोट पर दुख व्यक्त किया।

# ट्रम्प की बीबीसी पर 8400 करोड़ के मुकदमे की धमकी

## मानहानी का आरोप, वकील बोलेः चैनल ने बयान तोड़ा-मरोड़, इससे ट्रम्प की इमेज खराब हुई



**■ ट्रम्प की कानूनी टीम का कहना है कि इसे जानबूझकर इस तरह एडिट किया गया था जिससे ट्रम्प की इमेज को नुकसान पहुंचा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिटेन के प्रमुख मीडिया संगठन बीबीसी पर 1 अरब डालर (करीब 8400 करोड़) का मुकदमा करने की धमकी दी है। ट्रम्प के वकीलों ने बीबीसी को कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें कहा गया है कि अगर संस्था ने अपने 'पैनोरमा डाक्यूमेंट्री' पर माफी नहीं मांगी, तो उस पर मुकदमा किया जाएगा।

वकीलों ने न सिर्फ माफी की मांग की है, बल्कि आर्थिक मुआवजे की भी बात कही है। दरअसल, अक्टूबर 2024 में रिलीज बीबीसी की इस डाक्यूमेंट्री में 6 जनवरी 2021 की ट्रम्प की दो अलग-अलग स्पीच के हिस्सों को जोड़कर एक साथ दिखाया गया, जिससे ऐसा लगा कि उन्होंने यह सब एक ही बार में कहा था। ट्रम्प की कानूनी टीम का कहना है कि इसे जानबूझकर इस तरह एडिट किया गया था, जिससे ट्रम्प की इमेज को नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि यह केस फ्लोरिडा में दाखिल किया जाएगा, जहां कानून के मुताबिक पीड़ित इंसान दो साल के भीतर मुकदमा दर्ज कर सकता है। इस विवाद के बाद बीबीसी के डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और न्यूज सीईओ डेबोरा टर्नेस ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। बीबीसी के चेयरमैन समीर शाह ने इस गलत फैसले के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संगठन ने सुधार के लिए कदम उठाए हैं। 6 जनवरी 2021 को जब अमेरिकी कांग्रेस जो बाइडेन की जीत की पुष्टि करने वाली थी उसके पहले ट्रम्प ने अपने समर्थकों से कहा था कि हम शांति से और देशभक्ति के साथ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इसके बाद अगले बयान में उन्होंने यह भी कहा था अगर तुम जमकर लड़ाई नहीं करोगे तो तुम्हारा देश नहीं बचेगा। बीबीसी की डाक्यूमेंट्री ने ट्रम्प के बयान के इन दोनों अलग-अलग हिस्सों को ऐसे जोड़ा, जैसे ये एक ही लाइन में बोले गए हों। इससे ऐसा लगा कि ट्रम्प सीधे तौर पर अपने समर्थकों को हिंसा के लिए उकसा रहे थे। इस 'कट-एंड-जाइन एडिटिंग' से यह धारणा बनी कि ट्रम्प ने जानबूझकर कैपिटल हिल हमले को उकसाया, जबकि असली स्पीच में उन्होंने शांति से विरोध की बात भी कही थी।

# फलस्तीनी राजदूत ने की भारत को यूएनएससी में शामिल करने की मांग

**■ अब्दुल्ला अबू शावेश बोलेः हमारी सुरक्षा के लिए यह जरूरी भारतीय नेताओं ने फलस्तीन की हिमायत की है**

**नई दिल्ली।** फलस्तीन के राजदूत को उम्मीद है कि स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र के गठन और खाड़ी क्षेत्र में स्थाई शांति में भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। फलस्तीनी राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश के मुताबिक भारत हमारा बड़ा भाई है और 1930 में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक हर भारतीय नेताओं ने फलस्तीन की हिमायत की है।

शावेश ने यह बातें अमर उजाला से विशेष बातचीत में कहीं। शावेश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका इजरायल के पक्ष में वीटो करता है इसलिए भारत का वहां होना जरूरी है और अगर भारत सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बन जाए तो सौ फीसदी फैसला फलस्तीन के पक्ष में होगा, ऐसा हमें विश्वास है। उन्होंने कहा कि शर्मलशेख में हुए शांति प्रस्तावों के बाद भी अभी गाजा में हालात जस के तस बने हुए हैं। हम पर ये प्रस्ताव थोपे गए हैं लेकिन हम निराश नहीं हैं और हम राख के ढेर से भी उठ खड़े होंगे। अब्दुल्ला अबू शावेश ने कहा कि हालांकि गाजा में जंग नहीं चल रही है बल्कि इजरायल न हमला किया है। यह एकतरफा कार्रवाई है जो दो साल से जारी है। इसमें 67 हजार से ज्यादा निर्दोष फलस्तीनियों की मौत हुई है, जिसमें बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और मरीज तक शामिल हैं। शावेश के मुताबिक अभी भी गाजा में सात हजार टन विस्फोटक पड़ा हुआ है जो वहां के जनजीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बच्चे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। स्कूल अस्पताल नष्ट हो चुके हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108